सुप्रभात
रांची, शुक्रवार
01.09.2023
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

SURJABASHA

khabarmantra.net भाद्रपद, कृष्ण पक्ष, द्वितीया संवत 2080 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 52

12 चंदामामा के आंगन में अठखेलियां कर रहा प्रज्ञान


रक्षाबंधन के शुभ अवसर पर गुरुवार को बड़ी बहन अंजनी सोरेन ने भाई हेमंत सोरेन की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधा तथा उनके दीर्घायु होने की कामना की।

# प्रत्याशी रिजवी, नूरानी व अन्य पर केस दर्ज

## डुमरी उपचुनाव : ओवैसी की सभा में लगे थे पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे

**गिरिडीह (हिस)।** डुमरी विधानसभा उपचुनाव को लेकर ऑल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुसिलमिन (एआईएमआईएम) द्वारा आयोजित सभा में एआईएमआईएम अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी के भाषण के दौरान दर्शक दीर्घा से पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे लगने की बात सामने आने पर जिला प्रशासन ने कार्रवाई की है। इस मामले को लेकर जिले के गिरिडीह डीसी नमन प्रियेश लकड़ा और एसपी दीपक कुमार शर्मा ने निर्देश पर वीडियो अवलोकन दल ने भाषण के दौरान रिकॉर्ड वीडियो का अवलोकन पाया था कि भाषण के दौरान दर्शक दीर्घा से पाकिस्तान जिंदाबाद का नारा लगाया गया था। इस संदर्भ में संबंधित उड़नदस्ता दल, डुमरी के द्वारा डुमरी थाना में ओवैसी की पार्टी प्रत्याशी अब्दुल मोबिन रिजवी, मुजफ्फर हसन नूरानी एवं अन्य अज्ञात व्यक्तियों के विरुद्ध भारतीय दंड संहिता एवं लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम के सुसंगत धाराओं के अंतर्गत प्राथमिकी दर्ज की गयी है। इस मामले में



प्रशासन प्रेस रिलीज जारी कर बताया कि वीडियो के अवलोकन में यह पाया गया कि यह कृत्य आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन है। यह सांप्रदायिक सदभावना को बिगाड़ने का प्रयास है। डुमरी के थाना प्रभारी पवन कुमार सिंह ने पुष्टि की है। उल्लेखनीय है कि बुधवार को डुमरी के केबी हाई स्कूल मैदान में असदुद्दीन ओवैसी ने जनसभा को संबोधित किया था। इसी दौरान लोगों के बीच से किसी ने पाकिस्तान जिंदाबाद का नारा लगाया। हालांकि असदुद्दीन ने उसे फटकार लगायी थी। (शेष पेज 11 पर)

### उप चुनाव से पहले भारी मात्रा में विस्फोटक बरामद

गिरिडीह जिले की डुमरी विधानसभा क्षेत्र उप चुनाव से पहले सुरक्षाबलों ने नक्सलियों की साजिश को नाकाम कर दिया है। झारखंड पुलिस और सीआरपीएफ के जवानों ने संयुक्त रूप से सर्च अभियान चलाकर गुरुवार सुबह खुखरा थाना के पर्वतपुर के पास से भारी मात्रा में विस्फोटक पदार्थ बरामद किया है। बताया जाता है कि डुमरी उप चुनाव को लेकर नक्सलियों ने पर्वतपुर इलाके में विस्फोटक पदार्थ छिपा कर रखा था, जिससे अर्धसैनिक बलों और पुलिस बल



को चुनाव में नुकसान पहुंचाया जा सके। पुलिस ने भारी मात्रा में हाई एक्सप्लोसिव, कई कार्टून कोडेक्स वायर, जिलेटिन, डेटोनेटर के साथ कई विस्फोटक सामग्रियों को जब्त किया है। फिलहाल इलाके में सर्च अभियान जारी है और भारी संख्या में पुलिस बलों के जवानों को तैनात किया गया है। (शेष पेज 11 पर)

## न्यूज डायरी

### बड़ी बहन ने हेमंत को बांधा रक्षा सूत्र, दीर्घायु की कामना

**रांची।** रक्षाबंधन पर गुरुवार को बड़ी बहन अंजनी सोरेन ने सीएम हेमंत सोरेन की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधा तथा उनके दीर्घायु होने की कामना की। सीएम की चचेरी बहनों आशा, संचला और रेखा सोरेन ने भी कलाई पर राखी बांधी तथा उनके स्वस्थ एवं लम्बी उम्र की कामना की। सीएम ने बहनों को सहृदय आशीर्वाद एवं शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर राज्यसभा सदस्य दिशोम गुरु शिबू सोरेन एवं माता रूपी सोरेन सहित अन्य परिजन उपस्थित थे। सीएम ने राज्यवासियों को श्रावण पूर्णिमा और रक्षाबंधन की हार्दिक बधाई दीं।

### जया वर्मा रेलवे बोर्ड की पहली महिला चेयरपर्सन

**नयी दिल्ली।** जया वर्मा सिन्हा रेलवे बोर्ड की चेयरपर्सन गयी हैं। ये जिम्मेदारी संभालने वाली वे पहली महिला होंगी। वे अनिल कुमार लाहोटी की जगह लेंगी और 1 सितंबर 2023 को पदभार ग्रहण करेंगी। फिलहाल वे रेलवे बोर्ड में ऑपरेशन और बिजनेस डेवलपमेंट की सदस्य हैं।

### जी20 शिखर सम्मेलन में नहीं आयेंगे शी जिनपिंग

**नयी दिल्ली।** जानकारी के मुताबिक, चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के अगले सप्ताह भारत की मेजबानी में होने वाले जी20 शिखर सम्मेलन में शामिल नहीं होने की आशंका है। रिपोर्ट के मुताबिक, प्रधानमंत्री ली कियांग के बीजिंग के प्रतिनिधि के रूप में 9-10 सितंबर को नई दिल्ली बैठक में भाग लेंगे। हालांकि, भारत की ओर से अभी तक इस पर कोई स्पष्टीकरण नहीं आया है।

### अलग-अलग सड़क हादसे में तीन की मौत

**रामगढ़।** गुरुवार को अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में तीन लोगों की मौत हो गयी और वहीं दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। चुट्टूपालू घाटी में एक गुड़ लदा ट्रक सड़क के किनारे 30 फुट ऊपर टीले पर चढ़ पेड़ से टकरा गया। इस हादसे में ट्रक ड्राइवर और खलासी की दर्दनाक मौत हो गयी। एक अन्य हादसा छतरमांडू कोर्ट मोड़ के पास हुआ, जहां टेंपो पलटने से एक किसान की मौत हो गयी।

### गुमला में जेजेएमपी का नक्सली गिरफ्तार

**गुमला।** नक्सलियों के खिलाफ अभियान में कुरूमगढ़ पुलिस ने जेजेएमपी संगठन के नक्सली बहुरा मुंडा, गांव कुटवां, थाना कुरुमगढ़ को छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले के भागलपुर कॉलोनी से गिरफ्तार किया है। उसकी निशानदेही पर कुरुमगढ़ थाना क्षेत्र के सकसरी गांव के महुआ टोंगरी पहाड़ में छुपा कर रखा गया एक देसी कट्टा और 315 बोर की दो कारतूस भी बरामद किया गया।

### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 56,300 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 79,000 रु./प्रति किलो |

## ट्रिपल मर्डर से ओरमांझी में सनसनी

# मामूली विवाद में पति व दोनों पत्नियों की हत्या

### तीनों को कुदाल से काट दिया, चार गिरफ्तार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**ओरमांझी।** एक मामूली विवाद में एक ही परिवार के तीन लोगों की हत्या से इलाके में सनसनी फैल गयी। यह हादसा ओरमांझी थाना क्षेत्र के देवेनजरा गुंजा में हुआ। ग्रामीण एसपी हारिश बिन जमा ने बताया कि गोतिया का विवाद हुआ था। सुअर के फसल खाने और बर्बाद करने की वजह गांव के दो गोतिया के बीच लगभग दस दिनों पहले विवाद हुआ था। इसी मामूली विवाद ने खूनी रूप ले लिया। एक पक्ष ने पति झामेश्वर बेदिया (42), उसकी पत्नी सरिता देवी (39) और दूसरी पत्नी संजू देवी (25) की



कुदाल से मार कर हत्या कर दी। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की जांच पड़ताल कर रही है। इस मामले में पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। हत्या के आरोप में करीब 20 लोगों पर मामला दर्ज किया गया है। गुरुवार को सुबह दस बजे के करीब हुई हत्या के संबंध में मृतक के पुत्र व स्वजनों ने मामले की जानकारी दी। उन्होंने करा कि गोतिया के ही करीब 20 लोग पहुंचे और झामेश्वर बेदिया की पिटाई करने लगे। उनकी दोनों पत्नी बीच बचाव करने गयी तो तो उनकी भी पिटाई कर दी। हमलावरों ने घर में रखे कुदाल, दबली से तीनों पर हमला कर दिया गया। इससे मौके पर ही तीनों की मौत हो गयी। घटना की सूचना क्षेत्र में आग की तरह फैल गयी। बड़ी संख्या में आसपास क्षेत्र के लोग जुट गये। सूचना मिलते ही सिटी एसपी फखर जमा, ग्रामीण डीएसपी खिस्टोफर केरकेट्टा व थाना प्रभारी राजीव कुमार सिंह भी पुलिस दल-बल के साथ पहुंचे। परिजनों से घटना की जानकारी ली। वहीं घटना स्थल का निरीक्षण किया। ओरमांझी थाना पुलिस द्वारा तीनों शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया गया। इधर रांची में डीआइजी अनूप बिरथरे ने बताया कि छोटे से विवाद की वजह से तीन लोगों की हत्या कर दी गयी। तीनों को इतनी बेरहमी से मारा गया था कि उनके कई अंग कट गये थे। उन्होंने कहा कि हत्याकांड में शामिल किसी को बख्शा नहीं जायेगा।

# संसद का विशेष सत्र 18 से 22 तक

- विपक्ष ने पूछा, इतनी जल्दी क्यों
- एक देश एक चुनाव का बिल भी संभव



**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** केंद्र की मोदी सरकार ने एक बार फिर अपने फैसले से सभी को चौंका दिया। संसद का मॉनसून सत्र कुछ ही दिन पहले समाप्त हुआ है और इसके कुछ ही दिनों बाद गुरुवार को अचानक ही विशेष सत्र 18 से 22 सितंबर को बुलाने की घोषणा कर दी। संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी की ओर इस फैसले की जानकारी दी गयी। उन्होंने कहा कि अमृत काल महोत्सव के बीच 'संसद का विशेष सत्र' में पांच बैठकें होंगी। इस विशेष सत्र के एजेंडे के बारे में आधिकारिक तौर पर कुछ भी नहीं कहा गया है। हालांकि चर्चा है कि सत्र में सरकार कुछ महत्वपूर्ण बिल पेश कर सकती है। ऐसी चर्चा भी शुरू हो गयी है कि एक देश एक चुनाव जैसा महत्वपूर्ण बिल सरकार इस विशेष सत्र में ला सकती है। पीएम मोदी लंबे समय से इसकी वकालत करते रहे हैं। वहीं विपक्ष ने इसकी टायमिंग पर सवाल उठाया है। संसदीय कार्य मंत्री ने कहा कि इस विशेष सत्र के दौरान संसद में सार्थक चर्चा को लेकर आशान्वित हैं। इससे पहले मणिपुर हिंसा के मुद्दे को लेकर विपक्षी गठबंधन इंडिया ने केंद्र सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव भी पेश किया था। इस मामले पर चर्चा के समय सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों ने ही एक-दूसरे पर जमकर हमला बोला और विपक्ष ने पीएम के भाषण के दौरान बहिष्कार किया था।

विशेष सत्र बुलाने के फैसले पर कांग्रेस ने कहा कि अडाणी समूह के खिलाफ नये खुलासे होने और विपक्ष की बैठक के चलते समाचारों का प्रबंधन करने की कवायद के तहत विशेष सत्र की घोषणा गयी है। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने यह भी कहा कि इस विशेष सत्र के दौरान भी अडाणी समूह के मामले में संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) की जांच की मांग सदन के भीतर और बाहर जारी रहेगी।

### शुभ मुहूर्त में नये संसद भवन में विशेष सत्र

माना जा रहा है कि संसद का यह विशेष सत्र जो पांच दिनों तक चलने वाला है वह नयी बिल्डिंग में हो। इसकी जानकारी भी सामने आ रही है हालांकि आधिकारिक तौर इसकी कोई जानकारी सामने नहीं आये है। चर्चा है कि नयी संसद का उद्घाटन तो शुभ मुहूर्त पर कर दिया गया लेकिन पहले सत्र के लिए कोई शुभ मुहूर्त नहीं था। अब शुभ मुहूर्त में नए संसद भवन में विशेष सत्र का आयोजन होगा।

## अब शहरों में घर का सपना होगा पूरा होम लोन ब्याज में राहत देगी सरकार

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय आवास एवं शहरी मामलों के मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा है कि शहरों में अपना घर खरीदने का सपना देख रहे लोगों को गृह ऋण पर ब्याज में राहत देगी। इसके लिए अगले महीने सितंबर में ही केंद्र सरकार एक योजना ला रही है। पुरी ने गुरुवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा कि अभी इस योजना के तौर-तरीकों पर काम किया जा रहा है। केंद्रीय आवास एवं शहरी मामलों के मंत्रालय के सचिव मनोज जोशी ने कहा कि शहरों में घर खरीदने का सपना देख रहे लोगों को कर्ज पर ब्याज में राहत देने की योजना पेश की जायेगी। केंद्रीय आवास एवं शहरी मामलों के मंत्री ने कहा कि पीएम मोदी ने स्वतंत्रता दिवस पर



अपने भाषण में शहरों में रह रहे ऐसे मध्यमवर्गीय परिवारों के लिए योजना की घोषणा की थी, जिनके पास अपना घर नहीं है। लाल किले से अपने संबोधन में उन्होंने कहा था कि मध्यमवर्गीय परिवारों का शहरों में अपने घर का सपना होता है। हम जल्द ही इसके लिए योजना लायेंगे। हमने किराये के घरों, अनधिकृत बस्तियों और झोपड़पट्टियों में रहने वाले परिवारों को अपना घर बनाने के लिए बैंक कर्ज पर ब्याज में राहत देने का निर्णय लिया है।

## पाकुड़ में महिला की गला रेत कर हत्या

**पाकुड़।** महेशपुर थाना क्षेत्र में एक महिला की निर्मम हत्या उसके पति ने ही कर दी गयी। पारिवारिक विवाद में पति ने उसकी गला रेत दी। हत्या का आरोपी पति फरार हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को जब्त कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। जानकारी के मुताबिक राजीम हेंब्रम और उसकी पत्नी लखी सोरेन के बीच कुछ दिनों से विवाद चल रहा था। लखी सोरेन अपने मायके चली गयी। बाद में गांव में पंचायती हुई और समझा बुझाकर राजिम अपनी पत्नी लखी को घर लेकर आ गया, लेकिन फिर दोनों के बीच विवाद शुरू हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि राजिम ने लखी की धारदार हथियार से गला रेतकर कर हत्या कर दी।

## रात्रिभोज पर अनौपचारिक बैठक में विपक्षी गठबंधन इंडिया ने कहा

# मिल कर भाजपा को हरायेंगे लोकतंत्र व संविधान बचायेंगे

### आज फिर बैठक में होगी सभी मसलों पर चर्चा

**एजेंसी**

**मुंबई।** विपक्षी गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस (इंडिया) के कई घटक दलों के नेताओं ने गुरुवार को कहा कि वे संविधान और लोकतंत्र की रक्षा के लिए एकजुट हुए हैं। अगले लोकसभा चुनाव में मिलकर भारतीय जनता पार्टी को शिकस्त देंगे। कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी, अध्यक्ष मल्लिकार्जुन, खड़गे, राहुल गांधी, नीतीश कुमार, ममता बनर्जी, लालू यादव शरद पवार समेत करीब 28 दलों के नेता यहां के एक पंचसितारा होटल में एकत्र हुए हैं।



सभी नेताओं ने गुरुवार की देर शाम रात्रिभोज पर अनौपचारिक बैठक की। फिर शुक्रवार को औपचारिक रूप से चर्चा करेंगे। घटक दलों के नेताओं ने कहा कि अगले लोकसभा चुनाव में मिलकर भाजपा को शिकस्त देंगे।

**मोदी घबरा गये हैं :** सीपीआईएम के नेता सीताराम येचुरी ने कहा कि इंडिया को लेकर जनता की जो प्रतिक्रिया आयी है उससे पीएम मोदी और भाजपा पूरी तरह घबरा गये हैं। उन्होंने कहा कि संविधान को बचाना और संविधान में निहित अधिकारों की रक्षा के लिए लड़ाई लड़नी होगी। (शेष पेज 11 पर)

### सीएम हेमंत सोरेन भी बैठक में शामिल

झारखंड के सीएम और झामुमो के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन इंडिया की बैठक में शामिल होने के लिए गुरुवार की शाम मुंबई पहुंचे और रात्रि भोज में शामिल हुए। उनके साथ उनकी पत्नी कल्पना सोरेन भी हैं। बैठक में विपक्ष के कई दिग्गज शामिल हैं।

## अडाणी समूह पर ओसीसीआरपी के लगाये गये आरोपों को ले राहुल ने मोदी पर साधा निशाना, कहा

# अडाणी मामले की जेपीसी जांच करायें पीएम

### क्या बोले राहुल गांधी

- अडाणी से पूछताछ क्यों नहीं कर रही जांच एजेंसियां
- एक अरब डॉलर बाहर जा रहा पैसा किसका

**एजेंसी**

**मुंबई।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने ऑर्गेनाइजड क्राइम एंड करप्शन रिपोर्टिंग प्रोजेक्ट (ओसीसीआरपी) द्वारा अडाणी समूह के खिलाफ लगाये गये आरोपों को लेकर गुरुवार को पीएम मोदी पर निशाना




साधा। साथ ही कहा कि इस मामले में संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) का गठन कर गहन जांच की जानी चाहिए। जी-20 की बैठक से पहले यह मामला सामने आया है और यह देश की प्रतिष्ठा से जुड़ा हुआ विषय है। जो पैसा देश से बाहर गया, इसका मास्टरमाइंड कौन है। इस मामले में जेपीसी जांच की जरूरत है। विपक्षी गठबंधन की बैठक से पहले राहुल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। साथ ही दो विदेशी न्यूज पेपर्स के हवाले से कहा कि देश का पैसा करीब एक अरब डॉलर बाहर भेजा गया है।

**सरकार बताये, किसका पैसा है :** राहुल गांधी ने कहा कि स्पष्ट होना चाहिए कि देश से बाहर भेजा गया एक अरब डॉलर' किसका पैसा है? उन्होंने यह सवाल भी किया कि केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) और प्रवर्तन निदेशालय (इडी) जैसी एजेंसियां गौतम अडाणी से पूछताछ क्यों नहीं कर रही हैं? भारत जैसे देश के लिए बहुत जरूरी है कि हमारे आर्थिक माहौल में पारदर्शिता और व्यापार में समान अवसर हों। उन्होंने कहा कि पीएम को खुद को पाक-साफ साबित करना चाहिए। जेपीसी गठित होनी चाहिए।

**आरोपों की जांच क्यों नहीं हो रही :** कांग्रेस नेता ने सवाल किया कि आखिर पीएम मोदी अडाणी समूह के खिलाफ लगे आरोपों की जांच क्यों नहीं होने दे रहे हैं? उन्होंने दावा किया कि सेबी की जांच में अडाणी समूह को क्लीनचिट दे दी गयी और ऐसा करने वाले व्यक्ति फिर अडाणी समूह के ही कर्मचारी बन गये। गौरतलब है कि ओसीसीआरपी ने अडाणी समूह पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि उसके प्रवर्तक परिवार के साझेदारों से जुड़ी विदेशी इकाइयों के जरिये अडाणी समूह के शेयरों में करोड़ों डॉलर का निवेश किया गया। (शेष पेज 11 पर)

## नाबालिग खिलाड़ी से दुष्कर्म का आरोपी कोच गिरफ्तार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**धनबाद।** किक बॉक्सिंग की नाबालिग नेशनल प्लेयर को धमकाकर रेप करने के आरोप में कोच विपुल मिश्रा को गिरफ्तार कर लिया है। हैरानी की बात यह कि पीड़िता प्लेयर हर साल अपने कोच को राखी बांधती थी। नाबालिग के पिता की शिकायत पर पॉक्सो एक्ट के तहत 27 अगस्त को एफआइआर दर्ज करायी गयी थी। पीड़िता की उम्र 17 वर्ष है। उसने नेशनल लेवल की प्रतियोगिताओं में झारखंड को कई बार रिप्रजेंट किया है और मेडल्स भी जीते हैं। कोच विपुल कुमार मिश्रा उसके घर पर ट्रेनिंग देने आता था। विपुल धनबाद के चिरकुंडा का रहने वाला है। वह राज्य किक बॉक्सिंग एसोसिएशन का सेक्रेटरी भी है। एफआईआर में पीड़िता के पिता ने कहा है कि बीते साल सितंबर में दार्जिलिंग में उसकी बेटी इंटरनेशनल ट्रेनिंग कैंप में गयी थी, टीम के कोच के तौर पर विपुल भी गया था। दस दिनों के कैंप में उसने गेम से बाहर करने की धमकी देकर कई बार रेप किया। यह भी धमकी दी कि अगर वह सेक्सुअल रिलेशन बनाने से इनकार करेगी तो उसकी फोटो और वीडियो वायरल कर देगा। इतना ही नहीं, उसने यह भी धमकाया कि घर में किसी को यह बात बताने पर उसके पिता की हत्या कर दी जायेगी।

## नाबालिग से दुष्कर्म के दोषी को बीस साल कैद की सजा

**रांची।** पोक्सो मामले के विशेष न्यायाधीश आसिफ इकबाल की अदालत ने नाबालिग से दुष्कर्म मामले में दोषी तमाड़ निवासी इंद्र देव लोहरा को 20 साल कैद की सजा सुनाई है। साथ ही, अभियुक्त पर 10 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया है। जुर्माने की राशि नहीं देने पर उसे अतिरिक्त छह महीने जेल काटनी होगी। अदालत ने उक्त आरोप में 24 अगस्त को अभियुक्त को दोषी ठहराया था। अभियुक्त पर शादीशुदा होने के बावजूद शादी का झांसा देकर नाबालिग से शारीरिक संबंध बनाने एवं बाद में शादी से मुकरने का आरोप है। अभियुक्त ने पीड़िता को तमांड से रांची होते बेंगलुरू ले गया। जहां 12 दिनों तक उसके साथ रहा और जबरदस्ती करता रहा। घटना को लेकर 14 नवंबर 2021 को तमाड़ थाना में अभियुक्त के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। स्थानीय पुलिस ने अभियुक्त को छह दिसंबर 2021 को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।

# संविदा पर नियुक्त कर्मियों के मामले में सुनवाई 4 सितंबर को

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** संविदा पर नियुक्त कर्मियों और दैनिक कर्मियों की ओर से दायर 84 अलग-अलग याचिकाओं की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में गुरुवार को हुई। मामले में प्रार्थी एवं राज्य सरकार की ओर से बहस की गई। अब 4 सितंबर को महाधिवक्ता राजीव रंजन प्रार्थियों की बहस पर राज्य सरकार का पक्ष रखेंगे। मामले की सुनवाई हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति डॉ एसएन पाठक की कोर्ट में हुई। याचिकाकताओं में संविदा कर्मी एवं दैनिक कर्मी शामिल है। इनकी ओर से कोर्ट को बताया गया कि वह 10 वर्षों से अधिक समय से संविदा पर या दैनिक कर्मी के रूप में काम करते आ रहे हैं। उनकी ओर से सुप्रीम कोर्ट के कई जजमेंट सहित राज्य सरकार की नियमावली का जिक्र करते हुए कहा गया कि उनकी नियुक्ति नियमित की जानी चाहिए। याचिकाकताओं की ओर से अधिवक्ता राधा कृष्ण गुप्ता, अधिवक्ता पिंकी साव, अधिवक्ता सौरभ अरुण, अधिवक्ता अमृतांश वत्स आदि ने पैरवी की।

### अभय मिश्रा की याचिका मंजूर, हाईकोर्ट ने कहा- विवेकानंद स्कूल में दो महीने में हो चुनाव

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने सेवानिवृत न्यायाधीश एनएन तिवारी को विवेकानंद विद्या मंदिर में दो महीने में चुनाव की प्रक्रिया शुरू करने का निर्देश दिया है। सुनवाई के दौरान अदालत ने कहा है कि चुनाव के बाद जब तक नयी कमिटी का गठन नहीं हो जाता, तब तक सेवानिवृत न्यायाधीश एनएन तिवारी स्कूल प्रशासक की भूमिका में रहेंगे। इस संबंध में निवर्तमान सचिव और झारखंड हाईकोर्ट के अधिवक्ता अभय मिश्रा ने याचिका दाखिल की थी। अपनी याचिका में उन्होंने यह मांग की थी कि सुकृत भप्ताचार्य ने झूठा शपथपत्र देकर स्कूल कमिटी में संशोधन अपने नाम पर करवा लिया था, जो पूरी तरह से गलत है। अदालत ने अभय मिश्रा की याचिका को स्वीकार कर लिया है।

**आरडी भप्ताचार्य की अर्जी भी स्वीकार**

इस मामले की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस राजेश शंकर के कोर्ट में हुई। अभय मिश्रा की ओर से हाईकोर्ट के वरीय अधिवक्ता अजित कुमार ने पक्ष रखा। स्कूल के पूर्व अध्यक्ष आरडी भप्ताचार्य ने भी याचिका दाखिल कर कहा था कि सुकृत भप्ताचार्य ने गलत शपथपत्र देकर स्कूल का प्रभार लिया था।

# डेढ़ साल बाद आज से होगी स्मार्ट सिटी के प्लॉटों की ई-ऑक्शन प्रक्रिया

## चौथे चरण में एडीबी एरिया के 36 प्लॉटों की नीलामी के लिए लगेगी बोली

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** डेढ़ साल के लंबे इंतजार के बाद शुक्रवार से रांची स्मार्ट सिटी के प्लॉटों के लिए ई-ऑक्शन की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। चौथे चरण में स्मार्ट सिटी के 36 प्लॉटों की नीलामी की जा रही है। शुक्रवार को स्मार्ट सिटी की वेबसाइट पर इससे संबंधित स्कीम ब्रोशर, प्लॉट के डिटेल और उनकी कीमतों का प्रकाशन कर दिया जाएगा। शनिवार से रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया शुरू होगी। निवेशकों को जिस प्लॉट में रुचि होगी, वे उसकी नीलामी में हिस्सा लेने के लिए इस पोर्टल में रजिस्ट्रेशन कर सकेंगे। ई-एक्शन में लोग 99 वर्षों के लिए जमीन लीज पर ले पाएंगे। इन प्लॉट्स का इंस्टीट्यूशन, कमर्शियल, पब्लिक और सेमी पब्लिक के अलावा मिक्स यूज के लिए उपयोग किया जा सकेगा।



**कौन-कौन से प्लॉट और कितनी होगी कीमत**

- चौथे चरण में कुल 14 व्यावसायिक प्लॉट का ऑक्शन होना है।
- व्यावसायिक यूज वाले प्लॉट की प्रति एकड़ 13.24 करोड़ रुपये कीमत रखी गई है।
- मिक्स यूज के 12 प्लॉट नीलामी के लिए उपलब्ध हैं।
- मिक्स यूज के प्लॉटों की प्रति एकड़ रिजर्व प्राइस 10.14 करोड़ रुपये रखी गई है।
- शैक्षणिक और संस्थागत क्षेत्र के 8 प्लॉट हैं।
- इसके लिए रिजर्व प्राइस 2.07 करोड़ रुपये प्रति एकड़ निर्धारित किया गया है।
- पब्लिक और सेमी पब्लिक श्रेणी में दो प्लॉटों की नीलामी होगी।
- इसके लिए रिजर्व प्राइस 4.55 करोड़ रुपये प्रति एकड़ रखी गई है।

**3 अक्टूबर तक होगा रजिस्ट्रेशन**

शनिवार से रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया शुरू होकर 3 अक्टूबर तक चलेगी। 3 अक्टूबर की शाम 5 बजे तक निवेशक रजिस्ट्रेशन कर सकेंगे। इसके बाद 15 सितंबर को प्री-बीड मीटिंग होगी। 20 सितंबर से 7 अक्टूबर को शाम 5 बजे तक बीड डॉक्यूमेंट और इएमडी जमा होगा। यह प्रक्रिया पूरी होने के बाद सभी प्लॉट्स के लिए बीडर्स शॉर्टलिस्टेड किये जाएंगे और ऑक्शन की तारीख की घोषणा की जाएगी।

# राजग प्रत्याशी के पक्ष में बाबूलाल मरांडी ने मांगा वोट

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची/डुमरी।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने गुरूवार को डुमरी के तेलो मंडल में यशोदा देवी के पक्ष में वोट मांगा। इस दौरान विधायक बिरंची नारायण, लंबोदर महतो, पूर्व सांसद रविंद्र पांडेय सहित बड़ी संख्या में नेता कार्यकर्ता शामिल थे। मरांडी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गरीबों की चिंता करते हैं और हेमंत सोरेन दलालों बिचौलियों की चिंता करते हैं। डुमरी उपचुनाव में एनडीए गठबंधन ने अपने प्रत्याशी यशोदा देवी के चुनाव प्रचार में पूरी ताकत झोंक दी है। उन्होंने भाजपा सरकार की उपलब्धियों और हेमंत सरकार की विफलताओं को उजागर करते हुये एनडीए प्रत्याशी यशोदा देवी को केला छाप पर बटन दबाकर भारी मतों से जीताने की अपील की।

उन्होंने कहा झारखंड राज्य भाजपा और एनडीए की देन है। अटल बिहारी वाजपेई की सरकार में भगवान बिरसा की जयंती पर राज्य की स्थापना हुई। भाजपा की सरकारें जब जब बनी, राज्य के विकास को गति दी। उन्होंने कहा कि अटल जी की सरकार ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से गांव गांव को विकास से जोड़ा। उनकी सरकार ने ग्राम सेतु योजना चलाकर नदी नालों पर पुल पुलियों का जाल बिछाया। रघुवर सरकार ने गांव गांव तक बिजली पहुंचाई। डाकिया योजना से पहाड़ों तक अनाज भेजने की व्यवस्था की। महिलाओं केलिये एक रुपए में रजिस्ट्री योजना बनाई। मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि की योजना चलाई। उन्होंने कहा कि आज मोदी सरकार गांव, गरीब, किसान केलिये संकल्पित है। राज्य में पिछले 9वर्षों में 5मेडिकल कॉलेज बने। देवघर में एम्स अस्पताल व हवाई अड्डा बना।

उन्होंने कहा कि एक तरफ भाजपा सरकार में विकास की चर्चा होती है ।वहीं झामुमो कांग्रेस राजद के लोग जब जब सत्ता में आते हैं तो भ्रष्टाचार, घोटाले लेकर आते हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में खान, खनिज , बालू, पत्थर, जमीन की लूट मची है ।आदिवासी मुख्यमंत्री ही आदिवासियों की जमीन लूट रहे हैं। उन्होंने कहा कि कानून व्यवस्था ध्वस्त है। रोज हत्याएं हो रही। महिलाएंएबहन बेटियां घरों में भी सुरक्षित नहीं हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में बिचौलिये,दलाल, भ्रष्टाचार को बढ़ावा दे रहे हैं।

# डुमरी उपचुनाव में भाजपा और आजसू की प्राथमिकता विकास नही विनाश है : राजेश ठाकुर

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** डुमरी विधानसभा के चन्द्रपुरा व नवाडीह प्रखण्ड में महागठबंधन की प्रत्याशी बेबी देवी के पक्ष में गुरुवार को झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर, कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने चुनावी सभा किया।

चुनावी सभा को संबोधित करते प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि भाजपा और आजसू झुठ और भय के जोर पर चुनाव लड़ रही है। इनकी प्राथमिकता विकास नहीं बल्की विनाश का है। उन्होंने कहा कि हमे भरोसा विश्वास है कि डुमरी की जनता अपने लोकप्रिय दिवगंत नेता जगरनाथ महतो को सच्ची श्रद्धांजलि देगी और बेबी देवी को भारी मतो से विजय दिलाने का काम करेगी। उन्होंने कहा कि डुमरी में अपने 18 वर्षो के कार्यकाल में जो विकास स्व. जगन्नाथ दा ने किया वो एक मिसाल है।

राजेश ठाकुर ने कहा कि महागठबंधन की सरकार राज्य में विकास की बुनियाद पर राजनीति कर रही है। कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि आजसू भाजपा महागठबंधन राज्य को विकास से रोकना चाहती है। लेकिन उन्हें पता नहीं की जनता का प्यार और आशीर्वाद हमारे साथ है। सभा को कृषि विपणन के अध्यक्ष रविन्द्र सिंह, आवास बोर्ड के अध्यक्ष संजय लाल पासवान, पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, प्रदेश महासचिव अमुल्य नीरज खलखो आदि ने संबोधित किया।

## चक्रधरपुर मंडल में ट्रैफिक तथा पावर ब्लॉक के कारण कई ट्रेनें प्रभावित

**रांची।** चक्रधरपुर मंडल के कान्ड्रा -कुनकी रेलखंड के अंतर्गत विकास कार्य को लेकर ट्रैफिक तथा पावर ब्लॉक लिया जाएगा। इसको लेकर रांची रेल मण्डल से परिचालित कई ट्रेनें प्रभावित रहेंगी। इसमें ट्रेन संख्या 18601/18602 टाटानगर-हटिया-टाटानगर एक्सप्रेस ट्रेन यात्रा प्रारम्भ दिनांक 03/09/2023 को रद्द रहेगी। ट्रेन संख्या 08152/08151 बरकाकाना-टाटानगर-बरकाकाना पैसेंजर स्पेशल ट्रेन यात्रा प्रारम्भ दिनांक 03/09/2023 को रद्द रहेगी।

**ट्रेन के प्रस्थान समय में परिवर्तन**

ट्रेन संख्या 18101 टाटानगर -जम्मू तवी एक्सप्रेस ट्रेन यात्रा प्रारम्भ दिनांक 03/09/2023 को अपने निर्धारित प्रस्थान समय के स्थान पर 1 घंटे विलंब से प्रस्थान करेगी।

## पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे मामले पर ओवैसी पर मुकदमा : संजय सेठ



**रांची।** भाजपा सांसद संजय ने डुमरी उपचुनाव में ओवैसी की सभा में पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे लगाये जाने को लेकर कड़ी प्रतिक्रिया दी है। श्री सेठ गुरूवार को अपने अरगोड़ा स्थित कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि ओवैसी की सभा में एक विशेष समुदाय के लोग झुंड बनाकर पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे लगा लगाते रहे और ओवैसी मूकदर्शक बने रहे। इसलिये ओवैसी पर देश द्रोह का मुकदमा दर्ज होना चाहिये।ओवैसी ने क्यों नहीं उन लड़कों को गिरफ्तार कराया क्यों नहीं थाने में आपत्ति दर्ज कराई। झारखंड की पुलिस ने भी त्वरित कार्रवाई क्यों नहीं की। उन्होंने कहा कि तुष्टीकरण की राजनीति नहीं चलेगी। इसके पहले भी मोहर्रम के जुलूस में भी पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे लगाये गये थे। उन्होंने कहा कि यह एक सोची समझी साजिश का हिस्सा है। झारखंड में जो डेमोग्राफी बदल रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री को बताना चाहिये कि क्या झारखंड की सरकार सरिया कानून लागू करना चाहती है। आखिर सरकार की मंशा क्या है।

# डुमरी उपचुनाव में झामुमो ने पहले ही हार स्वीकारी : आदित्य साहू

## भाजपा सांसद ने कहा कि सरकारी तंत्र का कर रहे दुरुपयोग, मतदाता को दी जा रही धमकी

खबर मन्त्र ब्यूरो



सांसद आदित्य साहू

**रांची।** भाजपा सांसद आदित्य साहू ने कहा है कि डुमरी उपचुनाव में झामुमो ने पहले ही अपनी हार स्वीकार कर ली है। उन्होंने कहा झामुमो के नेताओं का बयान बता रहा कि उन्होंने डुमरी उपचुनाव में मतदान से पहले ही हार स्वीकार कर लिया है। उन्होंने कहा कि झामुमो नेता बौखलाहट में बयानबाजी कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि झारखंड में पिछले साढ़े तीन वर्षों में 6हजार से ज्यादा बहन बेटियों का बलात्कार नही रोक पाने वाली सरकार को आज महिलाओं की चिंता हो रही है। उन्हे मणिपुर याद आ रहा है। लेकिन रुबिका पहाड़िया, अंकिता, रूपा तिर्की, शोभा टोपनो याद नहीं आ रही है। उन्होंने कहा कि जनता की मांग पर राज्य में एक रूपया भी पेट्रोल-डीजल के दामों में कमी नहीं करने वाली हेमंत सरकार और उनकी पार्टी को आज गैस सिलेंडर के दाम में दो सौ रुपए की कमी उपहास लग रहा है। उन्होंने कहा कि बिना पिछड़ों के आरक्षण के पंचायत चुनाव कराने वाले, अब तक ट्रिपल टेस्ट प्रक्रिया को लटका कर रखने वाले, निकाय चुनाव नही कराने वाले को पिछड़े वर्ग की याद खूब आने लगी है। राज्य में महिला आयोग, पिछड़ा आयोग को गठित नही करने वाले झामुमो को अब इनकी बहुत चिंता हो रही है। उन्होंने कहा कि झामुमो बताये कि 2019के चुनाव में किये गये घोषणाओं का क्या हुआ। 5लाख नौकरियां का क्या हुआ। किसानों की ऋण माफी का क्या हुआ। रोजगार भत्ता का क्या हुआ।

उन्होंने कहा कि दरअसल हेमंत सरकार की नाकामियों से जनता परिचित हो चुकी है। झूठे वादे और घोषणाओं का दौर अब समाप्त हो चुका है। प्रदेश की जनता इनके चाल, चरित्र और चेहरे को देख चुकी है। उन्होंने कहा कि ठगबंधन की सरकार ने केवल ठगा है,लूटा है और लुटवाया है। उन्होंने कहा कि डुमरी क्षेत्र में परिवर्तन की लहर तूफान में बदल चुका है। झामुमो कांग्रेस और राजद गठबंधन को रामगढ़ उपचुनाव से भी बड़ी चोट करने केलिये डुमरी की जनता ने कमर कस लिया है।

## राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन में 500 से भी अधिक पदों पर होगी नियुक्ति

**रांची।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एमएचएम) में अलग अलग पदों के लिए 500 से भी अधिक पदों पर नियुक्ति होगी। इसके लिए स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखंड की ओर से विज्ञापन जारी कर दिया गया है। अनुबंध आधारित इन नियुक्तियों के लिए 5 सितम्बर तक ऑनलाइन आवेदन किए जा सकते हैं। जारी विज्ञापन के मुताबिक अलग-अलग पदों के लिए चयनित कैंडिडेट को 10 हजार रुपये से लेकर 80 हजार रुपये तक हर माह मिलेंगे। चयनितों से ब्लॉक स्तर से लेकर जिला और स्टेट लेवल तक सेवाएं ली जाएंगी।

**इन पदों के लिए इतनी सीटें**

झारखंड रूरल हेल्थ मिशन सोसाइटी के मिशन डायरेक्टर की ओर से जारी सूचना के मुताबिक सबसे अधिक नियुक्ति डेंटल असिस्टेंट (160) के पदों पर नियुक्ति होगी। डेंटल सर्जन के लिए 84 और डेंटल हाइजेनिस्ट के लिए 66 पद तय हैं। आप्थेलमिक असिस्टेंट के लिए 75, ओटी टेक्निशियन के लिए 74, आयुष मेडिकल अफसर के लिए 53 और समन्वयक (डीपीएमयू) के लिए 48 पद निर्धारित किए गए हैं। इसी तरह 100 कैटेगरी में विभिन्न पदों के लिए भी 1 से लेकर 30-40 तक की संख्या में सीट निर्धारित की गई है।

# सुदेश महतो कर रहे मंत्री बेबी देवी का अपमान, आयोग संज्ञान ले : झामुमो

## झामुमो के सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि चुनाव आयोग सुदेश महतो को डुमरी में चुनावी प्रचार पर बैन लगाये

खबर मन्त्र ब्यूरो




**रांची।** झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा है कि आजसू पार्टी सुप्रीमो सुदेश महतो मंत्री बेबी देवी का अपमान कर रहे हैं, इस पर चुनाव आयोग संज्ञान लेकर कार्रवाई करे। श्री भट्टाचार्य गुरूवार को हरमू स्थित पार्टी कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा की तरह ही आजसू पार्टी के भी संस्कार हो गये हैं। उन्होंने कहा कि नौ साल तक खून चूसने, मणिपुर नहीं जाने वाले, ब्रजभूषण सिंह को सजा नहीं देने वाले पीएम मोदी गैस का दाम घटा कर स्लाइन चढ़ाने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इंडिया की बैठक में जो जिम्मेवारी हेमंत सोरेन को मिलेगी, निभायेंगे। उन्होंने कहा कि सुदेश महतो न केवल एक महिला बेबी देवी बल्कि स्व जगरनाथ महतो का भी अपमान कर रहे हैं। सरकार का हर मंत्रालय अहम होता है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने उन्हें मद्यनिषेध विभाग दिया है। सुदेश महतो कह रहे हैं कि हेमंत सोरेन एक महिला और जगरनाथ महतो की पत्नी से दारू बेचवा रहे हैं, हद है। कोई चुनाव जीतने के लिए इतना नीचे स्तर तक कैसे जा सकता है। जब इसका जनविरोध हो रहा है, तो ये लोग चुनाव आयोग के पास जा रहे हैं।

भप्ताचार्य ने कहा कि स्व जगरनाथ महतो हमेशा ओबीसी वर्ग, मूलवासी, ओबीसी आरक्षण, 1932 खतियान व झारखंडियों की शिक्षा को लेकर आजीवन संघर्ष करते रहे। जब जगरनाथ महतो का निधन हुआ था, तो सुदेश महतो उनकी चिता के सामने खड़ा होकर कहा था कि वे जगरनाथ दा के परिवार के साथ खड़े हैं। यह वही सुदेश महतो हैं। जब बाबूलाल मरांडी के मुख्यमंत्रित्व काल में ओबीसी का आरक्षण 27 से घटाकर 14 फीसदी कर दिया गया था। यह वही सुदेश महतो हैं, जब रघुवर सरकार ने 1985 के खतियान आधारित स्थानीय नीति बनायी थी और उनके नेता चंद्रप्रकाश चौधरी ने प्रेस वार्ता की थी। आज वही सुदेश महतो ने स्व जगरनाथ महतो के परिवार के खिलाफ न केवल प्रत्याशी उताराए बल्कि वे उनकी पत्नी और परिवार का अपमान कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि डुमरी में सांप्रदायिक ध्रुवीकरण के लिये आयातित नेताओं और लोगों को उतारा जा रहा है। इसका गवाह भी झामुमो के पास है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा का महिला प्रेम मणिपुर और महिला पहलवान के मामले में पूरे देश ने देखा है।

# सीसीएल में सेवानिवृत कर्मियों को दी गयी विदाई



**रांची।** सीसीएल से मुख्यालय के विभिन्न विभागों में कार्यरत कुल 6 कर्मियों को गुरुवार को सीसीएल परिवार की ओर से मुख्यालय में सम्मान समारोह का आयोजन कर उनके सेवानिवृत्ति पर भावभीनी विदाई दी गई। अगस्त माह में मुख्यालय सहित पूरे सीसीएल से 67 कर्मी सेवानिवृत्त हुए जिन्हें ससम्मान विदाई दी गई। इस अवसर पर सेवानिवृत्त कर्मियों के कार्यानुभवों पर एक शॉर्ट फिल्म (विडियो क्लिप) सम्मान समारो के दौरान प्रदर्शित किया गया। सेवानिवृत्त कर्मियों ने इस मौके पर कंपनी की उत्तरोत्तर विकास की कामना की।

सम्मान समारोह में निदेशक बी साईराम ने सेवानिवृत कर्मियों का स्वागत करते हुए कहा कि हर कर्मी के जीवन में यह एक भावुक क्षण होता है। आज सभी एक सफर को सफलता पूर्वक पूरा करके दूसरे सफर की शुरूआत कर रहे हैं। कंपनी को नई ऊँचाई देने में आप सब का सार्थक प्रयास अनुकरणीय है। उन्होंने सभी सेवानिवृत हो रहे कर्मियों के जीवन के दूसरी पाली के लिए शुभकामनाएं देते हुए उनके स्वस्थ जीवन की कामना की। इस अवसर पर सीसीएल मुख्यालय के विभिन्न विभागों के महाप्रबंधक, विभागाध्यक्ष एवं सेवानिवृत्त कर्मियों के परिजन उपस्थित थे। मंच का संचालन और धन्यवाद ज्ञापन मुख्य प्रबंधक (कल्याण) केया मुखर्जी ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में कल्याण विभाग के कर्मियों एवं अन्य सम्बंधित विभागों का विशेष योगदान रहा।

**सेवानिवृत होनेवाले कर्मी**

सेवानिवृत होनेवाले कर्मियों में डॉ. एस.डी.सी.पी सत्पति, सीएमओ, केन्द्रीय अस्पताल, गांधीनगर, आर.के. मनिक्कम, अधीनस्थ अभियंता (असैनिक), वेलफेयर एंड सर्विसेस विभाग, राम जग तिवारी, अधीनस्थ अभियंता (असैनिक), नगर-प्रशासन विभाग, जिन्दर पाल पुनियानी, लेखापाल-ए1, पे रोल विभाग, सुबीर कुमार नियोगी, लेखापाल-ए1, विक्रय एवं विपणन विभाग एवं केन्द्रीय अस्पताल, गांधीनगर से सुरेद्र मांझी, कार्यालय अधीक्षक, ग्रेड-ए शामिल थे।

# मार्केटिंग बोर्ड के सुरक्षाकर्मियों को आधे से भी कम पैसा देती है एसाइलम सिक्योरिटी

## बोर्ड अध्यक्ष के आप्त सचिव से सुरक्षा प्रहरियों ने कहा दिलायें पूरा वेतन

खबर मंत्र ब्यूरो

**रांची।** मार्केटिंग बोर्ड के अधीन संचालित राज्य के विभिन्न बाजार समितियां में एसाइलम सिक्योरिटी एंड इंटेलिजेंस की ओर से 96 सुरक्षा कर्मियों की आपूर्ति की गई है। इनमें सुपरवाइजर भी शामिल हैं। मार्केटिंग बोर्ड और विभिन्न बाजार समितियों में कार्यरत सुरक्षा कर्मियों के लिए बोर्ड और समिति की ओर से हर माह प्रति सुरक्षा प्रहरी संस्था को 14 हजार रुपये से अधिक का भुगतान किया जाता है। परंतु एसाइलम सिक्योरिटी एंड इंटेलिजेंस की ओर से सुरक्षा कर्मियों को 12 घंटे की ड्यूटी के लिए मात्र 7000 रुपये दिए जाते हैं। इसी तरह बोर्ड और बाजार समितियां की ओर से प्रति सुपरवाइजर भुगतान को 19, 000 से अधिक वेतन दिए जाते हैं। परंतु बोर्ड की ओर से उन्हें मात्र 9000 रुपये दिए जाते हैं। इसकी शिकायत कुछ सुरक्षा प्रहरियों ने मार्केटिंग बोर्ड के अध्यक्ष रविंद्र सिंह के आप्त सचिव संजय झा से की है। सुरक्षा प्रहरियों ने संजय झा को बताया की, एसाइलम सिक्योरिटी एंड इंटेलिजेंस की ओर से उन्हें हर माह वेतन के नाम पर मात्र 7000 रुपये दिए जाते हैं, जो उनके लिए नाकाफी है। इस पर संजय झा ने सुरक्षा कर्मियों को बताया कि उनके लिए वेतन मद में बोर्ड और बाजार समितियां से हर माह 14 रुपए से अधिक दिए जाते हैं। ऐसे में उन्हें 7000 रुपए का भुगतान किया जाना बेमानी है। इसे लेकर वह एजेंसी और बोर्ड के अधिकारियों से बात करेंगे।

**क्या कहते हैं अध्यक्ष के आप्त सचिव**

मार्केटिंग बोर्ड के अध्यक्ष रविंद्र सिंह के आप्त सचिव संजय झा ने बताया किसुरक्षा प्रहरियों का कहना है कि एजेंसी की ओर से उन्हें वेतन के नाम पर मात्र 7000 रुपये दिए जा रहे हैं, जो उनके लिए नाकाफी है। इस मामले में वह अध्यक्ष के आदेश के बाद बोर्ड के अधिकारियों से मिलकर इसकी पड़ताल करेंगे और जरूरत के हिसाब से एजेंसी के खिलाफ कार्रवाई भी होगी।

**क्या कहते हैं एजेंसी के संचालक**

इस संबंध में एजेंसी के संचालक से जब उनके फोन नंबर 99319-67598 पर बात की गई तो उन्होंने दैनिक खबर मंत्र से कहा कि वह रास्ते में हैं। कितना वेतन देते हैं, नहीं बता सकते हैं? यह पूछने पर कि आपका वर्जन छापना है, किस से पूछकर बताईये तो उन्होंने कहा कि मैं रास्ते में हूं, अभी नहीं बता सकता। आपको जो छापना है छाप दीजिए।

**क्या है मामला**

मार्केटिंग बोर्ड और राज्य की बाजार समितियां में पिछले चार-पांच सालों से एसाइलम सिक्योरिटी एंड इंटेलिजेंस की ओर से सुरक्षाकर्मियों की आपूर्ति की जा रही है। इस पर हर महीने करीब 14 लाख रुपये खर्च किये जा रहे हैं। राज्य की प्राय: बाजार समितियां में एसाइलम सिक्योरिटी एंड इंटेलिजेंस के सुरक्षाकर्मी और सुपरवाइजर कार्यरत है। परंतु वेतन देने के नाम पर उन्हें ठगा जा रहा है। उन्हें आधे से भी कम वेतन दिया जा रहा है और काम पूरा लिया जा रहा है। नतीजा फटेहाल में सुरक्षा कर्मी बाजार समितियां की सुरक्षा करने को तैयार हैं, जो बाजार समिति की सुरक्षा के लिए नाकाफी है।

स्पीड न्यूज

# लौहनगरी समेत पूरे कोल्हान में धूमधाम से मनाया गया रक्षाबंधन

## तुरियाबेड़ा का किशोर स्वर्णरिखा में डूबा



**जमशेदपुर।** मानगो तुरियाबेड़ा के एक किशोर निरंजन हांसदा की गांव एडलबेड़ा के समीप सुवर्णरेखा नदी में डूबने से गुरुवार को मौत हो गई। वह दसवीं कक्षा का छात्र था। रक्षाबंधन के दिन किशोर के डूब जाने से पूरे गांव में मातम छा गया है। बताया जाता है कि सुबह निरंजन अपने दोस्तों संग स्वर्णरेखा नदी में स्नान करने गया था। स्नान करने के क्रम में उसका पांव फिसल गया और वह गहरे पानी में चला गया। निरंजन के दोस्तों ने भाग कर उसके परिजनों एवं गांव वालों को खबर की। गांव वाले नदी में कूद कर निरंजन को खोजा और उसे नदी से निकाला। किन्तु निरंजन की मौत हो चुकी थी किन्तु ग्रामीण उसे एमजीएम हॉस्पिटल ले आये जहां चिकित्सकों ने जांचोपरांत उसे मृत घोषित कर दिया।

## तारकंपनी मोड़ के पास कार ने स्कूटी सवार को मारी टक्कर, दो घायल

**जमशेदपुर।** रक्षाबंधन के दिन अपराह्न 1:05 बजे एक तेज रफ़्तार कार ने स्कूटी सवार राहरगोड़ा निवासी दिलीप सिंह एवं नारायण चंद्र वर्मा को जोरदार टक्कर मार दी तथा फरार हो गया। फलस्वरूप सिंह एवं उनका साथी नारायण चंद्र वर्मा घायल हो गये। यह दुर्घटना तारकंपनी गोल चक्कर के पास घटित हुई। तभी रास्ते से गुजर रहे बारीगोड़ा निवासी अमरनाथ चौबे घायल व्यक्ति को देखकर अपनी गाड़ी रोकें। इसी दरम्यान रास्ते से गुजर रहे घोड़ाबांधा निवासी नानू मुंडा भी अपनी वाहन परिचित अमरनाथ चौबे को देखकर रोक दी। उसने चौबे के अनुरोध पर घायल दिलीप सिंह एवं उसके मित्र को तत्काल अपनी गाड़ी से टाटा मोटर्स अस्पताल पहुंचाकर मानवता का मिशाल कायम किया। दुर्घटना के प्रत्यक्षदर्शियों ने स्कूटी सवार को धक्का मारकर भागे कार का नंबर नोट कर लिया है। दोनों घायल टाटा मोटर्स अस्पताल में भर्ती है। जहां इलाजरत है। दिलीप सिंह को हाथ में चोट लगा है जबकि नारायण चंद्र वर्मा का कमर टूट गया है।

## वैल्यू एजुकेशन ने मस्ती की पाठशाला के सदस्यों के साथ मनाया रक्षाबंधन



**जमशेदपुर।** राखी के पावन अवसर पर किड्स इंटरनेशनल स्कूल के तत्वाधान में संचालित वैल्यू एजुकेशन ट्रस्ट के वॉलंटियर ने मस्ती की पाठशाला के सदस्यों के चेहरे पर मुस्कान लाने की छोटी सी पहल की।वालंटियर्स ने बच्चो को राखी बांधी और उनकी सेवा करने का प्राण लिया। वालंटियर के सदस्यों द्वारा वहां रहने वाले सारे बच्चो को मिठाई, केक, बिस्कुट इत्यादि भी दिया गया। वॉलंटियर के सदस्यों का प्यार, स्नेह पाकर यह बच्चे अभिभूत हो गए। मस्ती की पाठशाला के सदस्यों ने वालंटियर्स ने उन्हें कराटे भी सिखाया। वोलंटियर्स में फरहा, शाहीना, सायमा और प्रशांत मौजूद थे। ट्रस्ट के डायरेक्टर सैयद राशिद जफर ने कहा मानवता की सेवा ही सही मायनों में यही असली त्योहार का सेलिब्रेशन है।

## झामुमो नेता बबलू दास के निधन पर शोकसभा



जमशेदपुर। गुरुवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा जिला समिति पुर्वी सिंहभूम की ओर से झारखंड मुक्ति मोर्चा के पुर्व नेता सह माननीय मंत्री चम्पाई सोरेन के झारखंड अलग राज्य के सहयोगी स्वर्गीय बबलु दास का विगत दिनों मृत्यु हो गई थी।आज पोटका प्रखण्ड रोलाडीह गॉव जाकर श्रद्ध कार्यक्रम में शामिल होकर उनके तस्वीर पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित पुर्व जिला सचिव लालटू महतो, जिला कार्यालय सचिव प्रीतम हेम्ब्रम, डी राकेश राव, डीसा महतो थे।

## बहनों ने आरती उतार भाइयों को बांधी राखी, भाइयों ने दिया रक्षा का वचन

**खबर मन्त्र टीम**

**जमशेदपुर/गम्हरिया।** जमशेदपुर, आदित्यपुर, कांड्रा, गम्हरिया समेत सम्पूर्ण कोल्हान प्रमंडल क्षेत्र में गुरुवार को भाई-बहन के असीम प्रेम, विश्वास और अटूट रिश्ते का पवित्र त्योहार रक्षाबंधन खुशी एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बहनों ने भाइयों के माथे पर तिलक लगाकर उनकी आरती उतारी और फिर उनकी कलाई पर राखी बांधी। साथ ही, मिठाई खिला कर बहनों ने अपने भाई की लंबी उम्र के लिए भगवान से प्रार्थना की। इस दौरान भाइयों ने भी बहनों को विभिन्न प्रकार के उपहार प्रदान कर उनकी रक्षा का संकल्प लिया। इस पर्व को लेकर घरों में तरह-तरह के पकवान बनाए गए थे। बच्चों में भी इस दौरान काफी उत्साह देखा गया। नए-नए कपड़ों में बच्चों की कलाई तरह-तरह की राखियों से सजी रही। सुबह से ही मिठाई एवं गिफ्ट की दुकान तथा कपड़ों की दुकानों में काफी भीड़ देखी गई।

## गायत्री परिवार के भाई-बहनों ने सामूहिक रक्षाबंधन मनाया



गायत्री परिवार टाटानगर का प्रज्ञा महिला मण्डल के बहनों ने रक्षा बंधन के अवसर पर दोपहर में सर्वप्रथम सिदगोड़ा थाना में कार्यरत सभी पदाधिकारियों को राखी बांध कर उनके उज्वल भविष्य और स्वस्थ जीवन हेतु प्राथना किये। उसके उपरांत गायत्री ज्ञान मंदिर भालूबासा में प्रज्ञा महिला मंडल के अध्यक्ष जसवीर कौर और उनके बहनो द्वारा नवयुगदल के भाइयों के दीघार्यु जीवन के कामना के साथ सभी को राखी बांध कर हर्षोल्लास के साथ रक्षा बंधन का पावन पर्व मनाया। इस अवसर पर प्रांतीय युवा समन्वयक संतोष कुमार राय ने सभी को रक्षा बंधन की ढेर सारी शुभकामनाएं देते हुए सभी बहनो के सम्मान की रक्षा करने का सभी नवयुगदल भाइयों के संग संकल्प लिया। इस आयोजन में टाटानगर गायत्री परिवार के मानगो,टेल्को,सोनारी, कदमा, बारीडीह, भालूबासा, साकची, बिरसानगर, टूइलडूंगरी,परसुडीह भुइयांडीह के भाई-बहनों ने भाग लिया।

## सामाजिक संस्था 'यात्रा' ने जैप-6 के जवानों को बांधी राखी



जमशेदपुर। सामाजिक संस्था यात्रा (एक नई जीवन की शुरूआत) के अध्यक्ष रीना सिंह के नेतृत्व में यात्रा परिवार के महिला सदस्यों ने सिदगोड़ा जैप 6 परिसर में फौजी भाइयों के संग मनाया रक्षाबंधन। कार्यक्रम में सबिता देवी, रूमा देवी, निरंजन तिवारी, नंदिनी, रीतिका श्रीवास्तव, सीमा, सुष्मिता सरकार समेत कई बहनें मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## वीरांगनाओं ने कुष्ठ पीड़ितों और ड्यूटी पर तैनात पुलिसवालों को बांधी राखी



जमशेदपुर। रक्षाबंधन के पावन अवसर पर जमशेदपुर की वीरांगनाओं ने अध्यक्ष सुषमा सिंह के नेतृत्व में वीरांगनाओं ने बिष्टूपुर, पार्वती घाट स्थित अंत्योदय आश्रम में जाकर वहां के कुष्ठ पीड़ित बुजुर्गों को राखी बांधा और उनका मुंह मीठा कराकर इस पावन रक्षाबंधन के त्यौहार में उनके चेहरे पर मुस्कान लाने का प्रयास किया। तत्पश्चात टीम वीरांगना ने बिष्टूपुर थाना में ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को भी राखी बांधा और रक्षाबंधन के पावन पर्व पर उन्हें हर्षित किया। आयोजन में कोल्हान वीरांगना की अध्यक्ष सुषमा सिंह, महासचिव नीलू सिंह, लीगल एडवाइजर एडवोकेट दीपा सिंह, सरायकेला वीरांगना की कोषाध्यक्ष रिंकु सिंह, बिष्टुपुर मंडल की महासचिव मारुति सिंह और गोलमुरी मंडल अध्यक्ष कंचन सिंह शामिल थी।

## बिरसानगर क्षेत्र में स्कूली बच्चों के संग मनाया रक्षाबंधन



जमशेदपुर। शहर की सामाजिक संस्था कोशिश 'एक मुस्कान लाने की' के सदस्यों ने संस्था के संरक्षक शिवशंकर सिंह के मार्गदर्शन में बिरसानगर क्षेत्र के जोन नंबर 3 में नन्हें स्कूली बच्चों के संग रक्षाबंधन का त्यौहार मनाया। इस दौरान छोटी बच्चियों ने संस्था के सदस्यों के कलाई पर राखी बांधकर उनके दीघार्यु की कामना की। वहीं, संस्था के सभी सदस्यों ने छोटी बहनों को स्नेहपूर्वक उपहार भेंटकर उनके उज्वल भविष्य एवं उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। इस दौरान संस्था के चंद्रशेखर सिंह, त्रिदेव सिंह, राजेश सिंह, राकेश गिरी, बिरसानगर भाजपा के मण्डल अध्यक्ष बबलू गोप, गौतम गोप, अभय पाण्डे, करमजीत सिंह 'कम्मे', पप्पू कुमार, सुमित सिंह, कुणाल शर्मा, पीयूष ईशु, राजा अग्रवाल समेत संस्था अन्य सदस्यगण मौजूद रहे।

# बागबेड़ा : फिल्टर प्लांट का मोटर जल जाने से 1140 घरों में पानी सप्लाई बंद

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** बागबेड़ा हाउसिंग कॉलोनी के फिटर प्लांट का मोटर जल जाने के बाद पेयजल एवं स्वच्छता विभाग या ग्राम जल स्वच्छता समिति ( विभाग या पंचायत) के द्वारा किसी भी प्रकार का फिल्टर प्लांट के जले हुए मोटर रिपेयरिंग के लिए कोई संज्ञान नहीं लिया गया है। सुबोध झा ने जमशेदपुर के सिविल एसडीओ पीयूष सिन्हा जी से बात हुई, उन्होंने कहा एक तारीख को ऑफिस में आए क्या हो सकता है मैं करता हूं। मैं हॉस्पिटल में थोड़ा व्यस्त हूं। सुबोध झा अध्यक्ष बागबेड़ा महानगर विकास समिति सह भाजपा नेता ने कहा कि पिछले बार ही कार्यपालक अभियंता एवं जिला प्रशासन को जानकारी दी गई थी ।कि विकल्प में फिल्टर प्लांट में रखे हुए दूसरे मोटर का रिपेयरिंग करा कर रखा जाए।

कहीं मोटर जल जाती है , तो आम जनता को मोटर जलने के बाद दूसरी मोटर से पानी प्राप्त हो सके। नहीं तो 8-10 दिन फिर परेशानी झेलनी पड़ेगी।

विभाग और पंचायत के चक्कर में बागबेड़ा की 1140 घरों की 20000 जनता पानी के बूंद बूंद के लिए तरस रही है। झा ने डीसी मंजूनाथ भजन्त्री से आग्रह किय है कि विभाग एवं पंचायत को आदेश दे।और यथाशीघ्र मोटर रिपेयरिंग कराकर बागबेड़ा हाउसिंग कॉलोनी में जलापूर्ति शुरू करने का कष्ट करें। बार-बार मोटर जलने एवं 20000 जनता को पानी से वंचित रखने को लेकर न्यायिक जांच कर विधि संगत कानूनी कार्रवाई की जाए। फिल्टर प्लांट में एक करोड़ 88 लख रुपए से हो रहे नव निर्माण कार्य को तेजी से करने का कार्यपालक अभियंता को आदेश दिया जाए। और डीसी कोर्ट में अपना पक्ष रखते हुए न्यायालय में झूठी रिपोर्ट दाखिल करने पर विधि संगत सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए।आज भी फिल्टर प्लांट का काम बंद पाया गया।



जला मोटर दिखाते समाजसेवी सुबोध झा।

## अरका जैन यूनिवर्सिटी के विद्यार्थियों ने किया टांगराईन स्कूल का शैक्षणिक दौरा



**जमशेदपुर।** अरका जैन यूनिवर्सिटी के स्नातक के 60 विद्यार्थियों ने गुरुवार को पोटका स्थित सरकारी विद्यालय उत्क्रमित मध्य विद्यालय, टांगराईन शैक्षणिक भ्रमण हेतु पहुंचे। विद्यालय के प्रधानाध्यापक अरविंद तिवारी ने बच्चों को स्कूल के शैक्षणिक प्रगति की जानकारी दी। पंचायत समिति सदस्य रामेश्वर पात्रो एवं समाजसेवी उज्जवल मंडल ने विद्यार्थियों को त्रिस्तरीय पंचायत व्यवस्था की जानकारी दी। टांगराईन स्कूल के बाल संसद के बच्चों के मार्गदर्शन में अरका जैन विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने टांगराईन गांव के साथ-साथ आदिम जनजाति के लोगों के घरों का भी दौरा किया। शैक्षणिक दौर में शिक्षक डॉक्टर रमा सिंह, रंजन कुमार, निशांत कुमार एवं सीमा दास शामिल थे। बैठक में प्रधानाध्यापक अरविंद तिवारी ने सभी बच्चों को नियमित स्कूल भेजने तथा स्कूल ड्रेस में खास का जूता पहन कर भेजने की अपील की।

## फातिमा शाहीन के साथ मुस्लिम बहनों ने रघुवर दास को बांधी राखी



रघुवर को राखी बांधतीं मुस्लिम महिलाएं।

जमशेदपुर। रक्षाबंधन के शुभ अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री एवं भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास के आवास पर बीजेपी आजादनगर मंडल अध्यक्ष फातिमा शाहीन के साथ मुस्लिम बहनों ने रघुवर दास को राखी बांधकर उज्जवल भविष्य एवं दीघार्यु होने की दुवाएं दी। रक्षाबंधन के अवसर पर पीएम मोदी के द्वारा महिला बहनों के लिए रक्षाबंधन का उपहार स्वरूप घरेलू रसोई गैस की कीमत कम किए जाने और तीन तलाक से मुक्ति दिलाने के लिए मोदी जी का दिल से आभार व्यक्त किया एवं रक्षाबंधन के सौगात के लिए उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

## रघुवर दास को बहनों ने कलाई पर बांधी राखी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** भाई-बहन के अटूट प्रेम व स्नेह का पावन त्यौहार रक्षाबंधन गुरुवार को शहर में पूरे श्रद्धाभाव से मनाया गया। रक्षाबंधन पर राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री एवं भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास ने जमशेदपुर के एग्रिको स्थित आवास पर अपनी बहनों एवं शहर के विभिन्न क्षेत्र की सैकड़ों बहनों से राखी बंधवाई। इस दौरान बहनों ने उनके माथे पर तिलक लगाकर उनकी आरती उतारी और मुंह मीठा कर उनके स्वस्थ और दीघार्यु जीवन की कामना की। रघुवर दास ने सभी बहनों को स्नेहपूर्वक उपहार भेंट किया और उनकी रक्षा का संकल्प लेकर सभी के स्वस्थ और खुशहाल जीवन की कामना की। इस दौरान शहर के विभिन्न क्षेत्रों की सैकड़ों महिलाओं ने पूर्व मुख्यमंत्री को राखी बांधकर अपनी रक्षा का वचन लिया। इस अवसर पर रघुवर दास ने जमशेदपुर सहित पूरे झारखंड प्रदेश की सभी बहनों को रक्षाबंधन की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने गैस सिलिंडर के दाम में 200 रुपये की कमी कर करोड़ों माताओं-बहनों को स्नेह पर्व रक्षाबंधन का उपहार दिया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने सामाजिक बुराई तीन तलाक खत्म कर मुस्लिम बहनों के संवैधानिक, मौलिक और लोकतांत्रिक अधिकारों को मजबूत किया।



रघुवर दास को राखी बांधतीं उनकी बड़ी बहन।

## बीए कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग में वायुसेना करियर प्रदर्शनी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**




**जमशेदपुर।** बी ए कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, घुटिआ, जमशेदपुर के ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट सेल के तत्वाधान में गुरुवार को भारतीय वायु सेना ने कैरियर गाइडेन्स व प्रदर्शनी का आयोजन किया, जिसमे सभी विभाग के छात्रों ने भाग लिया और वायु सेना में रोजगार के अवसर के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी प्राप्त की। विंग कमांडर दीपक महापात्रा, स्क्वार्डन लीडर अरुण शर्मा, फ्लाइट लेफ्टिनेंट सुशील कुमार एवं फ्लाइट लेफ्टिनेंट जसजोत सिंह ने प्रचार प्रदर्शनी वाहन द्वारा कॉकपिट व वायु यानों की कार्यशैली पर छात्रों से जानकारी साझा की, जिससे छात्र रोमांचित नजर आये। विंग कमांडर दीपक महापात्रा और स्क्वार्डन लीडर अरुण शर्मा ने वायु सेना की कई भर्ती प्रणालियों की बातें की। उन्होंने छात्रों को बताया की कैसे वे अलग अलग विषयों से स्नातक, डिप्लोमा डिग्री लेकर भी वायु सेना में अपनी सेवा दे सकते हैं। इससे पहले वायु सेना के अधिकारीगण के साथ कॉलेज की प्रभारी प्राचार्या अनुमिता सेन गुप्ता, प्लेसमेंट अधिकारी राहुल सिंह, सभी विभागाध्यक्ष द्वारा दीप प्रज्वलित कर सत्र का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम की समन्वयक अनुमिता सेन गुप्ता थी। कार्यक्रम का संचालन राहुल सिंह तथा धन्यवाद ज्ञापन अनुमिता सेन के द्वारा किया गया।

## टाटा स्टील माइनिंग ने नॉलेज शेयरिंग सत्र का आयोजन किया

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर/भुवनेश्वर** टाटा स्टील माइनिंग लिमिटेड (टीएसएमएल) ने गुरुवार को माइनिंग इंजीनियर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एमईएआई), माइनिंग इंजीनियरिंग के क्षेत्र को आगे बढ़ाने के लिए समर्पित एक प्रमुख संगठन, के भुवनेश्वर चैप्टर के लिए संसाधन अनुमान की गुणवत्ताः माइन-मिल समाधान के माध्यम से उत्पादकता के आकलन पर प्रभाव पर एक तकनीकी सत्र का आयोजन किया। सत्र में प्रतिष्ठित वक्ता डॉ. अबानी आर सामल, प्रिंसिपल, जियोग्लोबल, एलएलसी, यूटा, यूएसए शामिल थे। टीएसएमएल के प्रबंध निदेशक और एमईएआई के भुवनेश्वर चैप्टर के अध्यक्ष पंकज सतीजा ने कहा, यह आयोजन खनन पेशेवरों के ज्ञान और विशेषज्ञता को बढ़ाने और खनन उद्योग के जिम्मेदार विकास को बढ़ावा देने के लिए हमारी प्रतिबद्धता को दशार्ता है।

# हरित क्रांति, जलवायु परिवर्तन, डिजिटल इकोनॉमी जी-20 का फोकस एरिया : संजय भट्टाचार्य

### एक्सएलआरआइ में भारत सरकार के विदेश मंत्रालय व रिसर्च एंड इंफॉर्मेशन सिस्टम फॉर डेवलपिंग कंट्रीज के सहयोग से जी 20 कनेक्ट का आयोजन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

जमशेदपुर। भारत इस साल जी-20 शिखर सम्मेलन की मेजबानी कर रहा है. इसी के मद्देनजर देशभर में जी-20 यूनिवर्सिटी कनेक्ट प्रोग्राम का आयोजन किया जा रहा है. जिसके तहत उच्च शिक्षा संस्थानों में सितंबर 2023 तक जी-20 थीम पर आधारित विशेष कार्यक्रम आयोजित की जा रही है। इसी कड़ी में बुधवार की देर शाम एक्सएलआरआइ में भारत सरकार के विदेश मंत्रालय व रिसर्च एंड इंफॉर्मेशन सिस्टम फॉर डेवलपिंग कंट्रीज के सहयोग से जी 20 कनेक्ट का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में स्विट्जरलैंड, लिकटेंस्टीन, तुर्की और मिस्र में भारत के पूर्व राजदूत संजय भट्टाचार्य मौजूद थे। भट्टाचार्य ने बताया कि ग्रुप ऑफ ट्वेंटी (जी 20) में 19 देश (अर्जेंटीना, ऑस्ट्रेलिया, ब्राजील, कनाडा, चीन, फ्रांस, जर्मनी, भारत, इंडोनेशिया, इटली, जापान, कोरिया गणराज्य, मैक्सिको, रूस, सऊदी अरब, दक्षिण अफ्रीका, तुर्किये, यूनाइटेड किंगडम और संयुक्त राज्य अमेरिका) और यूरोपीय संघ शामिल हैं। जी20 सदस्य देशों में वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद का लगभग 85%, वैश्विक व्यापार का 75% से अधिक और विश्व की लगभग दो-तिहाई आबादी है। श्री भट्टाचार्य ने बताया कि अब भारत एक ग्लोबल लीडर बनने की राह पर है। उन्होंने कहा कि देशव्यापी जी-20 कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य मुख्य रूप से उन लोगों और युवाओं को शामिल करना है, जो दुनिया में भारत की भूमिका के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए सरकार के ब्रांड एंबेसडर हैं। इस दौरान भट्टाचार्य ने कहा कि जी-20 का फोकर एरिया में ग्रीन डेवलपमेंट, क्लाइमेट फिनांस, इन्क्लूसिव ग्रोथ, डिजिटल इकोनॉमी, पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर के साथ ही नारी सशक्तिकरण है। उन्होंने देश के नागरिकों की भूमिका और कर्तव्यों और देश की प्रगति में उनके योगदान के बारे में भी विस्तार से बताया। उन्होंने टिकाऊ विकास और भारत कैसे इक्विटी लाने में मदद कर सकता है, के बारे में बात की। उन्होंने भारत के इतिहास के अनुरूप जी20 शिखर सम्मेलन के लिए विभिन्न एजेंडे पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि जी 20 शिखर सम्मेलन 2023 की थीम : वसुदेव कुटुम्बकम- एक विश्व, एक परिवार तय किया गया है। कहा कि यहां की दुनिया का मतलब केवल इंसान ही नहीं बल्कि दुनिया में जो कुछ भी है जिसमें पौधे, जानवर, कीड़े-मकोड़े, संसाधन आदि शामिल हैं। संजय भट्टाचार्य ने जी20 के गठन, इसकी अध्यक्षता में भारत की प्राथमिकताओं और इस वैश्विक संवाद में युवाओं की भूमिका के बारे में कहानी साझा की। इससे पूर्व एक्सएलआरआइ के डायरेक्टर फादर एस जॉर्ज ने एक्सएलआरआइ के 75 वर्षों के गौरवपूर्ण इतिहास को साझा किया। उन्होंने संस्थान को कार्यक्रम की मेजबानी का मौका प्रदान करने के लिए आयोजकों के प्रति आभार व्यक्त किया।




वक्ता का अभिनंदन करते एक्सएलआरआइ के निदेशक।

## खबर एक नजर में

### साकची में टाटा स्टील ट्रेड अप्रेंटिस के 73 बैच के साथियों ने मनायी स्वर्ण जयंती




जमशेदपुर। साकची स्थित एक होटल में गुरुवार को टाटा स्टील के 1973 बैच के अप्रेंटिस के पूर्व कर्मचारियों ने स्वर्ण जयंती समारोह उत्साह पूर्वक धूमधाम से मनाया। बता दें कि 50 वर्ष पूर्व आज ही के दिन 16-19 आयु वर्ग के करीब 100 युवा बतौर ट्रेड अप्रेंटिस टाटा स्टील में दाखिल हुए थे। इसी दिवस की याद में आयोजित समारोह में लगभग 70 साथियों ने भाग लिया। समारोह में कुछ लोग सपत्नीक शामिल हुए। प्रतिभागी साथियों के पंजीकरण के पश्चात 9:30 बजे सुबह से स्वागत भाषण और गणेश वंदना के साथ कार्यक्रम की शुरूआत हुई। इसके बाद उपस्थित साथियों ने अपने संस्मरण साझा कर जमशेदपुर टेक्निकल इंस्टीट्यूट आईटीआई और टाटा स्टील में व्यतीत सुनहरे पलों को याद किया। इस अवसर पर आमंत्रित गुरुजनों को अंग वस्त्र प्रदान कर उनका सम्मान किया गया। वक्ताओं ने कहा कि इन गुरुजनों की कृपा से ही वह कर्तव्य पथ पर चलने योग्य हुए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि और सम्मानित अतिथि के रूप में टाटा स्टील की उपाध्यक्ष आत्रेयी सान्याल तथा टाटा वर्कर्स यूनियन के अध्यक्ष संजीव चौधरी उपस्थित थे। अपनी शुभकामनाएं देते हुए मुख्य अतिथियों ने कहा कि ट्रेड अप्रेंटिस कंपनी की रीढ़ होते हैं। इस रीढ़ को मजबूत बनाने में उन्होंने गृहणियों की सराहना की। अपने संबोधन में सम्मानित अतिथि संजीव चौधरी ने कहा कि एसएनटीआई का अप्रेन्टिस कहलाना अपने आप में गर्व का विषय है। समारोह की अध्यक्षता सुखविंदर सिंह और संचालन आर श्रीराम ने किया। आयोजन को सफल बनाने में विजय कुमार, सुखविंदर सिंह भगवान मंडल, टी एम जयपुरिया, जितेंद्र पांडे, हरि बालक राम तथा बीके मिश्रा की सराहनीय भूमिका रही।

### मंत्री बन्ना गुप्ता ने सीसीआर बैरक में स्नानघर सह शौचालय का किया उद्घाटन



जमशेदपुर। साकची थाना परिसर स्थित सीसीआर बैरेक के पास जवानो हेतु सिक्स सीटर पक्का शौचालय जिसमें तीन स्नान घर और तीन शौचलय का निर्माण किया गया, जिसका स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता के द्वारा विधिवत उद्घाटन कर पुलिस जवानों को समर्पित किया गय। इस दौरान वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार, ट्रैफिक डीएसपी अनिमेष गुप्ता,प्रभात ठाकुर उपस्थित थे।

### मां संतोषी मंदिर में दरिद्र नारायण भोज का आयोजन



जमशेदपुर। जय जय संतोषी माँ मंदिर कमिटी कैरेज कॉलोनी द्वारा मंदिर प्रांगण में दरिद्र नारायण भोज का आयोजन किया गया जिसमें जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी शामिल हुए और मंदिर में पूजा अर्चना की और जरूरतमंद लोगों को अपने हाथों से भोजन वितरण किया। मौके पर विधायक ने कहा कि आयोजन का उद्देश्य गरीबों को भरपेट भोजन कराना है। जरूरतमंद और गरीब लोगों को भोजन करना पुण्य का कार्य है इसके लिए मंदिर कमेटी का आभार प्रकट करता हूं। मौके पर कमेटी के अध्यक्ष संजय पांडे, महेन्दर पांडेय,सचिव मुन्ना पांडे, बबलू श्रीवास्तव, डॉक्टर एस के पाल, देव कुमार दुबे, बबलू पांडे, वंशी लाल शर्मा, धर्मेंद्र शर्मा, जितेंद्र शर्मा, विकास कुमार, जितेंद्र रजक, विष्णु देव शर्मा आदि उपस्थित थे।

### चांडिल स्टेशन का होगा अमृत भारत योजना के तहत विकास



चांडिल। आद्रा रेल मंडल की डीआरयूसीसी की बैठक में आद्रा रेल मंडल के सदस्य दिवाकर सिंह ने चांडिल और नीमडीह रेलवे स्टेशन के विभिन्न मुद्दे को उठाया जिसमें मुख्य रूप से रेलवे रैक द्वारा हो रहे प्रदूषण नियंत्रण के मानकों का पालन करना, चांडिल रेलवे स्टेशन में रैक लोडिंग और जल छिड़काव का सीसीटीवी कैमरा से निगरानी करवाना, अत्याधुनिक अनाउंसमेंट सिस्टम, ट्रेन और कोच इंडिकेशन बोर्ड स्टेशन में लगवाना, दिव्यांग जनों के लिए चांडिल स्टेशन में आने जाने की व्यवस्था, नीमडीह और चांडिल स्टेशन में प्लेटफार्म के रिपेयरिंग और मेंटेनेंस कार्य की जांच, आद्रा बराभुम पैसेंजर को चांडिल तक चलने की मांग, चांडिल स्टेशन को पर्यटन स्थल का दर्जा दिलाने की मांग शामिल है। दिवाकर सिंह ने कहा रेलवे के द्वारा सभी मांगों को लेकर सकारात्मक परिणाम मिलने की उम्मीद जताया। आद्रा बराभुम पैसेंजर को चांडिल तक चलाने की मांग पर रेलवे ने कहा इसकी जांच कर संभव होने पर इस ट्रेन को चांडिल तक चलाया जाएगा। बैठक में डीआरएम डीआरयूसीसी सुमित नरूला, सीनियर डीसीएम सह सेक्रेटरी विकास कुमार उपस्थित थे।

### विहिप के 59वें स्थापना दिवस पर सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा यज्ञ का शुभारंभ



गम्हरिया। विश्व हिंदू परिषद के 59वें स्थापना दिवस के अवसर पर सरायकेला-खरसावां जिला कमेटी की ओर से गम्हरिया लाल बिल्डिंग के समीप स्थित जगरधात्री मंदिर परिसर में सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का गुरुवार को श्रावणी पूर्णिमा के दिन शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर प्रथम दिन प्रात:काल में गाजे-बाजे के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली गई जिसमें सैकड़ों महिला श्रद्धालुओं समेत विहिप कार्यकताओं ने भाग लिया। यह कलश यात्रा गम्हरिया स्थित घोड़ाबाबा मन्दिर से प्रारंभ होकर चौधरीपाड़ा, शिव मंदिर होते हुए जगरधात्री मन्दिर पहुंच कर सम्पन्न हुई। मौके पर कथावाचक के रूप में वृंदावन के प्रसिद्ध आचार्य अनुपानन्द जी महाराज को आमंत्रित किया गया है। राजू चौधरी ने बताया कि प्रतिदिन संध्या चार बजे से रात्रि आठ बजे तक आचार्य द्वारा प्रवचन दिया जाएगा। बताया कि इसके तहत शुक्रवार को राजा परीक्षित का जन्म व सुखदेव आगमन, दो सितंबर को श्रृष्टि का वर्णन व कपिलोकव्याख्यान ध्रुव चरित्र आदि, 3 सितंबर को श्री कृष्ण जन्मोत्सव, 4 सितंबर को गोवर्धन पूजा, मंगलवार, 5 सितंबर को श्री कृष्ण रुक्मणि विवाह और बुधवार, 6 सितंबर को सुदामा चरित्र कथा विश्राम कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। उसी दिन यज्ञ-हवन के बाद पूणार्हुति कर इस धार्मिक अनुष्ठान का समापन होगा।

### रिटको ट्रांसपोर्ट जुगसलाई के व्यापारियों का लाखों का माल लेकर फरार

जमशेदपुर। जुगसलाई स्थित राजधानी इंटरस्टेट ट्रांसपोर्ट कंपनी (रिटको) जुगसलाई के वस्त्र व्यापारियों का तकरीबन 30 से 35 लाख का माल दिए बिना अपना आफिस बंद कर फरार हो गया है। ज्ञात हो कि जुगसलाई के विभिन्न वस्त्र व्यापारियों का माल सूरत,बालोतरा,जैतपुर एवं अन्य स्थानों से रिटको ट्रांसपोर्ट से आता था। जिसकी डिलीवरी स्थानीय आफिस के माध्यम से की जाती थी। विगत एक वर्षों से ट्रांसपोर्ट के स्थानीय प्रबंधक द्वारा माल देने में टाल मटोल किया जा रहा था। किसी व्यापारी का 10 बोरा माल आने पर 5 ही दिया जा रहा था और 5 बाद में देने की बात की जा रही थी। इस तरह व्यापारियों का सैकड़ों बोरा माल ट्रांसपोर्ट द्वारा डिलीवरी नहीं किया गया। थक हार कर व्यापारियों ने कंपनी के मालिक से बात की ओर इस बाबत बताया।

## स्पीड न्यूज

### शिव चर्चा में शामिल हुए पांकी विधायक समिति को दिया आर्थिक सहयोग



मनातू पलामू। पांकी विधायक कुशवाहा डॉ शशिभूषण मेहता ने प्रखंड मनातू के ग्राम टंडवा के घिरसिरी में शिव चर्चा के प्रवचन के पांचवें दिन कार्यक्रम में उपस्थित हुए। इस मौके पर विधायक ने समिति के पदाधिकारियों को 21000 रुपए सहयोग राशि दिया। मौके पर मनातू भाजपा मंडल अध्यक्ष सत्येंद्र यादव, जिला प्रतिनिधि प्रकाश मेहता, प्रो बच्चन ठाकुर, संजय चंद्रवंशी, विधायक प्रतिनिधि उदेश यादव, अखिलेश चंद्रवंशी, अधिवक्ता लाल प्रसाद यादव, सुधीर तिवारी, रंगिया पंचायत के मुखिया कुसमी देवी, पति अंतू सिंह, पिंटू यादव समेत कई लोग उपस्थित थे।

### तीन महीने से बंद है खपिया आंगनबाड़ी केंद्र



चैनपुर पलामू। चैनपुर प्रखंड क्षेत्र के अवसाने पंचायत के खपिया के आंगनबाड़ी केंद्र वन तीन महिने से बंद है। यह केंद्र हरिजन आदिवासी टोले में स्थित है। बुधवार को आंगनवाड़ी केंद्र बंद था। आंगनबाड़ी केंद्र का बोर्ड भी नहीं लगा था। इस पर ग्रामीण विफन सिंह, संजय सिंह, छटू सिंह, राधिका सिंह, कवलनाथ सिंह, कृष्ण यादव, सुनील यादव, लालजी सिंह, अशोक सिंह, राजमोहन सिंह, वसंत सिंह, शिवचरण सिंह, राजेश यादव, विनोद सिंह राजेंद्र यादव ने बताया कि यह केंद्र 3 महीने से लगातार बंद है। तथा पहले भी यह केंद्र ज्यादातर बंद ही रहता था। पूछने पर बताया कि आंगनबाड़ी केंद्र की सहायिका राधिका देवी 1 महीने से केंद्र पर नहीं आ रही है। सेविका सुनीता देवी ने बताया कि इस केंद्र में कुल नामांकित बच्चे 20 हैं। बच्चे आंगनबाड़ी केंद्र में नहीं आते वह सीधे स्कूल चले जाते हैं। सुनीता देवी ने बताया कि पर्यवेक्षिका अमिता दीदी करीब 2 वर्षों से सेंटर पर नहीं आई हैं। 2021 में जब केंद्र बन रहा था तो वह आई थी उसके बाद वह नहीं आई है। ग्रामीणों ने बताया कि आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों को नाश्ता खाना नहीं दिया जाता। जिसके कारण बच्चे आंगनबाड़ी केंद्र के बजाय स्कूल में चले जाते हैं। केंद्र पर जब आंगनबाड़ी केंद्र की शिकायत ग्रामीण कर रहे थे तो आंगनबाड़ी सेविका सुनीता देवी ग्रामीणों के साथ लड़ाई पर उतारू हो गई। पंचायत के मुखिया जितेंद्र यादव ने बताया कि पंचायत की आंगनबाड़ी सेविकाएं मनमानी कर रही हैं। प्रभारी सीडीपीओ सह अंचल अधिकारी संजय कुमार बाखला ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्रों की बहुत शिकायत मिल रही है जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### हॉली क्रॉस स्कूल में विद्यार्थियों ने मनाया रक्षा बंधन पर्व



मेदिनीनगर। हॉली क्रॉस स्कूल में रक्षाबंधन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शिक्षक व शिक्षिकाओं एवं प्राचार्य के द्वारा बच्चों को रक्षाबंधन के महत्व पर प्रकाश डाला गया। अभिभावकों ने कहा कि इस प्रकार का आयोजन कर विद्यालय में बच्चों को जानकारी देना बहुत अच्छा है। सभी बच्चियों ने सभी बच्चों को पहले रोड़ी एवं चंदन का टीका लगाया, उसके बाद बच्चों की आरती की, तत्पश्चात कलाइयों पर राखी बांधी एवं अंत में सभी बच्चियों ने सभी बच्चों को मिठाई खिलाकर उनके मंगल का कामना की। इस कार्यक्रम में सभी शिक्षक/ शिक्षिका एवं कर्मचारी अपनी भूमिका बखूबी निभाई। मौके पर मिशा कुमारी, तनु कुमारी, इंसा, नाजिया, शाजिया, रेखा द्विवेदी, नेहा कुमारी, संध्या कुमारी, मनोज कुमार, साक्षी कुमारी, अजीत कुमार दुबे, एवं संगीता देवी सभी ने अपनी भूमिका निभाकर बच्चों को प्रोत्साहित की। विद्यालय के प्राचार्य चंद्रभूषण सिन्हा ने अंत में सभी का भूरी भूरी प्रशंसा कर प्रोत्साहित किये।

### सरस्वती शिशु विद्या मंदिर जपला में खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित



हुसैनाबाद पलामू। सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, जपला में हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की स्मृति में राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का शुभारंभ विद्यालय के प्रभारी प्रधानाचार्य अखिलेश विश्वकर्मा, वरिष्ठ आचार्य मृत्युंजय प्रसाद, शशि कुमार, राजेश्वर सिंह यादव ने संयुक्त रूप से मेजर ध्यानचंद के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। इस अवसर पर विद्यालय में कक्षा सप्तम से दशम तक के भैया- बहन सम्मिलित हुए। इस प्रतियोगिता में एथलेटिक्स,खो-खो आदि खेल का आयोजन हुआ। इसमें भैया-बहनों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। इस अवसर पर प्रभारी प्रधानाचार्य ने मेजर ध्यानचंद के जीवन पर प्रकाश डाला। साथ ही कहा कि खेल को खेल की भावना से खेलना चाहिए। खेल व्यक्ति के विकास में सहायक होते हैं। उन्होंने पढ़ाई के साथ-साथ खेलने की जरूरत पर भी बल दिया। ऐसे महान खिलाड़ी से युवा खिलाड़ियों को प्रेरणा लेनी चाहिए। बच्चों को खेल-खेल में पढ़ाएं और आगे बढ़ाएं। प्रतिभागियों में विजेता खिलाड़ियों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के शारीरिक आचार्य अभिषेक पाठक,दीपक पाण्डेय, धर्मेंद्र कुमार, जयनारायण सिंह, छाया कुमारी, सुनील पासवान सहित सभी आचार्य-दीदी जी का सराहनीय योगदान रहा।

### कांग्रेसियों ने किया कांग्रेस भवन चहारदीवारी का शिलान्यास



मेदिनीनगर। पलामू के कांग्रेसजनों ने गुरुवार को कांग्रेस भवन के चहारदीवारी निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। शिलान्यास कार्य के मौके पर पलामू जिला कांग्रेस के जिला अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बीटू पाठक, झारखंड प्रदेश सचिव लक्ष्मी नारायण तिवारी, ओम प्रकाश, अमन बिश्राम दुबे बिद्या सिंह, चेरो बिनोद तिवारी ईश्वरी सिंह राजेन्द्र अग्रवाल मुकेश सिंह, इन्दु भगत, सुरेश पाठक, अजय पाण्डेय सहित अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे। प्रदेश सचिव लक्ष्मी नारायण तिवारी ने कहा कि शिलान्यास के साथ ही बाउंड्री का काम शुरू कर दिया गया है। निर्माण कार्य तीव्र गति से अपना आकार ले लेगा और पार्टी के कार्यकर्ताओं की चिर प्रतीक्षित अभिलाषा पूरी होगी। मौके पर बिट्टू पाठक ने कहा कि कांग्रेस भवन का चहारदीवारी अत्यंत आवश्यक था। कांग्रेस भवन के चिर प्रतीक्षित चहारदीवारी निर्माण कार्य का शुभारंभ कर बेहद खुशी हो रही है।

### जिले में मनाई गयी रक्षाबंधन, बहनों ने भाईयों के कलाई पर बांधे रक्षा सूत्र



मेदिनीनगर। भाई बहन के रिश्ते का अटूट त्यौहार रक्षा बंधन जिले में हर्षोल्लास के साथ गुरुवार को मनाई गई। बहनों ने अपने भाईयों के कलाइयों पर राखी बांधकर अपनी रक्षा करने का वचन लिया। वहीं भाईयों ने बहनों को आजीवन रक्षा करने का संकल्प लिया। शहर समेत ग्रामीण क्षेत्रों में रक्षा बंधन पर्व को लेकर चहल पहल देखी गई। बाजार में राखी व मिठाई की दुकानें सजाई गई थी। वहीं लोगों ने मंदिरों में जाकर पूजा अर्चना भी किये।

## रक्षाबंधन से ब्रह्मांड के 84 लाख योनियों की सुरक्षा होती है : पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल





खबर मन्त्र संवाददाता

छतरपुर पलामू। वन राखी मूवमेंट के 46 वर्ष की सफर पूर्ण होने पर गुरुवार को रक्षाबंधन के अवसर पर विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वन राखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल ने मेदिनीनगर शहर के बाईपास रोड स्थित पर्यावरण भवन के आकाश बाग में चंदन वृक्ष पर और छतरपुर अनुमंडल के डाली बाजार पंचायत के बेलवा टांड पर लगे वनो पर रक्षासूत्र बांधकर उसे बचाने का संदेश दिया। पर्यावरणविद कौशल ने वन वृक्षों पर रक्षाबंधन और पौधरोपण कर वन राखी मूवमेंट के 47 वां वर्ष का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि रक्षाबंधन का त्योहार में बहन अपने भाई की कलाई पर रक्षाबंधन कर उसकी सुरक्षा की मंगल कामना करती है। जबकि जीवन रूपी प्राकृतिक वन वृक्षों पर रक्षाबंधन से धरती और ब्रह्मांड के 84 लाख योनियों की सुरक्षा होती है। वन राखी मूवमेंट के तहत अबतक देश और विदेश के कई राज्यों में करीब 50 लाख पौधों का वितरण व रोपण किया जा चुका है। कार्यक्रम में शामिल लोगों के बीच 100 मच्छरदानी और पौधा वितरित कर समापन किया गया। कार्यक्रम में उप मुखिया अफजल अंसारी, सत्येंद्र प्रसाद, सुचित, जुबेर अंसारी, अंजनी देवी, कोमल जायसवाल, शिल्पा जायसवाल, सुमित, अमन, श्याम देव सिंह, चंद्रेश सिंह, बृजमोहन सिंह, छठु सिंह, देवंती देवी, फुलवा देवी, राजपति कुंवर, बचेश यादव, अशर्फी यादव, बाबूराम, शिवनाथ राम,रामू, छोटू, अद्विका, अनुषा, समेत सैकड़ो प्रकृतिप्रेमी शामिल थे।

## बहनों की सुरक्षा का प्रतीक है रक्षाबंधन: कर्नल संजय



खबर मन्त्र संवाददाता

हुसैनाबाद (पलामू)। पूर्व सैनिक सेवा परिषद् हुसैनाबाद इकाई के के तत्वावधान में भाजपा सैन्य प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजक सह किसान ब्रिगेड के संरक्षक कर्नल संजय सिंह के जपला आवास पर सामूहिक रक्षाबंधन त्यौहार मनाया गया। जिसमें सुदूर गांव भौराहा सिंघना, बरवाडीह, बभंडी, बरेवा, नोखिला, लोहरपुरवा, कोठीला, बभंडी कडंडा इत्यादि गांवों से आई सभी बहनों ने कर्नल संजय सिंह सहित पूर्व सैनिकों की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधकर समाज में सामाजिक समरसता का परिचय दिया। इस अवसर पर कर्नल संजय ने कहा कि इस रक्षाबंधन में महिला सशक्तिकरण, स्वालंबन, शिक्षा, समाजिक कुप्रथा हटाने जैसे अनेकों विषय पर चर्चा किया गया। उन्होंने कहा कि रक्षाबंधन महिलाओं के प्रति हो रहे अत्याचार शोषण और विभिन्न तरह के पृथकतावादी विचारधारा को ठीक करेगा। सभी बहनों ने कर्नल संजय सिंह को समाज के प्रति इसी तरीके से ऊंच-नीच, जात- पात के भेद भाव मिटाने तथा बहनों को हर संभव सहायतार्थ सक्रिय रहने का आशीर्वाद दिया। कर्नल संजय सिंह ने सभी बहनों का विदाई में अंग वस्त्र तथा उनके धर्म पत्नी आराधना सिंह ने खोइछा देकर विधिवत विदाई दी। कार्यक्रम में सरूहु के चंपा देवी बबीता मेहता बभंडी, सोना देवी चोरही, जीरा देवी कोठीला, देवंती देवी, देवपति देवी इत्यादि सैकड़ों महिला तथा पूर्व सैनिक कैप्टन दुखन सिंह, प्रेमतोष प्रसाद, सुरेश ठाकुर, सुधिर सिंह बद्रीनारायण सिंह अजय सिंह, अमित सिंह, मनोहर सिंह, पप्पू सिंह, लालधन ठाकुर, विनय सिंह, मनोज सिंह, सत्यनारायण यादव सहित काफी कार्यकर्ता मौजूद थे।

## पांकी विस को बेहतर बनायेंगे : डॉ शशिभूषण



खबर मन्त्र संवाददाता

मनातू पलामू। पांकी विधायक कुशवाहा डॉ शशिभूषण मेहता ने विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत प्रखंड मनातू के रंगेया पंचायत के ग्राम चुका में जिला योजना अनाबंध निधि अंतर्गत दुबारवार से लालिमाटी हरिजन टोला तक पीसीसी पथ निर्माण का विधिवत नारियल फोड़कर एवं पूजा पाठ कर शिलान्यास किया। इस मौके पर विधायक ने कहा कि सड़क बन जाने से ग्रामीण जनता को काफी सुविधा होगी। उन्होंने कहा कि पांकी विधानसभा क्षेत्र को विकास के मामले में पूरे राज्य में बेहतर बनाना हमारी प्राथमिकता है। विधायक ने कहा कि क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए लगातार प्रयासरत हूं। उन्होंने कहा कि पांकी विस क्षेत्र के समस्या का समाधान प्राथमिकता के साथ कर रहे हैं। पांकी विस क्षेत्र हर मामले में नंबर वन होगा। उन्होंने कहा कि पांकी विस क्षेत्र के कोई भी गांव बिजलीविहीन नहीं रहेगा। मौके पर रंगेया पंचायत के मुखिया कुसमी देवी, मनातू भाजपा मंडल अध्यक्ष सत्येंद्र यादव, विधायक प्रतिनिधि उदेश यादव, जिला प्रतिनिधि प्रकाश मेहता, संजय चंद्रवंशी, लाला प्रसाद यादव, प्रो बच्चन ठाकुर, सुधीर तिवारी, अखिलेश चंद्रवंशी, पिंटू यादव, अंतू सिंह, नवीन सिंह, परमेंद्र प्रजापति, उमा चंद्रवंशी, वीरेंद्र यादव, कई ग्रामीण उपस्थित थे।

### सांस्कृतिक कार्यक्रम से मन को मिलता है शांति और सुकून : विधायक



तरहसी पलामू। प्रखंड तरहसी के ग्राम सरईडीह के बुढ़ीया माई के मंदिर प्रांगण में सावन मास के एवं रक्षाबंधन के शुभ अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका उदघाटन कुशवाहा डॉ शशिभूषण मेहता ने किया। इस मौके पर डॉ मेहता ने कमिटी को 11000, रूपया सहयोग राशि दिया और एक चापाकल और चबूतरा देने के लिए घोषणा की। डॉ मेहता ने कहा कि बहुत जल्द ही मंदिर प्रांगण में चपाकल लगा दिया जाएगा। डॉ मेहता ने कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन आपसी एकता को बचाने और बनाए रखने का बेहतर साधन है। इससे मन को सुकून और शांति मिलती है। मौके पर जिला प्रतिनिधि प्रकाश मेहता, प्रो बच्चन ठाकुर, अनिल सिंह, अधिवक्ता लाला प्रसाद यादव, अखिलेश राम, सुधीर तिवारी, अध्यक्ष अर्जुन सिंह, मुकेश पांडेय, सचिव अशोक यादव, विशाल यादव, विनय कुमार, मनटन भुइयां,राजु यादव समेत कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## हुसैनाबाद अनुमण्डल क्षेत्र में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया रक्षाबंधन पर्व



खबर मन्त्र संवाददाता

हुसैनाबाद पलामू। अनुमण्डल के ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में गुरुवार को रक्षा बंधन का त्यौहार हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस बार दो माह के सावन एवं 30 अगस्त को पूर्व से घोषित रक्षा बंधन की छुट्टियों को स्थगति करते हुए 31 को रक्षा बंधन होने की सूचना से दो पूर्व से लोगो में उहापोह की स्थिति बनी हुई थी। अंततः पूरे अनुमण्डल क्षेत्र में गुरुवार को रक्षा बंधन की त्यौहार मनाया गया। मान्यता हैं कि हिन्दू धर्म मे भाई-बहन के त्योहार राखी का विशेष महत्व है। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, रक्षाबंधन में राखी बांधने से भाई की आयु लंबी होती है और सुख-सौभाग्य में वृद्धि होती हैं। वहीं इस दिन भाई अपनी बहनों को हर मुश्किल घड़ी में रक्षा करने का वचन देते हैं। जिसके कारण इस पावन पर्व का महत्व कहीं अधिक बढ़ जाता हैं, पौराणिक कथाओं के अनुसार रावण की बहन सुपर्नाखा ने बिना मुहूर्त के अपने भाइयों को रक्षा सूत्र बंधी थी और उसे इस राखी की सौगंध देते हुए भगवान राम से अपनी कटी हुई नाक का बदला लेने व रक्षा की गुहार की थी परंतु वह गलत नक्षत्र व समय के दोष के कारण उन्हें हारना पड़ा था। इस त्योहार में नन्हे मुन्हे भाई बहनों खासा उत्साह देखी गयी, जहां भाइयों ने अपने मन पसंद की राखियां अपने बहनों को खरीदने को कहा। बहनों ने भी अपने भाइयों के कलाई के सुंदरता और आकर्षकता के सुंदर सुंदर राखियों की खरीदारी की। वहीं बाजारों में रंग बिरंग की मिठाई से पूरी दुकान सजी हुई थी। मौके पर रम्भा, नीलू, छोटी, आरुषि सिमा छोटी छोटी बहनों ने अपने भाइयों के कलाई पर राखी बांधते हुए खुशी का इजहार किया।

## 5.18 ग्राम हेरोईन के साथ विक्रेता गिरफ्तार



मेदिनीनगर। पुलिस अवर निरीक्षक महाबीर एक्का को 30 अगस्त को संध्या गश्ती के दौरान शहर थाना टीओपी टू अंतर्गत कांदू मुहल्ला रामनगर में जितेंद्र कुमार गुप्ता के द्वारा नशीला पदार्थ बेचने की सूचना मिली थी। इस सूचना को वरीय पदाधिकारी को दिया गया। टीओपी टू के पदाधिकारी व टाइगर के जवान के साथ जितेंद्र कुमार गुप्ता के घर पहुंचे तभी वह मकान से निकलकर भागने का प्रयास किया। पुलिस द्वारा उसे रोका गया। पुलिस को पुख्ता जानकारी होने की बात बताते हुए उसके घर की तलाशी कराने के लिए नोटिस दिया गया। नोटिस के आलोक में एएसपी सह सदर एसडीपीओ ऋषभ गर्ग के द्वारा घर की तलाशी ली गयी। तलाशी के दौरान जितेंद्र के पास 5.18 ग्राम अवैध हेरोइन बरामद किया गया। पुलिस ने जितेंद्र कुमार गुप्ता को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। छापामारी अभियान में शहर थाना के महाबीर एक्का, सुधीर कुमार, जसमुदीन खान, सूर्यनाथ सिंह, मुकेश कुमार सिंह, उपेंद्र कुमार शामिल थे।

## कल्याणकारी योजनाओं का लाभ जरूरतमंदों तक पहुंचाने की जरूरत : डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी



खबर मन्त्र संवाददाता

बिश्रामपुर (पलामू)। बिश्रामपुर प्रखंड कार्यालय के सभागार में सोना सोबरन योजना के तहत दर्जनों लाभुकों के बीच धोती साड़ी व लुंगी का वितरण किया गया। वितरण समारोह की अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख रम्भा कुमारी और संचालन मुकेश कुमार ने किया। लाभुकों के बीच वितरण भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने किया। मौके पर चंद्रवंशी ने कहा कि सरकार द्वारा संचालित सभी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ वास्तविक जरूरतमंदों तक पहुंचाने की जरूरत है। जिसमें विभागीय अधिकारियों और पंचायत प्रतिनिधियों की अहम भूमिका होती है। जिसका निर्वहन ईमानदारी के साथ किया जाना चाहिए। इससे पहले प्रमुख रम्भा कुमारी व उप प्रमुख सतेंद्र नारायण सिंह ने चंद्रवंशी को बुके देकर स्वागत किया। मौके पर प्रभारी बीडीओ विक्रम आनंद, विधायक के जिला प्रतिनिधि रामचंद्र यादव, बीस सूत्री अध्यक्ष रामचंद्र दीक्षित, इमामुल हक गुड्डू, बैद्यनाथ राम, पंकज कुमार लाल, अनूप कुमार, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष बबन राम, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष अमरेश तिवारी, मनीष कुमार, विजय कुमार रवि, इदरीस हवारी सहित कई पंचायत प्रतिनिधि मौजूद थे।

### अज्ञात वाहन के धक्के से युवक की मौत



मेदिनीनगर। सदर थाना क्षेत्र के बिसफुट्टा पुल के नजदीक बैजनाथ आश्रम के पास बुधवार की रात बाइक दुर्घटना में एक 25 वर्षीय युवक की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार पाटन थाना क्षेत्र के ग्राम मझौली निवासी स्वर्गीय राम जबित सिंह के पुत्र हरेंद्र कुमार सिंह बुधवार की रात लगभग 8:00 बजे अपने घर से बाइक पर सवार होकर मेदिनीनगर डिजनीलैंड मेला देखने जा रहा था। इसी बीच रास्ते में बैजनाथ आश्रम के पास अज्ञात वाहन से उसकी बाइक की टक्कर हो गई। जिसमें हरेंद्र सिंह बाइक से गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों के द्वारा उसे इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल लाया गया। जहां इलाज के क्रम में उसकी मौत हो गई। वही दुर्घटना की खबर सुनकर परिजन सदर अस्पताल पहुंचे और हरेंद्र सिंह के शव को लेकर घर चले गए। मृतक के परिजन व ग्रामीणों के द्वारा इस घटना की सूचना पाटन पश्चिमी जिला परिषद सदस्य संग्राम सिंह को दी गई। जानकारी मिलते ही जिला परिषद संग्राम सिंह परिजनों को समझा बूझाकर शव को पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल भेजवाया और परिजनों को कानूनी प्रक्रिया के तहत पोस्टमार्टम करवाने की सलाह दिया। संग्राम सिंह ने कहा कि मृतक के परिजन काफी गरीब परिवार से आते हैं, उनके परिवार को सरकारी मुआवजा दिलाया जायेगा। गुरुवार को उन्होंने अपने देखरेख में हरेंद्र सिंह का पोस्टमार्टम करवाया और शव परिजनों को सौंप दिया गया है। मौके पर उताकी पंचायत के ग्रामीण के साथ समाजसेवी शक्ति शंकर प्रसाद, प्रमेंद्र सिंह, जोगेंदर मेहता, विनय सिंह भी उपस्थित थे।

### नाबालिग के साथ दुष्कर्म, आरोपी फरार

पड़वा पलामू। पड़वा थाना क्षेत्र के मझिगांव में एक नाबालिग युवती के साथ दुष्कर्म का मामला प्रकाश में आया है। इस संबंध में पीड़िता के परिजनों ने गांव के ही मोमिन अंसारी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराया है। दर्ज प्राथमिकी में कहा गया है कि सुबह करीब चार बजे नाबालिग युवती शौच के लिए घर से बाहर निकली थी। इसी दौरान पहले से ही घात लगाए आरोपी मोमिन युवती को जबरदस्ती पकड़ कर उसके साथ दुष्कर्म कर दिया। घटना के बाद युवती रोते हुए घर आकर परिजनों ने घटना के बारे में पूरी जानकारी दी। जिसके बाद परिजनों ने पड़वा थाना में प्राथमिकी दर्ज कराया। थाना प्रभारी नकुल साह ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए छापामारी की जा रही है।

### बिश्रामपुर : सर्प दंश से महिला की मौत



बिश्रामपुर (पलामू)। रेहला थाना क्षेत्र के मधुरीडीह-तेनवाहि गांव में एक महिला को किसी विषैले सर्प ने डंस लिया जिससे उसकी मौत हो गयी। मिली जानकारी के अनुसार रेहला थाना क्षेत्र के मधुरीडीह-तेनवाहि गांव निवासी इंद्रदेव यादव की 35 वर्षीय पत्नी ललिता देवी अपने घर मे सोयी हुयी थी तभी अचानक किसी विषैले सर्प घर में घुस कर ललिता देवी को काट लिया। जिससे वह घायल हो गयी। परिजन उसे हॉस्पिटल ले गये लेकिन तबतक उसकी मौत हो गयी थी। मौत की खबर सुनते ही परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। वहीं समाजसेवी कृष्णकांत यादव उर्फ मुन्ना यादव ने मृतक के परिजनों से मिलकर ढांढस बंधाया और हर संभव मदद का भरोसा दिलाया।

## रा०उ०मध्य विद्यालय सोनपुरवा में प्रधानाध्यापिका ने फर्जी हस्ताक्षर से निकाले 65336 रुपये



ग्रामीणों के शिकायत पर जिप सदस्य ने किया विद्यालय का औचक निरीक्षण, बच्चों के संग किया भोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

हुसैनाबाद पलामू। प्रखण्ड के अति सुदूरवर्ती व सोनटटीय उतरी क्षेत्र के राज्य कृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय सोनपुरवा के प्राचार्या अर्चना कुमारी के द्वारा विद्यालय के अध्यक्ष व संजयोजिका के बिना आदेश व फर्जी हस्ताक्षर मोहर लगा कर 65336 रुपये की निकासी करने का मामला प्रकाश में आया हैं। इस सबन्ध में विद्यालय के अध्यक्ष प्रतिमा देवी ने एक लिखित शिकायत प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी को लिखित शिकायत की है। जिसमें कहा गया है कि उक्त प्राचार्या के द्वारा किसी भी विभागीय निकासी एवं व्यय की जानकारी मुझे नही दी जाती हैं और ना हमसे सहमति लिया जाता जिसके फलस्वरूप उक्त विद्यालय में विकास फण्ड की राशि को आवश्यक भौंचर बना के भेंडर के माध्यम से निकासी कर ली गयी । मुझे तब पता चला जब एम एस भेंडर ने बताया । तब मैं अपना हस्ताक्षर मिलाई तो वह बिल्कुल फर्जी थी। वंही पंचायत के मुखिया ममता देवी व अन्य कई ग्रामीणों के समक्ष उक्त प्राचार्या ने अपनी गलती की स्वीकार कर ली लेकिन उसमें वह केवल एमडीएम के चावल को वापस की, इधर इस मामले को त्वरित संज्ञान में लेते हुए जिला परिषद सदस्य राजू मेहता ने जीप बोर्ड की बैठक में इस मामले को उठाया जिसके बाद जिले के अधिकारियों ने उक्त प्रधानधायपिका पर करवाई करने का आश्वासन दिया हैं।

### मुखिया ने भूमिपूजन कर आंगनबाड़ी केंद्र भवन निर्माण की रखी आधारशिला



बिश्रामपुर (पलामू)। बिश्रामपुर प्रखंड अंतर्गत लालगढ़ पंचायत के पंजरी खुर्द में बनने वाले आंगनबाड़ी केंद्र भवन का मुखिया धर्मेंद्र चौधरी ने भूमि पूजन के बाद आधारशिला रखी। मौके पर श्री चौधरी ने कहा कि लालगढ़ पंचायत को पलामू जिला का सबसे विकसित और आदर्श पंचायत के रूप में विकसित किया जा रहा है। मौके पर पंसस सूरजमल राम,पूर्व पंसस प्रताप कुमार, पंचायत सचिव चंदा सिन्हा,रोजगार सेवक जितेंद्र कुमार चौधरी, वार्ड सदस्य राम विकास पाठक,राजीव पाठक, भूमिदाता महेंद्र पाठक, मुकेश पाठक, आनंद पाठक, सौरभ पाठक,पंकज ठाकुर, जितेंद्र चौधरी, बसंत पासवान, देवेंद्र पाठक, दिनेश पाठक, कृष्ण चौधरी, गौतम पाल, संतरा देवी, पूनम देवी, मीरा देवी सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।

## बासु में मेला सह सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन



दीप जलाकर कार्यक्रम का उदघाटन करते मुख्य अतिथि व अन्य।

खबर मन्त्र संवाददाता

पड़वा पलामू। पंडवा प्रखंड के बासु में स्थित शिव मंदिर परिसर में श्रावणी पूर्णिमा के मौके पर नव युवक संघ बासु के द्वारा मेला सह सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उदघाटन समाजसेवी जटेश्वर महतो, माटी कला बोर्ड के सदस्य अविनाश देव, जिप सदस्य माया कुमारी, मुखिया सुमित्रा देवी, लक्ष्मी रवि ने संयुक्त रूप से किया। बतौर मुख्य अतिथि जटेश्वर महतो ने कहा कि 19 वर्षों बाद दोहरा सावन हुआ है।

सभी का सहयोग से मेला और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया है। एक दूसरे के साथ आपसी एकता बना रहे। मेला में लोग एक-दूसरे से मिलते जुलते हैं। माटी कला बोर्ड के अविनाश देव ने कहा कि हमारी संस्कृति मेला पर आधारित है,आपसी प्रेम के साथ एकजुट रहने का संदेश देता है। उन्होंने ने कहा कि पंडवा के बासु जैसे छोटे जगहों पर श्रावणी मेला कराना गर्व की बात है। कार्यक्रम का संचालन युवा नेता दिलीप कुमार मेहता ने किया। मौके पर भाजपा नेता प्रभात भुईयां, उपमुखिया योगेन्द्र महतो, पंसस ललिता देवी,पंकज कुमार मेहता, वशिष्ठ रजक, मंदीप राम, विजय पाल, उपेन्द्र मिश्रा, बाबुलाल मेहता सहित मेला कमिटी के कई लोग मौजूद थे। सांस्कृतिक कार्यक्रम मे बिहार के भोजपुरी गायक चंदन कुमार यादव ने भगवान भोलेनाथ पर कई भक्ति गीत प्रस्तुत कर रात भर श्रोताओं को झूमने पर मजबूर किया और दर्शकों का मनोरंजन किया।

## सावन पूर्णिमा के अवसर पर नौडीहा शिव मंदिर से निकाली गयी भव्य कलश यात्रा



खबर मन्त्र संवाददाता

मनातू (पलामू)। प्रखंड के नौडीहा गांव हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी शिव मंदिर के परिसर में सावन पूर्णिमा के उपलक्ष में नौडीहा से गाजे बाजे के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली गई। पूजा समिति के अध्यक्ष सह समाज सेवी ताराचंद यादव, मनातू कांग्रेस कमेटी प्रखंड अध्यक्ष विशुनदेव यादव, बंसी पंचायत के जन वितरण प्रणाली की दुकानदार जोगेंद्र प्रसाद, रविंदर यादव, अमलेश यादव एवं नौडीहा के ग्रामीण समेत हजारों की संख्या में महिला श्रद्धालु शामिल हुए। कार्यक्रम का शुरूआत कलश यात्रा में भाग लेकर मंत्रो चारण के साथ नारियल फोड़ कर किया। मंदिर सह पूजा समिति के अध्यक्ष ताराचंद् यादव के द्वारा कलश यात्रा नौडीहा से प्रस्थान कर छट घाट नदी नौडीहा पहुंची। छट घाट नदी से जल लेकर श्रद्धालु पैदल विभिन्न गांव जैसे हरिजन टोला से होते हुए यादव टोला देवी मंडप छठ घाट नौडीहा नदी होते शिव मंदिर नौडीहा पहुंचे। इस दौरान हजारों की संख्या में महिला श्रद्धालु कलश यात्रा में शामिल होकर जयकारे के साथ बाबा का जलाभिषेक किया। जानकारी देते हुए आयोजनकर्ता ताराचंद् यादव ने कहा कि कलश यात्रा के प्रति श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखा गया। मातृशक्ति के साथ-साथ क्षेत्रवासी बढ़-चढ़कर कलश यात्रा में भाग लिये। ताराचंद ने ग्रामीणों के साथ जलाभिषेक किया। पूर्व विधायक देवेंद्र सिंह ने कहा कि मंदिर के अधूरे कार्य को हर हाल में पूरा करायेंगे। कलश यात्रा में घंघरी, मधेया, कूसमाताड़, जसपुर, सुगियातरी, बंसी पदमा से भी श्रद्धालु शामिल हुए।

स्पीड न्यूज

## मेनका को एडीसी का अतिरिक्त प्रभार



**बोकारो।** डीपीएलआर निदेशक श्रीमती मेनका को अपर समाहर्ता बोकारो का अतिरिक्त प्रभार मिला। उन्होंने तत्कालिन अपर समाहर्ता सादात अनवर से प्रभार लिया। ज्ञातव्य हो कि कार्मिक एवं प्रशासनिक विभाग द्वारा अपर समाहर्ता बोकारो का स्थानांतरण पिछले दिनों कर दिया गया था।

## ब्रह्माकुमारी बहनों ने पुलिसकर्मियों को बांधी राखी

**चिरकुंडा।** चिरकुंडा के नेहरू रोड स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की बहनों ने रक्षा बंधन के मौके पर चिरकुंडा थाना परिसर में थाना प्रभारी सुनील कुमार सिंह, एसआइ दीपक सोरेंग,एसआइ एसडी मेहता सहित अन्य पुलिसकर्मियों को राखी बांधी। मौके पर बीके पिंकी,बीके अनिता,बीके सोमा,भाई राजेश व पुलिस कर्मी मौजूद थे ।

## डिवाइडर से टकराने से बाइक सवार युवक की मौत

**धनबाद।** धनबाद जिले के राजगंज थाना क्षेत्र में नेशनल हाईवे 2 पर गुरुवार को अनियंत्रित बाइक सवार का डिवाइडर से टकराने से युवक की मौत हो गई। घटना के संबंध में बताया जा रहा है की बाइक सवारी वर्क राजगंज से धनबाद की ओर जा रहा था। इसी क्रम में राजगंज के डोमनपुर के पास स्प्लेंडर बाइक डिवाइडर से टकरा गई। जिससे युवक को गंभीर चोट लगी। स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से घायल को इलाज के लिए शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया । जहां डॉक्टर ने उसे अमृत घोषित कर दिया। वहीं युवक की पहचान नरेश महतो के रूप में हुई है । जो केदुआडी के कुसुंडा कोलवरी के आठगाड़ियां का रहने वाला था।

## पेड़ पर फंदे से लटक कर युवक ने की आत्महत्या

**बेरमो।** पेटरवार थाना क्षेत्र अंतर्गत उतसारा एन एच के किनारे एक युवक महुआ पेड़ पर लटक कर अपनी जान दे दी। पेटरवार थाना प्रभारी विनय कुमार ने घटना स्थल पर पहुंच कर शव को अपने कब्जे ले कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं विनय कुमार ने बताया की फांसी लगाने वाला युवक विकास कुमार है जिसकी उम्र लगभग 22 वर्ष है उतसारा का रहने वाला है कुछ दिनों से मानसिक तनाव मे था।

## 100 सेवानिवृत्त कर्मियों को दी गई विदाई

**कतरास।** बीसीसीएल कतरास क्षेत्र के सेवानिवृत होने वाले 9 कर्मियों को कतरास विदाई दी गयी। कतरास क्षेत्र महाप्रबंधक एम.एस.दूत, ए.पी.एम. रामानुज प्रसाद, प्रबंधक कार्मिक राणा एस के सिंह, क्षेत्रिय प्रबंधक प्रशासन सौरभ कुमार सिंह, कतरास क्षेत्र ए सी सी सदस्य दिनेश कुमार पाण्डेय, मनोज वोरा, मनोज कुमार,रामरूप गोप, धनु कुम्भकार, बनमाली मौजूद थे।

## पंचेत ओपी क्षेत्र में चोरों का आतंक

**कुमारधुबी।** पंचेत ओपी क्षेत्र में इन दिनों चोरों का आतंक है। इस क्षेत्र में लगातार चोरों का आतंक बढ़ता जा रहा है। हर बार चोर पुलिस को चकमा देकर चंपत हो जा रहे हैं। पुलिस जांच के नाम पर मात्र खानापूर्ति कर रहे हैं। जिसकी ताजा मामला पंचेत जीक्यों कॉलोनी से है। घर के गृहणी रीता देवी की माने तो बीते रविवार शाम भूमि पूजन के लिए पूरा परिवार रामगढ़ गया था। जब सोमवार वापस आया तो देखा दरवाजे का ताला टूटा हुआ था। अंदर प्रवेश किया तो गोदरेज का सारा सामान बिखरा दिखा। अभी तक इसपर कार्रवाई नहीं हुई है।

# वृद्धाश्रम के बुजुर्गों ने मनाया रक्षा बंधन पर्व

### लालमणि वृद्धाश्रम और ओल्ड एज होम के बुजुर्गों ने बांधी राखी



वृद्धाश्रम के बुजुर्ग को राखी बांधी महिला।

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** गुरुवार को सहयोगी नगर सबलपुर स्थित ओल्ड एज होम और लोहार बरवा टुंडी रोड आसान डाबर स्थित लालमणि वृद्धा सेवा आश्रम में आश्रय ले रहे बुजुर्गों ने महिला बुजुर्गो ने राखियाँ बंधवाकर रक्षाबंधन पर्व मनाया और खुशियां मनाते फोटो भी खिंचवाए। आश्रम में 15 साल से आश्रय ले रहे सगे भाई बहन रेखा और नारायण ने बताया कि पिछले 15 वर्षों से लगातार दोनों भाई-बहन इसी आश्रम में खुशीपूर्वक रक्षाबंधन पर मनाते आ रहे हैं। इस आश्रम में निस्वार्थ प्यार और सेवा है। आश्रम के अध्यक्ष नौशाद गद्दी एवं आश्रम में आने वाले समस्त सेवाकर्ता बेटा-बेटी की तरह माता-पिता की तरह सम्मान और सेवा कर हम सब का ख्याल रखते हैं और अब हमें कहीं जाना नहीं, लालमणि आश्रम में ही हमारा आश्रम है, घर है और स्वर्ग है। हालांकि बुजुर्गों को सुबह से ही बीते रक्षाबंधन के अतीत पल याद आने लगे थे और उनकी आंखें भी आश्रम की गेट की तरफ अपनों का इंतजार करती रही, अपनों से अलग रहने की टिस उनके चेहरे पर झलकती रही। इन्हीं संवेदनाओं को लेकर आश्रम के अध्यक्ष नौशाद गद्दी ने हर्ष वर्ष की भांति रक्षाबंधन मनाने की तैयारी की कर ली थी। वृद्ध पुरुषों को वृद्ध महिलाओं ने माथे पर आरती उतारकर, तिलक लगाकर, राखियां बांधकर मिठाई खिलाई। नौशाद गद्दी में बताया औपचारिकता निभाने के बजाय रक्षाबंधन पर्व को दिल की गहराइयों से बुजुर्गों का मर्म समझते हुए आश्रम में मनाते हैं। उन्होंने कहा आश्रम में यह पर्व सामाजिक समानता एवं समर सता का उदाहरण है आश्रम में सभी वृद्ध माता-पिता सभी प्रकार के भेदभाव से उठकर आपस में राखी बांधते हैं एवं जीवन के अंतिम पड़ाव में जीवन पर्यंत एक दूसरे की रक्षा करने का वचन लेते हैं। आश्रम की वृद्ध महिलाओं विमला देवी, रेखा, शांति देवी, पूनम अग्रवाल, रानी राय, मंजू केसरी, लक्ष्मी देवी, छवि भंडारी, सावित्री देवी, रुखसाना बानो, लकी देवी, सिमरन, कमली देवी, सूरजमनी ने वृद्ध पुरुषों अशोक गागर, सीताराम चौधरी, चक्रवर्ती दा, नारायण, अजीत चक्रवर्ती, मनमोहन सरकार, सबल प्रकाश सिंह, बलदेव प्रजापति, दीपक साव, सीताराम मुर्मू, मुच्छू टांडेल, मुस्ताक खान, पंकज सेन तथा अन्य को राखियाँ बांध रक्षा बंधन पर्व मनाया। इस मौके पर आश्रम के पदाधिकारी रक्षाबंधन पर्व को सफल बनानेएवं बुजुर्गों के चेहरे में खुशियां लाने में सक्रिय थे।

### दिव्यांग बच्चों ने मनाया रक्षाबंधन

**धनबाद।** जगजीवन नगर स्थित दिव्यांग बच्चो की स्कूल पहला कदम में गुरुवार को अलग ढंग से रक्षाबंधन मनाया गया। दिव्यांग बच्चो ने पेड़-पौधों को राखी बांधकर उनकी रक्षा का संकल्प लिया।वहीं बच्चों का कहना है की पेड़ हमें खाना और ऑक्सीजन देते है। इसलिए उन्हें बचाना जरुरी है।साथ ही भाई बहन के रिश्तों की अटूट डोर का प्रतीक भारतीय परंपराओं का पर्व रक्षा बंधन धूमधाम से मनाया गया। बच्चों के बीच यह त्योहार की खुशियां मनाने सरायढेला थाना के एएसआई अरविंद पांडेय तथा समाजसेवी सोहराब खान शामिल हुए। उन्होंने बच्चों को भाई बहन को आपस मे जोड़ने वाले पर्व के सामाजिक महत्व के बारे में बताते हुए राखी के त्योहार की शुभकामनाएं दी। स्कूल की छात्राओं ने पेड़ के साथ सभी भाइयो तथा अरविंद पांडेय और सोहराब खान को भी राखी बांधी और मिठाई खिलाई। प्रेसिडेंट रेनू दुदानी तथा सचिव अनिता अग्रवाल ने बच्चों को बताया कि पर्यावरण कि रक्षा बहुत जरूरी है और उन्हें रक्षा सूत्र बांध एक नेक संदेश दिया।पहला कदम स्कूल की सदैव यह कोशिश रहती है कि हर त्यौहार बच्चे स्कूल में मनाए तथा उन्हें हर त्यौहार के महत्व के बारे में पता रहे।

## मैं हूं धनबाद समूह ने स्नेह और हर्षोल्लास से मनाया रक्षाबंधन



समूह के सदस्य को राखी बांधती महिला।

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** गुरुवार को विश्वास,प्रेम, रक्षा के डोर के बंधन का त्यौहार रक्षाबंधन, मैं हूं धनबाद समूह के द्वारा स्नेह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मौके पर समूह की निर्देशिका पूजा रत्नाकर तथा कार्यक्रम निर्देशिका कल्पना झा के द्वारा समूह के सलाहकार एमडी सलाउद्दीन को माथे पर तिलक लगाकर राखी बांधा।समूह के सचिव सनोज कुमार को गुंजा कुमारी तथा कंचन ने राखी बांधी। इस अवसर पर समूह के द्वारा यह निर्णय लिया गया कि इस पवित्र बंधन को न केवल आपस में निभाना है बल्कि धनबाद की हर एक बेटी बहन की सुरक्षा जागरूकता की भी पहल करनी है। साथ ही साथ हर एक रिश्ते का नींव पेड़ पौधे को भी हमें सुरक्षित रखना है तथा इस समाज में बेटियों को बहनों को भय मुक्त जीवन देने का प्रयास करना है। समूह के सलाहकार मो. सलाउद्दीन ने कहा यह पावन त्यौहार भाई और बहन के प्यार और स्नेह तथा बहन की रक्षा का प्रतीक है। मैं हूं धनबाद समूह ने धनबादवासियों को रक्षाबंधन की बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

## मजदूरों ने मोदीडीह कोलियरी का काम किया ठप

### हाजरी को लेकर रोका काम, पांच घंटे बाद वापस लौटे



कोलियरी का काम काम ठप किये कामगार।

खबर मन्त्र संवाददाता

**कतरास।** बीसीसीएल एरिया चार अंतर्गत मोदीडीह कोलियरी के 4 नंबर और 9 नंबर हाजिरी घर में मजदूरों ने हाजिरी बनाकर कार्य को बहिष्कार किया। जिसे मोदीडीह प्रोजेक्ट पूरी तरह से ठप हो गया । प्रथम पाली सुबह 6:00 बजे के मजदुरो ने 10:00 बजे तक कार्य को बहिष्कार किया। मजदूरों ने बताया कि बायोमेट्रिक सिस्टम से हजारी में गड़बड़ी आ रही है अगर उसे दुरुस्त नहीं किया गया तब तक कार्य अनिश्चितकाल के लिए बंद रखेंगे। मजदूरों ने कहा कि इन आउट करने के बाद भी मजदूरों का हाजिरी में कटौती हो रहा है जिससे प्रत्येक महीने 70% मजदूरों का हाजिरी 3 से 10 दिन तक छूट जा रहा है। इसके बाद प्रोजेक्ट ऑफिसर मजदूरों के बीच पहुंचे। जहां मजदूरों ने हो हंगामा शुरू कर दिया। जिसके बाद प्रबंधन ने मजदूरों के साथ वार्ता कर कहा कि जल्द से जल्द मजदूरों का समस्या को दूर किया जाएगा। इसके बाद 5 घंटे के बाद कार्य पर मजदूर लौटे गए।

### पीओ को हटाने की लगाई गुहार

मोदीडीह कोलियरी के तीनों शिफ्ट में 2500 से 3000 मेंन पावर है। जिसमें प्रोजेक्ट में 1000 के लगभग मैन पावर है । वहीं मजदूरों ने प्रोजेक्ट ऑफिसर संजय चौधरी से पीओ को हटाने कि गुहार लगाया। कुछ ट्रेड यूनियन के नेताओं ने भरी जुबान से कहा कि यहां के कुछ अफसर के कारण मजदूरों के चेक लिस्ट 5 दिन पहले कोयला भवन से भेजा जाता है। उस चेक लिस्ट को डायरेक्ट जोरेक्स दुकानों में भेज दिया जाता हैं जहा मजदूरों ने 10 रुपये में खरीद कर जब देखते हैं की हाजिरी 3 से 8 दिन छूट गया है तो यह देख मजदुर दिग्भ्रमित हो जा रहे हैं।

## वाहन जांच में स्टैटिक सर्विलांस ने 2.5 लाख रुपये किया जब्त

### चेकनाका लगाकर हो रहा वाहन जांच

खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** 33 डुमरी विधानसभा उप चुनाव 2023 के मद्देनजर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त कुलदीप चौधरी के निर्देश पर जिले के सभी सीमावर्ती क्षेत्रों पर चेक नाका लगाकर सघन वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान प्रतिनियुक्त स्टैटिक सर्विलांस टीम सभी छोटे-बड़े वाहनों के साथ लग्जरी वाहनों की तलाशी कर रही है। इसी क्रम में नावाडीह प्रखंड के आहरडीह मोड़ चेक नाका पर प्रतिनियुक्त स्टैटिक सर्विलांस टीम ने वाहन जांच के दौरान एक बैग से 1 लाख 10 हजार रुपए नकद बरामद किया। वाहन संख्या- जेएच 11 एके 4978 पर सवार व्यक्ति मो सुल्तान अंसारी द्वारा उक्त राशि से संबंधित कोई दस्तावेज टीम के समक्ष प्रस्तुत नहीं किया गया। चंद्रपुरा प्रखंड के जरूवा मोड़ चेकनाका पर वाहन जांच के दौरान एसएसटीम ने जेएच 09 एएफ 0453 वाहन जांच के दौरान 01 लाख 40 हजार रुपए बरामद किया गया। वाहन पर सवार व्यक्ति निखिल कुमार द्वारा राशि से संबंधित कोई दस्तावेज टीम के समक्ष प्रस्तुत नहीं किया गया। फलस्वरूप जांच टीम द्वारा ये रुपए जब्त कर लिये गए। इस मामले की सूचना जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त बोकारो व्यय प्रेक्षक डुमरी विधानसभा निवार्ची पदाधिकारी डुमरी विधानसभा आदि को दे दी गई है।

## बेरमो : सर्विलांस टीम ने चंद्रपुरा में वाहन से जब्त किये 1.40 लाख

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो।** डुमरी उपचुनाव को लेकर बोकारो जिले के बेरमो अनुमंडल क्षेत्र में वाहनों की सघन जांच की जा रही हैण इस दौरान स्टैटिक सर्विलांस टीम ने 31 अगस्त को चंद्रपुरा प्रखंड के जरूवा मोड़ चेकनाका पर एक वाहन से एक लाख 40 हजार रुपए बरामद किया। वाहन पर सवार व्यक्ति निखिल कुमार ने टीम के समक्ष रुपयों से संबंधित दस्तावेज नहीं प्रस्तुत कियाण इसके बाद टीम ने राशि जब्त कर ली। सहायक निवार्ची पदाधिकारी सह चंद्रपुरा बीडीओ रेणुबाला ने बताया कि चंद्रपुरा थाना क्षेत्र के पश्चिमी तेलो निवासी निखिल कुमार के वाहन से जरुवा मोड़ चेकनाका पर जांच के दौरान 1 लाख 40 हजार रुपए बरामद हुए हैंण ज्ञात हो कि इससे पहले 26 अगस्त को चंद्रपुरा. हरिणा हीरक रोड पर तरंगा चेक नाका पर वाहन जांच में सफेद रंग की बोलोरो गाड़ी से 10 लाख रुपए बरामद हुए थेण इसी प्रकार 30 अगस्त को नावाडीह के आहरडीह मोड़ चेकनाका पर एक वाहन से 1 लाख 10 हजार रुपए बरामद किए गए थे।

## उपायुक्त ने केंद्र प्रभारियों को दिया निर्देश

खबर मन्त्र संवाददाता



डुमरी उप चुनाव को लेकर बैठक करते डीसी।

**बोकारो।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त कुलदीप चौधरी ने 33 डुमरी विधानसभा उप निर्वाचन में मतदान के सफल संचालन को लेकर नावाडीह एवं चंद्रपुरा प्रखंड के बीडीओध्सीओ एवं विभिन्न क्लस्टर प्रभारियों के साथ बैठक की। बैठक में वरीय पदाधिकारी सह उप विकास आयुक्त श्रीमती कीर्ति श्री विधि व्यवस्था सह एमसीसी कोषांग के वरीय पदाधिकारी अनिल कुमार सिंह उप निर्वाचन पदाधिकारी वंदना शेजवलकर आदि उपस्थित थे। श्री चौधरी ने नावाडीह प्रखंड के 17 एवं चंद्रपुरा प्रखंड के 04 क्लस्टरों के क्लस्टर प्रभारियों एवं संबंधित प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारियों अंचलाधिकारियों से क्लस्टरों पर उपलब्ध मूलभूत सुविधा की प्रगति के संबंध में सभी को अविलंब कार्यों को पूरा करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने समन्वय स्थापित कर क्लस्टर केंद्र प्रभारियों को समय पर कार्य निष्पादन को लेकर जरूरी दिशा.निर्देश दिया। साथ ही यह भी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि क्लस्टर केंद्रों से किसी भी तरह की कोई शिकायत नहीं मिले। बैठक में सभी सम्बद्ध पदाधिकारी उपस्थित थे।

## मनोकामना सिद्धि देववृक्ष कल्पतरु महोत्सव संपन्न

### पर्यावरण मित्र वाटिका

खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** स्वास्थ्य एवं पर्यावरण संरक्षण संस्थान द्वारा बोकारो के पर्यावरण मित्र चौक स्थित पर्यावरण मित्र वाटिका में आयोजित तीन दिवसीय मनोकामना सिद्धि देववृक्ष कल्पतरु महोत्सव के अंतिम दिन कल्पतरु की शाखाओं में भगवान शिव का पूजन किया गया तत्पश्चात रुद्राभिषेक और मनोकामना सिद्धि प्रार्थना की गई और मनोकामना सूत्र बंधन के बाद आरती एवं प्रसाद वितरण किया गया । संस्थान के महासचिव शशि भूषण ओझा मुकुल ने कहा कि देव वृक्ष कल्पतरु की पूजा कर जो मनोकामना शुद्ध दिल से मांगी जाती है वह निश्चित ही पूरी होती है तथा मान्यतानुसार यह वृक्ष ब्रह्मा, विष्णु और शिव का स्वरूप है। पं चंदन शास्त्री एवं पं अखिलेश ओझा ने वैदिक मंत्रों से देववृक्ष कल्पतरु भगवान का तीनों दिन विधिवत पूजन कराया। मौके पर शशि भूषण ओझा, मुकुल रघुबर प्रसाद, बबलू पांडेय, लक्ष्मण शर्मा, मृणाल चौबे, विष्णु शंकर मिश्र, विजय प्रसाद गुप्ता, बिमलेश पांडेय, पप्पू चौबे, योगेंद्र सिंह, गौरी शंकर सिंह, अक्षय दुबे, रवि रंजन कुमार, उर्मिला शर्मा, राम कुमारी देवी, मंजुलता दुबे, अजीत भगत, दयाराम परमार, अभिषेक चौबे, आशीष पांडेय, विनोद कुमार, मिथिलेश पांडेय, अजय चौबे, अरुण शर्मा आदि उपस्थित रहकर पूजन किए।



पर्यावरण मित्र वाटिका में पूजन करते ब्राह्मण।

## बेरमो में हर्षोल्लास से मना रक्षाबंधन

**बेरमो।** भाई-बहनों के अटूट प्रेम का प्रतीक रक्षाबंधन का त्यौहार काफी धूमधाम के साथ बेरमो कोयलांचल में मनाया गया। मुहूर्त के कारण 30 अगस्त को रात्रि 9 बजे के बाद कुछ बहनों ने भाइयों को राखी बांधी। जबकि अधिकांश जगहो में 31 अगस्त की सुबह से वाहनों ने अपने भाइयों को राखी बांधकर उनके सुख समृद्धि और दीघार्यु होने की कामना की जबकि भाइयों ने बहनों की रक्षा का वचन दिया और उन्हें आशीर्वाद स्वरूप अपनी क्षमता के अनुसार कुछ उपहार प्रदान किया।

## अस्पताल मानव जीवन का अहम हिस्सा : एडीआरएम

### मंडल रेलवे अस्पताल में दंत चिकित्सा उपकरणों का लोकार्पण



चिकित्सा उपकरण का लोकार्पण करते अधिकारी।

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** धनबाद मंडल रेलवे अस्पताल में दंत चिकित्सा के लिए आवश्यक आधुनिक उपकरणों की व्यवस्था मंडल प्रशासन द्वारा उपलब्ध कराई गई है। अब रेलकर्मियों और उनके आश्रितों को दांत संबंधित विभिन्न समस्याओं के उपचार के लिए प्राइवेट चिकित्सकों के पास नहीं जाना होगा। मंडल प्रशासन द्वारा उपलब्ध कराए गए आवश्यक उपकरणों के माध्यम से दांतों का एक्स रे, आर सी टी, रिमूवल, आदि की सुविधा की व्यवस्था सहज ही मिल सकेगी। ईस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन द्वारा मंडल रेल प्रबंधक के साथ होने वाली पी एन एम बैठक में रेलकर्मियों और उनके आश्रितों के लिए दंत समस्याओं के समाधान के लिए मंडल रेलवे अस्पताल धनबाद में आवश्यक उपकरणों को उपलब्ध कराने की मांग रखी गई थी। इस मांग पर रेलवे प्रशासन द्वारा पहल करते हुए इन आवश्यक उपकरणों की व्यवस्था की गई है। गुरुवार को धनबाद के अपर मंडल रेल प्रबंधक विनीत कुमार तथा ईसीआरकेयू के अपर महामंत्री सह पी एन एम ईंचार्ज मो ज्याऊद्दीन द्वारा इन उपकरणों को रेलकर्मियों को उपयोग करने के लिए लोकार्पण किया गया मौके पर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डीएल चौरसिया तथा ईसीआरकेयू के अपर महामंत्री ओमप्रकाश तथा केन्द्रीय कोषाध्यक्ष सह एआईआरएफ के जोनल सेक्रेटरी ओ पी शर्मा भी उपस्थित रहे।

### चिकित्सक कक्ष, लैस और वार्ड का निरीक्षण

मौके पर अपर मंडल रेल प्रबंधक ने ईसीआरकेयू प्रतिनिधियों के साथ अस्पताल के चिकित्सक कक्षों, लैब, वार्ड तथा अन्य विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण किया। ईसीआरकेयू प्रतिनिधियों ने विभिन्न कमियों की ओर उनका ध्यान आकृष्ट कराया और मरीजों के लिए विभिन्न सुविधाओं तथा आधुनिक उपकरणों की व्यवस्था कराने की मांग रखी। अपर मंडल रेल प्रबंधक ने कहा कि अस्पताल मानव जीवन का अहम हिस्सा है इसको पर्याप्त सुविधा से युक्त रखना हमारी सामुहिक जिम्मेदारी है। आवश्यक प्रगति के लिए अस्पताल विजिटिंग कमिटी को पुनर्गठन कर सक्रिय किया जाएगा। इस कार्यक्रम में धनबाद स्थित ईसीआरकेयू के शाखाओं से सरजू प्रसाद,नंदलाल शर्मा, बसंत दूबे, अशोक कुमार, पिंटू कुमार,सोमेन दत्ता,एन के खवास,अजय सिंहप्रशांत बनर्जी, नेताजी सुभाष, सी एस प्रसाद,धुरेन्द्र यादव, विमान मंडल, सुरेन्द्र चौहान और लियाकत अली मौजूद थे।

## एक नजर में

### कोयलांचल में हर्षोल्लास से मना रक्षाबंधन



धनबाद में भाई को राखी बांधती बहन।

**धनबाद।** भाई बहन के अटूट प्रेम का त्यौहार रक्षाबंधन कोयलांचल में गुरुवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। हालांकि भद्रा नक्षत्र होने के कारण लोगों में असमंजस का माहौल था कि रक्षाबंधन किस दिन मनाया जाए। रक्षाबंधन (31 अगस्त गुरुवार) को बहने प्रातः काल उठकर नित्य क्रिया से निव्रित होकर अपने कुल देवता का पूजन कर बहने गायत्री मंत्र पढ़ते हुए अपने भाई (पूर्व या उत्तर दिशा मुख) के माथे पर तिलक चंदन और अक्षत लगाकर दीपक जला कर भाई की कलाई पर राखी बांधकर आरती उतारते हुए भगवान श्री कृष्ण से भाई की लंबी उम्र का वरदान मांगी गई। तथा उसे हमेशा विजई होने के लिए भाई की आरती भी उतारी गई। भाइयों को बहनों ने मिठाई खिलाई। भाइयों ने बहनों को उपहार प्रदान किया।

### बीएसएल में जीएचजी उत्सर्जन पर कार्यशाला

**बोकारो।** पर्यावरण संरक्षण एवं सस्टेनेबिलिटी विभाग ने एचआरडी के सहयोग से 2030 से पहले सेल बोकारो स्टील प्लांट में प्रति टन क्रूड स्टील के उत्पादन में जीएचजी उत्सर्जन के स्तर को 2 टन से कम करने के लिए एक अभियान शुरू किया है जिसके तहत एचआरडी में प्लांट के सभी प्रशिक्षण अधिकारियों के लिए एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। जीएम ;पर्यावरण संरक्षण व सस्टेनेबिलिटी एनपी श्रीवास्तव और एजीएम नितेश रंजन की ओर से कार्य योजना के संबंध में प्रस्तुति किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सीजीएम उपयोगिताएँ अतिरिक्त प्रभार सीजीएम अनुरक्षण पीके बैसाखिया ने जीएचजी उत्सर्जन में कमी और पर्यावरण अनुकूल स्टील के उत्पादन के लिए सभी लोगों के ठोस प्रयास करने पर जोर दिया। जीएम ;एचआरडीद्ध सुश्री देबाश्री रानी टोप्पो ने ग्रीन हाउस गैस उत्सर्जन में कमी के लिए स्टील बनाने की प्रौद्योगिकियों और परिचालन दक्षता के क्षेत्र में इनोवेशन का आह्वान किया। कार्यशाला का संचालन एजीएम नितेश रंजन द्वारा किया गया।

### आदर्श विद्या आश्रम में राखी मिलन प्रतियोगिता



राखी मिलन प्रतियोगिता में शामिल छात्र छात्राएं।

**बोकारो/तालगड़िया।** चंदनकियारी प्रखंड के पर्वतपुर स्थित आदर्श विद्या आश्रम में राखी बनाओ प्रतियोगिता सह राखी मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर छात्राओं ने विभिन्न प्रकार की रंग.बिरंगी और खूबसूरत राखी बनाई। प्रधानाध्यापक जन्मेजय महतो ने कहा कि राखी एक अटूट विश्वास का प्रतीक है। इसे हर बहन अपने भाई की सलामती के लिए एक विश्वास का डोर बांधती है। हर सभ्यता के पीछे एक उद्देश्य छिपा होता है। मौके पर तिलकधारी महतो, साधु चरण महतो, अर्चना देवी, संजय कुमार महतो, अजय कुमार महतो, वासुदेव दास वैष्णव, सोहन बाउरी, नैना कुमारी सिंह, प्रतिमा देवी समेत अन्य लोग मौजूद थे।

### बेरमो में इंटर कॉलेज ताइक्वांडो टूर्नामेंट

**बेरमो।** बेरमो स्थित के बी कॉलेज की मेजबानी मे एकदिवसीय इंटर कॉलेज पुरुष एवं महिला वर्ग ताईक्वांडो टूर्नामेंट का शुभारंभ एक सितंबर 2023 को कॉलेज के प्रांगण में सुबह 10 बजे से प्राचार्य डॉ के पी सिन्हा की अध्यक्षता में होना लगभग तय है। इस आयोजन के उद्घघाटन मुख्य अतिथि दिनेश कुमार गुप्ता जी एम कथारा सीसीएल होंगे। समाचार लिखे जाने तक ठठडझ्न के पांच कॉलेज की टीम का नाम टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए आया है। जिनमें कतरास कॉलेज, बोकारो स्टील सिटी कॉलेज बोकारो, एसएस कॉलेज चास, जेएस एम कॉलेज फुसरो, केबी कॉलेज बेरमो हैं। जबकि पुरस्कार वितरण के लिए एक सितंबर तीन बजे से समय निर्धारित किया गया है जिसके लिए डॉ एस के सिन्हा को आमंत्रित किया गया है।उपरोक्त जानकारी केबी के प्रोफेसर सह मीडिया प्रभारी डॉ प्रभाकर कुमार ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर मीडिया को दी।

### भारत जोड़ो अभियान की 11 सदस्यीय टीम ने डुमरी क्षेत्र का किया दौरा

**बेरमो।** डुमरी विधानसभा क्षेत्र में भारत जोड़ो अभियान की एक 11 सदस्य टीम ने दौरा किया। भारत जोड़ो अभियान भारत की और झारखंड की सांस्कृतिक विविधता सामाजिक ताना.बाना झारखंड के संघर्ष और झारखंड के नवनिर्माण के सवाल को लेकर डुमरी विधानसभा क्षेत्र की जनता से रूबरू हुई। स्वर्गीय जगन्नाथ महतो जैसे महापुरुष जिसे अपना सर्वस्व न्योछावर किया और अपनी पढ़ाई लिखाई सब कुछ कुर्बान कर दिया। झारखंड राज्य के निर्माण के लिए। आज यही वजह है कि हम लोग झारखंड राज्य में शांति और खुशहाली से जी रहे हैं।

# भ्रष्टाचार बनेगा मुद्दा?

हर चुनाव में भ्रष्टाचार बड़ा मुद्दा होता है। कई सरकारें भ्रष्टाचार के मुद्दे पर विदा की गईं, लेकिन भ्रष्टाचार उन्मूलन के नाम पर सत्ता में आई सरकारों में भी यह स्थिति बदली नहीं है। वैश्विक सर्वे में हर बार भारत भ्रष्टाचार के पायदान में चढ़ता या उसके आसपास ही दिखता है। कहने को तो राजग सरकार ने भ्रष्टाचार उन्मूलन को अपनी प्राथमिकता बनाया है लेकिन परिणाम वही ढाक के तीन पात रहे। हाल ही में केंद्रीय सतर्कता आयोग यानी सीवीसी की भ्रष्टाचार पर आई रिपोर्ट कमोबेश यही स्थिति दशार्ती है। सीवीसी की रिपोर्ट में रेलवे, गृह मंत्रालय तथा बैंकों में अनियमितताओं की सबसे अधिक शिकायतें पायी गई हैं। रिपोर्ट चौंकाती है कि केंद्र सरकार के विभिन्न विभागों के अधिकारियों के खिलाफ एक लाख पंद्रह हजार अनियमितताओं की शिकायतें दर्ज की गई हैं। चिंता की बात यह है कि जनहित के लिये जवाबदेह गृहमंत्रालय के अधिकारियों के खिलाफ सबसे ज्यादा शिकायतें दर्ज हुईं। इन शिकायतों में से आधी शिकायतों का निस्तारण हो पाया है। वैसे तो नियम से सीवीसी को ऐसी शिकायतों का निदान तीन माह के भीतर करना होता है, लेकिन बड़ी संख्या में शिकायतें तीन माह से अधिक समय से लंबित हैं। यह स्थिति तब है जबकि राजग सरकार का दावा रहा है कि भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टोलरेंस की नीति का पालन किया जायेगा। विडंबना है कि जिस विभाग के पास कानून-व्यवस्था को बनाये रखने का दायित्व है, उसी में अनियमितताओं के ज्यादा मामले सामने आए हैं। सवाल यह भी है कि जब केंद्रीय सरकार के विभिन्न विभागों में बीते एक साल में भ्रष्टाचार के एक लाख पंद्रह हजार मामले दर्ज हुए हैं, तो राज्य सरकारों के विभिन्न विभागों की क्या स्थिति होगी।

# टूटता विश्वास

वर्ष 2018 में जोर-शोर से लाई गई इस महत्वाकांक्षी जन स्वास्थ्य योजना को व्यापक पैमाने पर जनहित में बताया गया था। जिसका मकसद था कि देश के गरीब व कमजोर वर्गों को महंगे इलाज के खर्च से बचाने के लिये उनका चिकित्सा व्यय कम किया जाएगा। पिछले सप्ताह संसद में पेश की गई नियंत्रक और महालेखा परीक्षक यानी कैग की रिपोर्ट में बताया गया कि ऐसे करीब साढ़े तीन हजार कथित मरीजों के इलाज पर लगभग सात करोड़ रुपये का भुगतान किया गया, जिन्हें योजना के डेटा बेस में पहले मृत दिखाया गया था। यह तथ्य भी कम चौंकाने वाला नहीं है कि योजना के तहत साढ़े सात लाख लाभार्थियों को एक ही मोबाइल नंबर से जोड़ा गया था। वहीं एक हजार दो सौ से अधिक लाभार्थियों को एक ही फर्जी आधार नंबर से जोड़ा गया। जाहिर है कई स्तर पर सुनियोजित तरीके से धांधली को अंजाम दिया गया। निश्चित तौर पर इस योजना के त्रुटिरहित क्रियान्वयन व निगरानी की जिम्मेदारी जिन संस्थाओं को दी गई थी, उन्होंने सजग व सतर्क होकर अपने दायित्वों का निर्वहन नहीं किया। संसद में कैग की रिपोर्ट का खुलासा होने के बाद सरकार ने लोकसभा को सूचित किया कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण यानी एनएचए द्वारा जारी दिशानिर्देशों का अनुपालन न करने तथा संदिग्ध गतिविधियों में शामिल होने के कारण देश के 210 अस्पतालों को योजना के पैनल से हटा दिया गया। साथ ही 188 अन्य अस्पतालों के लाइसेंस निलंबित कर दिये गये। निस्संदेह, जनविश्वास की प्रतीक इस जन स्वास्थ्य योजना में बड़ी धांधली की व्यापक पैमाने पर जांच की जानी चाहिए। जाहिरा तौर पर कई स्तरों पर लापरवाही और दायित्वों के निर्वहन में चूक के चलते शातिर लोग इस योजना में धांधली करने में सफल हुए।

# राम मंदिर का निर्माण है संस्कृति की पुनर्स्थापना

**विश्व** हिन्दू परिषद ने पूज्य संतो के आदेश से, विश्व का सहस्त्राब्दी का सबसे बड़ा अहिंसक जनान्दोलन प्रारम्भ की। श्री राम जन्मभूमि आंदोलन के अनतर्गत देश के साढ़े तीन लाख गांवों में श्रीरामशिला पूजन हुई। 9 नवम्बर 1989 को श्री कामेश्वर चौपाल जी के हाथों राम मन्दिर का शिलान्यास किए। 30 अक्टूबर,1990 को तत्कालीन मुख्यमंत्री की गर्वोक्ति को चूर कर हजारों कारसेवकों ने रामजी की नगरी में प्रवेश किया परन्तु अवध की इस पावन धरती पर रामभक्तों ने जल्लाद सरकार के द्वारा चलाए गए गोली खाकर अपने पवित्र रक्त से लाल करते हुए हिन्दू समाज के लिए सैकड़ों कारसेवक सर्वोच्च बलिदान दे दिए।

गीता जयन्ती (6 दिसम्बर,1992) को देशभर से एकत्रित कारसेवक के आंखों में मन्दिर निर्माण का संकल्प ने न्यायालय का अवरोध को परवाह किए बगैर 1528 से हिन्दू पौरुष को चुनौती दे रहा कलंक का प्रतीक ढांचा कारसेवकों के कोप से ढह गया। यह हिन्दू समाज का शौर्यावतार था। उसी दिन से टाट के मन्दिर में विराजमान रामलला, प्रस्तावित मन्दिर के 60 प्रतिशत पत्थर और गांव-गांव से पूजित शिलाएं भव्य राममन्दिर निर्माण की प्रतीक्षा श्रीअयोध्या जी में कर रहीं थीं। परिषद ने जागरण के महाभियान के साथ साथ कानूनी लड़ाई भी लड़ी। 30 सितम्बर, 2010 को न्यायालय ने भी रामलला की जन्मभूमि यही है यह मान तो लिया लेकिन जन्मभूमि का विभाजन कर दिया। हिन्दू समाज को नैतिक विजय तो मिली लेकिन जन्मभूमि पर मन्दिर निर्माण का मार्ग प्रशस्त नहीं हो सका। देश की सर्वोच्च अदालत में अपील हुई। 6 वर्ष तक मामला जस का तस। एक बार तो न्यायालय ने यह तक कह दिया यह विषय हमारी प्राथमिकता में नहीं है। पूज्य संतो ने एक बार पुनः आह्वान किया हिन्दू समाज को। देश में 5 विराट सहित सैकड़ों हिन्दू सम्मेलन हुये। 25 नवम्बर 2018 को रामलला की नगरी में एक बार फिर आन्दोलन के प्रारंभिक काल का दृश्य दिखाई पड़ा। जनज्वार उमड़ा। हिन्दू ने अपनी प्राथमिकता बता दी ₹राम जी के जन्मस्थान पर ही भव्य मन्दिर₹बने।अन्ततः वह शुभ घड़ी आ ही गयी मुख्य न्यायाधीश गोगोई जी की अध्यक्षता में खण्ड पीठ ने सर्वसम्मत निर्णय सुनाया जहां रामलला टाट के मन्दिर में विराजमान हैं, वही रामलला की जन्मभूमि है। मन्दिर निर्माण का मार्ग प्रशस्त हो गया। 76 लड़ाइयों में हमारे लाखों पुरखों के बलिदान का सुफल हिन्दू हृदय सम्राट माननीय अशोक सिंघल जी के प्रेरक नेतृत्व ,महन्थ अवैद्यनाथ जी,परमहंस रामचन्द्र दास जी जैसे हजारों पूज्य संतो के मार्गदर्शन का सुफल हिन्दू समाज के त्याग, साधना व बलिदान का सुफल 5 अगस्त, 2020 को भव्य मंदिर का भूमिपूजन से हुई। विगत 1000 वर्ष में हिन्दू समाज के सबसे बड़ी विजय का महापर्व और हिन्दू के स्वर्ण युग का पुनरारम्भ हुआ। हमारी पीढ़ी भाग्यवान है ,हम इस सुदिन के साक्षी रहे।





- डॉ विरेन्द्र साहू

> मन्दिर निर्माण का मार्ग प्रशस्त हो गया। 76 लड़ाइयों में हमारे लाखों पुरखों के बलिदान का सुफल हिन्दू हृदय सम्राट माननीय अशोक सिंघल जी के प्रेरक नेतृत्व ,महन्थ अवैद्यनाथ जी,परमहंस रामचन्द्र दास जी जैसे हजारों पूज्य संतो के मार्गदर्शन का सुफल हिन्दू समाज के त्याग, साधना व बलिदान का सुफल 5 अगस्त, 2020 को भव्य मंदिर का भूमिपूजन से हुई। विगत 1000 वर्ष में हिन्दू समाज के सबसे बड़ी विजय का महापर्व और हिन्दू के स्वर्ण युग का पुनरारम्भ हुआ।

विहिप के अह्वान पर 1996 में काश्मीर के आतंकवादियों की विरोध के चुनौतियों को स्वीकार कर लाखों हिन्दूओं की अमरनाथ यात्रा, 2007 में श्रीरामसेतु को बचाने हेतु सड़क पर उतरना, बुढ़ा अमरनाथ यात्रा करना इत्यादि कई बड़े जनआंदोलन हुआ है।

महर्षि देवल, परशुरामाचर्य, स्वामी रामानन्द तथा स्वामी दयानन्द की परम्परा को आगे बढ़ाते हुए विश्व हिन्दू परिषद अपने स्थापना काल से ही धर्मान्तरित बंधुओं के घर वापसी के सत्कार्य में लगा है । मठ मंदिर,अर्चक-पुरोहित तीर्थ और संस्कृत की पुनर्प्रतिष्ठा का कार्य भी परिषद् सफलता पूर्वक कर रहा है।

गिरिवासी वनवासी अंचलों में अपने बंधुओं के बीच 1 लाख से अधिक एकल विद्यालयों के माध्यम से सेवा कार्य में निरन्तर लगा हुआ है। प्रतिवर्ष हजारो गोवंश की रक्षा,जेहादियों के चंगुल से हिन्दू बहनों को मुक्त कराने सहित अनेक धर्मिक व सांस्कृतिक जनजागरण का कार्य निरन्तर चलाया जा रहा है।

कर्नाटक स्थित हिन्दू सम्मेलन में पूज्य संतगणों और पूज्य श्री गुरुजी की उपस्थिति में पूज्य संतों द्वारा हिन्दू समाज में पराधीनता के लम्बे कालखण्ड के दुष्परिणाम से व्याप्त अश्पृश्यता के विरुद्ध प्रस्ताव पारीत किए गए जो हिन्दू समाज के लिये ऐतिहासिक क्षण था। पूज्य संतो ने घोषणा की कि छुआछूत शास्त्रसम्मत नहीं, जन्म के आधार पर कोई बड़ा अथवा छोटा नहीं, कोई पावन नहीं, कोई अपवित्र नहीं, हम सब ऋषिपुत्र हैं, भारतमाता की सन्तान हैं व सहोदर भाई हैं। यहाँ हम हिन्दू समाज को हिंदवः सोदराः सर्वे,न हिन्दू पतितो भवेत। मम दीक्षा हिन्दू रक्षा,मम मन्त्र समानता।। एवं धर्मो रक्षति रक्षितः ध्येयवाक्य मिला। विश्व भर में निवास कर रहे हिन्दू समाज को जाति, मत, पंथ, भाषा, भौगोलिकसीमा से ऊपर उठकर आग्रही, संगठित, सशक्त, श्रद्धालु, अपने पूर्वज परम्परामान्यता - मानबिन्दुओं पर गौरव रखने वाले तथा इनकी पुनर्प्रतिष्ठा करने के लिये सर्वस्व न्योछावर करने का संकल्प लेने वाले हिन्दू को खड़ा करना विश्व हिन्दू परिषद मुख्य उद्देश्य है। विहिप के द्वारा गोवंशरक्षा, अपने ही देश में हिन्दू शरणार्थी, बांग्लादेशी घुसपैठिये, जेहादी आतंकवाद, लव जेहाद, नक्सलवाद, विदेशी धन से ईसाईकरण, सिमटती पतिपावनी गंगा तथा पर्यटन केंद्र में बदलता देवतात्मा हिमालय , मुस्लिम तुष्टिकरण, एक ही देश में दो विधान आदि विषयों पर निरन्तर चिन्तन कर समाधान के मार्ग ढुंढे जा रहे है तथा चुनौतियों का सामना करने के लिए अनथक श्रम कर गिरिवासी, वनवासी, नगरवासी,ग्रामवासी हिन्दू समाज में से लक्षाधिक कार्यकर्त्ता खड़ा कर गांव-गांव तक संगठन के तंत्र को फैला रहा है।

आज विहिप पूरे विश्व में अपना विस्तार पा रहा है। निश्चित ही सांस्कृतिक मूल्यों की स्थापना का सबसे बड़ा प्रतीक राम मंदिर जनवरी 2024 में तैयार हो जाएगा। ( लेखक विहिप के प्रांत मंत्री हैं।

## खास बात

### परास्त मानवता

**सुधांशु कुमार**

कोरोना की शुरूआत में जब पूरे विश्व को आशंका थी कि अपने सीमित संसाधनों और विशाल जनसंख्या के कारण कोरोना भारत में त्राहिमाम मचा देगा, तब हमने अपनी सूझबूझ से महामारी को अपने यहाँ काबू में करके सम्पूर्ण विश्व को चौंका दिया था। रातों रात ट्रेनों तक में अस्थाई कोविड अस्पतालों औ? जाँच लैब का निर्माण करने से लेकर पीपीई किट, वेंटिलेटर, सैनिटाइजर और मास्क का निर्यात करने तक भारत ने कोविड से लड़ाई जीतने में कोई कसर नहीं छोड़ी थी।

सबसे बड़ी बात यह थी कि भारत इतने पर नहीं रूका। भारत ने कोरोना के साथ इस लड़ाई को अंजाम तक पहुंचाने के लिए वैक्सीन का निर्माण भी कर लिया था। लगने लगा था कि कोरोना से इस लड़ाई में हम बहुत आगे निकल आए हैं लेकिन फिर अचानक से क्या हुआ कि परिस्थितियां हमारे हाथ से फिसलती गईं और हम हार गए। एक देश के रूप में, एक सभ्यता के रूप में, एक सरकार के रूप में, एक प्रशासनिक तंत्र के रूप में।

आज देश जिस स्थिति से गुजर रहा है वो कम से कम कोरोना की दूसरी लहर में तो स्वीकार नहीं हो सकती। हाँ, अगर कोरोना की पहली लहर में यह सब होता तो एक बार को समझा जा सकता था कि देश इन अप्रत्याशित परिस्थितियों के लिए तैयार ही नहीं था। लेकिन आज? कहाँ गया वो इंफ्रास्ट्रक्चर जो कोरोना की पहली लहर में खड़ा किया गया था? कहाँ गए वो कोविड के अस्पताल? कहाँ गए वो बड़े बड़े दावे? जब वैज्ञानिकों ने पहले से ही कोविड की दूसरी लहर की चेतावनी दे दी थी तो यह लापरवाही कैसे हो गई? आज अचानक देश बेड और ऑक्सीजन की कमी का सामना क्यों कर रहा है?

वो देश जिसकी दुनिया भर में फामेर्सी के क्षेत्र में 60 प्रतिशत से अधिक की हिस्सेदारी है, वो कोरोना में इस्तेमाल होने वाली दवाओं की किल्लत से क्यों जूझ रहा है? अधिकांश राज्य सरकारें औ? प्रशासन एक वायरस के आगे बौने क्यों दिखाई पड़ रहे हैं?

ये जमाखोरों और काला बाजारी करने वालों के आगे भी बेबस नजर आ रही हैं। इससे शर्मनाक स्थिति और कुछ नहीं है।

# महामारी की मार

## विचार-प्रवाह

**अमीश**

**हम** दोनों रविवार को बातचीत करते हैं। लंदन और मुंबई के बीच अमूमन इसी तरह होती है बातचीत। कुछ दिनों से चर्चा का सिरा एक किताब की ओर मुड़ गया है, जिस पर हमने काम किया है। पिछले रविवार हमारी बातचीत महामारी से हटकर लेखकों और दुनिया के बारे में उनके नजरिए की ओर बढ़ गई। खासतौर से दो लेखकों जेआरआर टोकीन और जॉर्ज आर आर मार्टिन की ओर। पश्चिमी जगत में आधुनिक दौर के फैंटेसी फिक्शन लिटरेचर में इन दोनों का बड़ा नाम है। एक का नाम लॉर्ड ऑफ द रिंग्स से जुड़ा है तो दूसरे का गेम ऑफ थ्रोंस से। शानदार लेखक हैं दोनों। कमोबेश हर लिहाज से सज्जन। दो शानदार सोच वाले लोग और दुनिया के बारे में अलग-अलग दो नजरिए वाले भी।

कुछ लोग कह सकते हैं कि धर्म के बारे में बात करने के लिए पश्चिमी लेखकों की चर्चा क्यों? क्यों नहीं कर सकते जिक्र? देवी सरस्वती तो सबको आशीर्वाद देती हैं। ज्ञान वर्षा हर तरफ से होती है। इसमें देशों और सभ्यताओं की इंसानी सीमाएं नहीं डाल पाती हैं बाधा। टोकीन दुनिया को जिस तरह देखते हैं, उसके पीछे सज्जनता है, अच्छाई है और सही या गलत के बारे में एक साफ-सुथरी नैतिकता है। लॉर्ड ऑफ द रिंग्स में हिंसा दिखती है, लेकिन वह भी सम्मान के लिए है।

मार्टिन की नजर में दुनिया लेकिन ऐसी नहीं है। वह जो दुनिया देखते हैं, उसमें कुटिलताएं हैं, वह दुनिया पाशविक है, निर्मम है। पतनशील, अनैतिक और हिंसक दुनिया। गेम ऑफ थ्रोंस में अक्सर बिना मकसद के हिंसा होती है, महज इसलिए कि कोई किरदार वैसा कर सकता है।

## कार्टून वर्ल्ड




## लेटर टू एडिटर

### ढील-लापरवाही की देन

**कोरोना** महामारी ने एक बार फिर गति पकड़ ली है। पिछले साल में बिगड़ी व्यवस्था अभी पटरी पर भी नहीं आ पायी फिर से लाकॅडाऊन लगाने की नौबत आ गई है। आमजन ने इस बीमारी को हल्के में लिया, उसका ही परिणाम सामने आ रहा है। धार्मिक आयोजनों पर कोई रोक नहीं है। ऐसा लगने लगा कि कोरोना भीड़ से डरता है। ढील से कोरोना पैर पसारने लगा है। **-जगदीश रांची**

### झूठे मुकदमों में वृद्धि

उल्लेखनीय है कि कुछ इसी तरह के मामले में पिछले माह इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने कहा था ह्यदुष्कर्म के झूठे मुकदमों की प्रवृत्ति इतनी तेजी से बढ़ रही है कि वास्तविक मामले अपवाद जैसे लगने लगे हैं। कोर्ट ने यह भी कहा कि समय आ गया है कि अदालतें ऐसे मामलों में जमानत याचिकाओं की सुनवाई करते समय बहुत सतर्क रहें। कानून पुरुष के खिलाफ बहुत पक्षपाती है। **- रवि, रांची**

**अकेलेपन** का बल पहचान !!

पूज्य बाबूजी की कविता ! समय और हालात ने भले हम सब को अकेला , असहाय कर दिया हो । लेकिन एक अकेले का अपना भी एक बहु प्रचंड बल होता है । धीरज रखें सब ठीक हो जाएगा

**- अमिताभ बच्चन**

## आपके ट्वीट

**विशेषकर** माताओं-बहनों से मैं आग्रह करता हूँ कि भाजपा-आजसू के झांसे में न आयें। यह एक तरह महंगाई को आसमान पर ले जाते हैं दूसरी तरफ चूल्हा प्रमुख बनाकर बहकाने की कोशिश करते हैं।

**- हेमंत सोरेन, सीएम**





**गैस** की कीमतों में कटौती होने से मेरे परिवार की बहनों की सहूलियत बढ़ेगी और उनका जीवन और आसान होगा। मेरी हर बहन खुश रहे, स्वस्थ रहे, सुखी रहे, ईश्वर से यही कामना है।

**- नरेन्द्र मोदी**

# खाद्यान्न की महंगाई से बढ़ेगा जोखिम!

**नागेन्द्र सिंह**

**जुलाई** महीने में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित मुद्रास्फीति दर बढ़कर 15 महीने के उच्च स्तर 7.44 प्रतिशत पर पहुंच गई।

केंद्र सरकार महंगाई को नियंत्रित करने के उपायों को लेकर भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) का समर्थन कर रही है। केंद्र सरकार ने भी संकेत दिए थे कि वह कीमतों को नियंत्रित करने के लिए व्यापार नीति का उपयोग कर सकती है और इसके बाद ही केंद्र ने पिछले हफ्ते प्याज पर निर्यात शुल्क लगाने का फैसला किया था। हालांकि, कीमतों को नियंत्रित करने की दिशा में यह कोई पहला कदम नहीं था क्योंकि सरकार ने हाल ही में चावल के निर्यात और दालों जैसे कुछ अन्य खाद्य पदार्थों के भंडारण पर भी प्रतिबंध लगाए हैं।

जुलाई महीने में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित मुद्रास्फीति दर बढ़कर 15 महीने के उच्च स्तर 7.44 प्रतिशत पर पहुंच गई और अगस्त में भी इसके केंद्रीय बैंक, आरबीआई के उच्चतम लक्षित दायरे से ऊपर रहने की उम्मीद है। यह दर काफी हद तक खाद्य वस्तुओं की बढ़ती कीमतों के कारण चढ़ी है, ऐसे में अल नीनो प्रभाव के कारण मॉनसून की प्रगति को लेकर बनी अनिश्चितता की स्थिति ने जोखिम बढ़ा दिया है।

देश के विभिन्न हिस्सों में कम बारिश हुई है, इसकी वजह से भी कृषि उत्पादन प्रभावित हो सकता है। आरबीआई के अर्थशास्त्रियों द्वारा हाल ही में किए गए

## सामयिक

एक अध्ययन में कहा गया है कि दक्षिण-पश्चिम मॉनसून न केवल खरीफ फसलों के लिए बल्कि रबी फसलों के लिए भी उतना ही महत्त्वपूर्ण बना हुआ है। हालांकि खरीफ फसलों के लिए मॉनसून का प्रभाव भी आंकड़ों की दृष्टि से महत्त्वपूर्ण है, लेकिन हाल के वर्षों में इसमें कमी आई है।

सिंचाई के बुनियादी ढांचे में सुधार होने से कम बारिश के चलते प्रतिकूल परिस्थितियों की तीव्रता को थोड़ा कम करने में मदद मिली है। उदाहरण के तौर पर वर्ष 2016 के बाद से ही चावल और कुल खाद्यान्न उत्पादन में हर साल वृद्धि हुई है और यह वृद्धि चार वर्षों में सामान्य से कम बारिश के बावजूद हुई है। हालांकि, मॉनसून को लेकर खाद्य उत्पादन की निर्भरता का स्तर थोड़ा कम हुआ है लेकिन व्यापक तौर पर होने वाली वर्षा काफी असर डालती है।

उदाहरण के तौर पर वर्ष 2009 में वर्षा के स्तर में 21.4 प्रतिशत के विचलन के परिणामस्वरूप कुल खाद्य उत्पादन में 12 प्रतिशत की कमी आई। यह ध्यान देना होगा कि मॉनसून की प्रगति महत्त्वपूर्ण बनी हुई है लेकिन सभी राज्यों में समान रूप से सिंचाई सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं। कम खाद्य उत्पादन को ध्यान में रखते हुए तैयारी करना सही है लेकिन सरकार के कदम अक्सर कृषि क्षेत्र के हित में नहीं होते हैं और इससे संभावित रूप से पर्याप्त आपूर्ति प्रक्रिया में बाधा पहुंचती है।

खाद्य उत्पादन की अपेक्षाकृत अधिक कीमत, उत्पादकों को उत्पादन बढ़ाने के लिए एक संकेत देती हैं। लेकिन अगर सरकार कीमतों को नियंत्रित करने के लिए अक्सर निर्यात पर प्रतिबंध लगाती रही तब किसान भी उत्पादन बढ़ाने के लिए अतिरिक्त निवेश करने में हिचकेंगे। इस तरह के कदम वास्तव में में कृषि उत्पादों के भरोसेमंद आपूर्तिकर्ता के रूप में भारत की विश्वसनीयता पर भी असर डालते हैं। इसने अल्पकालिक दृष्टिकोण के साथ घरेलू बाजार में कीमतों को नियंत्रित करने का लक्ष्य रखा।उदाहरण के तौर पर, अर्थशास्त्री अशोक गुलाटी और अन्य विशेषज्ञों का कहना है कि इस संदर्भ में भारत की नीतियों में उपभोक्ताओं का समर्थन करने का पूर्वग्रह रहा है जिससे किसानों का राजस्व और उनकी कमाई भी प्रभावित होती है।

# अस्ति मुद्रीकरण पर भ्रमित होने की आवश्यकता नहीं

**प्रमोद जोशी**

**केंद्रीय** वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने अस्ति मुद्रीकरण (असेट मॉनिटाइजेशन) के महत्वाकांक्षी कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। राष्ट्रीय मुद्रीकरण पाइपलाइन (एनएमपी) के तहत केंद्र सरकार की करीब छह लाख करोड़ रुपये की परिसम्पत्तियों का अगले चार साल तक मुद्रीकरण किया जाएगा। चालू वित्तवर्ष में इससे करीब 88,000 करोड़ रुपये की आय होगी। कार्यक्रम का मूल-विचार है कि पुरानी चल रही या बंद पड़ी परियोजनाओं (ब्राउनफील्ड प्रोजेक्ट्स) को पट्टे पर देकर पूंजी का सृजन किया जाए और उस पूंजी से नई परियोजनाएं (ग्रीनफील?ड प्रोजेक्ट्स) शुरू की जाएं। परियोजनाओं का स्वामित्व केंद्र सरकार के पास ही रहेगा, जबकि उनको चलाने के जोखिम निजी क्षेत्र को उठाने होंगे। अह्नरङ्ग फीं - संपादकीय लेख : मैनेजमेंट के सबसे बड़े गुरु भगवान श्रीकृष्ण तेज इंफ्रास्ट्रक्चर विकास : इस कार्यक्रम में कुल पूंजी का करीब 65 फीसदी हिस्सा सड़कों, रेलवे और बिजली की परियोजनाओं से प्राप्त होगा। इस योजना के दायरे में 12 मंत्रालयों और विभागों की 20 तरह की संपत्तियां आएंगी, जिनमें मूल्य के हिसाब से सड़क, रेलवे और बिजली क्षेत्र की परियोजनाएं प्रमुख हैं। सूची बहुत बड़ी है, जिसमें टेलीकॉम, उड्डयन, खनन तथा भंडारण जैसे क्षेत्र भी शामिल हैं। इस कार्यक्रम की जरूरत चार कारणों से है। पहली जरूरत तेज

## आर्थिक

आर्थिक विकास के लिए नई परियोजनाओं को, खासतौर से इंफ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में, शुरू करने की है। तेज गति से आगे बढ़ने के लिए पर्याप्त पूंजी नहीं है और तीसरे, संसाधन एकत्र करने के लिए सरकार के राजस्व संग्रह में सुस्ती है, विनिवेश में अपेक्षित सफलता नहीं मिली है।

चौथे, यह विकल्प उपलब्ध है, जिसका इस्तेमाल हुआ नहीं था। स्वतंत्रता दिवस पर प्रधानमंत्री ने 100 लाख करोड़ के 'गति-शक्ति' कार्यक्रम की घोषणा की। वे 2019 से यह बात कह रहे हैं। वित्तमंत्री ने इस साल के बजट भाषण में इस तरफ इशारा किया था। वित्तमंत्री ने कहा था कि राष्ट्रीय अवसंरचना पाइपलाइन (एनआईपी) के लक्ष्य को हासिल करने के लिए तीन कदम प्रस्तावित हैं: 1.संस्थागत संरचनाएं बनें, 2.परिसंपत्तियों का मुद्रीकरण हो और 3. केंद्र तथा राज्यों के बजट में पूंजीगत व्यय बढ़े। इसके पहले दिसंबर 2019 में वित्तमंत्री ने 6,835 परियोजनाओं के साथ एनआईपी को लॉन्च किया था। अब एनआईपी का विस्तार कर दिया गया है और इसमें 7,400 परियोजनाएं हो गई हैं। कुछ महत्वपूर्ण अवसंरचना मंत्रालयों के अधीन 1.10 लाख करोड़ रुपये की लागत की 217 परियोजनाएं पूरी की जा चुकी हैं। विकास वित्त संस्थान : अवसंरचना के लिए पूंजी जुटाने के इरादे से इस साल के बजट में कहा गया कि सरकार 20000 करोड़ रुपये की पूंजी से एक विकास वित्त संस्थान (डीएफआई) स्थापित करेगी। नए संस्थान का लक्ष्य अगले तीन साल में 5 लाख करोड़ का पोर्टफोलियो बनाने का होगा।

डीएफआई की स्थापना के लिए विधेयक संसद ने बजट सत्र में ही पास कर दिया। परिसंपत्ति मुद्रीकरण के तहत एनएचएआई द्वारा चालू की जा चुकी टोल रोड, बिजली की ट्रांसमिशन लाइनें, गेल, आईओसीएल एवं एचपीसीएल की तेल व गैस पाइपलाइनें, टियर-2 एवं टियर-3 शहरों के हवाई अड्डे, केंद्रीय भंडारण निगम, नैफेड इत्यादि की भंडारण परिसंपत्तियां, और खेल स्टेडियम के अलावा काफी परिसंपदा का हिसाब भी अभी देश में नहीं है।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिन: -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# दो सड़क हादसों में तीन की मौत

## चुट्टूपालू घाटी में गुड़ लदा ट्रक पलटा , चालक और खलासी की मौत

**छतर मांडू गांव में एक टेंपो के पलटने से एक की गयी जान भुरकुंडा में दो बाइकों की टक्कर, महिला समेत दो घायल**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रामगढ़ भुरकुंडा।** रामगढ़ थाना क्षेत्र में दो अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में तीन लोगों की मौत हो गई है। गुरुवार को पहली दुर्घटना एनएच-23 पर समाहरणालय के समीप छतर मांडू गांव के पास हुई। यहां एक टेंपो के पलट जाने के कारण एक व्यक्ति की मौत हो गई। इस हादसे के बाद एनएच-23 जाम हो गया। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। साथ ही उग्र ग्रामीणों को शांत कराकर सड़क जाम समाप्त कराया। इस सड़क हादसे में मृत व्यक्ति की पहचान छतर मांडू निवासी अवधेश साव पिता स्वर्गीय रामसेवक साव के रुप में की गई है। पुलिस ने ग्रामीणों को मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया जिसके बाद सड़क जाम समाप्त हुआ। चुट्टूपालू घाटी में एक गुड़ लदा हुआ ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। यह हादसा इतना भीषण था कि चालक और खलासी को निकलने का मौका ही नहीं मिला। और इस हाथ से में वे दोनों क्षतिग्रस्त ट्रक के मालवे में दब गए। चालक और खलासी के शव को पुलिस ने ग्रामीणों के सहयोग से बाहर निकाला। पुलिस ने क्रेन की सहायता से क्षतिग्रस्त ट्रक को सड़क के किनारे किया और आवागमन को शुरू कराया। खबर लिखे जाने तक मृतकों की पहचान नहीं हो पाई है।

इधरओपी क्षेत्र बनगड्डा पेट्रोल पंप के समीप गुरूवार को दो बाईक की



टक्कर एक महिला घायल हो गई। जानकारी के अनुसार जेएच 02 बीई 5089 नंबर की पल्सर बाईक पर सवार व्यक्ति ने जेएच 02 जेड 4038 नंबर की सीडी डिलक्स को टक्कर मार दी। दुर्घटना में सीडी डिलक्स में सवार एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल महिला गोला रामगढ़ की बताई जा रही है। वहीं पल्सर पर सवार भदानीनगर गुप्ता लाइन निवासी मो. इमरान भी गंभीर रूप से घायन हो गया। स्थानीय लोगों द्वारा घायलों को इलाज के लिए एम्बुलेंस के माध्यम से जीवन अनमोज अस्पताल रामगढ़ भेजा गया।

# विधायक अकेला ने अरगड्डा में ट्रांसफॉर्मर का किया उद्घाटन

**कहा-क्षेत्र के लोग परेशानी को बतायें,निश्चित तौर पर उसका समाधान करने का प्रयास करेंगे**

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बरही।** विधायक उमाशंकर अकेला ने प्रखंड के धनवार पंचायत के अरगड्डा में 63 केवीए के जगह 100 केवीए ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराकर ट्रांसफार्मर का उद्घाटन किया।उद्घाटन के साथ ही विधायक ने कहा कि क्षेत्र के लोगों को किसी भी प्रकार की परेशनी होती है तो उन्हें बताये, निश्चित तौर पर उसका समाधान करने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि बिचौलिया के चक्कर में पड़ने की जरूरत नही है। मौके पर विधायक प्रतिनिधि सह कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी, विधायक प्रतिनिधि अंचल बरही बीरेंद्र यादव, विधायक प्रतिनिधि प्रखण्ड बरही मो वारिस अंसारी, राजू राणा विधायक प्रतिनिधि विधुत विभाग बरही, मो रिजवान अली विधायक प्रतिनिधि स्वास्थ्य विभाग बरही, मो असलम विधायक प्रतिनिधि खाद्य आपूर्ति विभाग बरही, मनोज कुमार मुखिया सह विधायक प्रतिनिधि, मो हबीब, मो सरताज, पंचायत अध्यक्ष धनवार मो मुख्तार, मो समीम, रजिया खातून, सुल्ताना खातून, हलिमन खातून, गुलाम मुस्तफा, मो ताहिर, डॉ मो जाहिर सहित दर्जनों महिलाएं व पुरूष मौजूद थे।

## महिला के सामने पति को माइके वालों ने की पिटाई

**दारू।** दारू जबरा निवासी महिला के साथ उसके पति द्वारा बेरहमी से पिटाई करने का मामला सामने आया है। महिला का नाम अफसाना परवीन पति मोहम्मद कलीम है उसका निकाह 7 वर्ष पूर्व कसिया डीह थाना चतरा चट्टी जिला बोकारो निवासी मोहम्मद कलीम अंसारी के साथ हुई थी, तब से दोनों के बीच आए दिन झगड़ा होते रहता था। इन दोनो के बीच आपसी झगड़ा होने के बाद महिला मायके जबरा दारू में कुछ दिनों से रह रही थी। महिला का पति बुधवार की शाम को अपने ससुराल आया और अपने दोनों बच्चे को ले जाने लगा ,इसका विरोध करने पर महिला के पति ने उसकी बेरहमी से पिटाई उसके मायके वालों के सामने कर दी।उसके मायके वाले जब तक बीच बचाव करते अब तक महिला बुरी तरह घायल हो गई थी और उसके शरीर से काफी खून गिरने लगा था।महिला का पति मारपीट करने के बाद अपने एक साथी के साथ वहां से तुरंत फरार हो गया। महिला के शरीर से काफी खून गिर रहा था जिसे इलाज के लिए शेख बिहार मेडिकल कॉलेज हजारीबाग में भर्ती किया गया।

## महंगाई व बेरोजगारी के खिलाफ सीपीएम का अभियान आज से

भुरकुंडा (रामगढ़)। सीपीएम की बैठक गुरूवार को भुरकुंडा स्थित पार्टी कार्यालय में हुई। इसकी अध्यक्षता अरुण कुमार सिंह ने किया। बैठक में सीपीएम रामगढ़ जिला सचिव आरपी सिंह चंदेल उपस्थित थें। बैठक में सीपीएम की केन्द्रीय कमेटी के आह्वान पर 1 से 7 सितम्बर तक देशव्यापी महंगाई और बेरोजगारी विरोधी सप्ताह कार्यक्रम चलाने की बात कही गई। 9 से 11 सितम्बर तक झारखंड में राज्यव्यापी विशेष कोष संग्रह अभियान को लेकर प्रचार कार्यक्रम किया जायेगा। बताया कि उपरोक्त कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए रामगढ़ जिला और लोकल कमेटी के सदस्य शामिल रहेगे। रामगढ़ जिला के ज्यादा से ज्यादा क्षेत्रों में झंडा के साथ कैडर नुक्कड़ सभा कर महंगाई और बेरोजगारी के लिए केंद्र सरकार की जनविरोधी नीतियों के बारे में जानकारी देंगे। साथ ही 9 से 11 सितम्बर तक राज्यव्यापी विशेष कोष संग्रह अभियान में सभी युनिटों के सदस्यों लगकर आम जनता के बीच कोष संग्रह कर राज्य केन्द्र को भेजेंगे। मौके पर देवनाथ महली, अशोक कुमार सिंह सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# एकल अभियान महिला समिति ने पतरातू और बासल थाना में मनाया रक्षाबंधन

भुरकुंडा (रामगढ़)। एकल अभियान रामगढ़ अंचल के संच पतरातू एवं भुरकुण्डा संच के आचार्यों ने अंचल समिति एकल अभियान महिला समिति एवं संच समिति द्वारा गुरूवार को पतरातू थाना एवं बासल थाना में रक्षाबंधन त्योहार मनाया गया। एकल अभियान दक्षिण झारखंड संभाग भाग रांची रामगढ़ अंचल के पतरातू एवं भुरकुण्डा संच के आचार्यों ने पतरातू संच प्रमुख नागेश्वर महतो के नेतृत्व में अंचल समिति उपाध्यक्ष भुवनेश्वर ठाकुर की अध्यक्षता में पतरातू एवं बासल थाना में समस्त पुलिसकर्मियों को राखी बांधकर इस पर्व की बधाई दी गई। इसके पूर्व महोत्सव का शुभारंभ दीप प्रज्वलित मंत्र,




पवित्रता करण मंत्र, तिलक धारण मंत्र एवं रक्षाबंधन मंत्र के साथ किया। इस दौरान एकल अभियान गीत भी गाया गया। मौके पर अंचल समिति उपाध्यक्ष भुनेश्वर ठाकुर ने रक्षाबंधन के महत्व के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। मौके पर बासल थाना प्रभारी विकास आर्यन व पतरातू थाना प्रभारी अमित कुमार ने एकल अभियान के कार्य की सराहनीय करते हुए समिति को हर संभव सहयोग करने की बात कही। मौके पर पतरातू संच महिला समिति अध्यक्ष पारिजात कुमारी, सचिव अनीता जैन, हरि सत्संग समिति के अध्यक्ष गणेश कुमार ठाकुर, पतरातू संच प्रमुख नागेश्वर महतो, भुरकुंडा संच प्रमुख शान्ती देवी, पतरातू संच व्यास राजेंद्र भोगता, समाजसेवी वीरेंद्र कुमार महतो, आचार्य यशोदा देवी, ललिता देवी, पुष्पा देवी,

## मारवाड़ी महिला समिति ने जवानों को बांधी रक्षा सूत्र

**रामगढ़।** मारवाड़ी महिला समिति ने रक्षाबंधन पर गुरुवार को सिख रेजीमेंटल सेंटर में सैकड़ों सैनिकों को रक्षा सूत्र बांधा। साथ ही ब्रिगेडियर को समिति की अध्यक्ष निशा जैन ने शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया।

ब्रिगेडियर ने समिति के कार्य की प्रशंसा की तथा कहा कि समिति को किसी कार्य के लिए उनकी आवश्यकता होगी तो वह सदैव तत्पर रहेंगे। समिति ने जवानों को तिलक लगाकर रक्षा सूत्र बांधकर मिठाई के डिब्बे दिए। समिति के इस कार्य की सैनिकों ने जमकर सराहना की। कार्यक्रम में समिति की सचिव सिम्पल बरेलिया, प्रिया अग्रवाल, रिद्धि जैन, स्वाति अग्रवाल, नैना मेवाड़, पूनम गर्ग, राखी शर्मा, श्वेता बगड़िया, गरिमा अग्रवाल मौजूद थीं।



सिख रेजिमेंटल के जवानों को राखी बांधतीं महिलाएं।

# कोयलांचल में धूमधाम से मना रक्षाबंधन

## भाईयों के दीर्घायु होने के लिए बहनों ने बांधी रखी

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भुरकुंडा , भदानीनगर, बासल, सयाल, उरीमारी सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में गुरूवार को भाई-बहन के अटूट स्नेह और प्रेम का पर्व रक्षा बंधन धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर बहनों ने अपने-अपने भाईयों की आरती उतारते हुए माथे पर तिलक लगाकर कलाई पर राखी बांधी। साथ ही मिठाई खिलाकर बहनों ने भाई के दीर्घायु होने की कामना की। भाईयों ने भी अपनी बहनों को उपहार देते हुए उनकी की रक्षा करने का संकल्प लिया। इधर पवित्र सावन माह के अवसर सुबह से ही पूजा-अर्चना के लिए श्रद्धालु महिला-पुरूष भक्त विभिन्न शिवालयों में पहुंचे। जहां भगवान शिव का दूध व जल से जलाभिषेक करते हुए बेलपत्र व प्रसाद



चढ़ाया। इस दौरान ऊं नमः शिवाय, भोले बाबा की जय, हर हर महादेव सहित अन्य आराध्य देवी-देवताओं के गगनभेदी उदघोष से पूरा क्षेत्र गूंजायमान होता रहा। श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना के दौरान भगवान शिव से अपने परिवार व क्षेत्र की हरियाली-खुशहाली और सुख समृद्धि की कामना की। भुरकुंडा, जवाहर नगर, पटेलनगर, सुंदर नगर, सौंदा डी, सेंट्रल सौंदा, चिकोर, लादी, मतकमा, देवरिया, लपंगा, चैनगडा, कुर्से, बलकुदरा, भदानीनगर, निम्मी, पाली, सुद्दी, रीवर साईड, सौंदा बस्ती, भदानीनगर, हुरूमगढ़ा, पगला आश्रम, हॉस्पीटल कॉलोनी, शिव नगर, बंगला कुंआ सहित विभिन्न क्षेत्रों में भाई-बहनों के प्रेम व स्नेह का त्योहार रक्षाबंधन का पर्व धूमधाम से मनाया गया।

## स्पीड न्यूज

### कुजू में हर्षोल्लास से मना रक्षाबंधन



**कुजू।** भाई-बहन का पवित्र त्योहार रक्षा बंधन कुजू कोयलाचंल व आस-पास के क्षेत्रो में गुरुवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान बहनों ने सुबह में अपने-अपने भाईयो के कलाई में राखी बांधकर लंबी उम्र की कामना किया। वहीं भाईयों ने भी आशीर्वाद देते हुए कई उपहार भेंट किये। इधर, रात्रि मां मनसा की पूजा धूमधाम से हुआ। क्षेत्र के छठ बड़ा तालाब स्थित मां मनसा मंदिर, चटनिया बस्ती स्थित देवी मंडप सहित आदि स्थानों में मां मनसा की विधिवत पूजा अर्चना किया गया। बाद में बकरे व बतख की बलि दी गयी।

### वात्सल्य धाम में भी मना रक्षाबंधन



**रामगढ़ ।** छत्तर मांडू स्थित है वात्सल्यधाम के बच्चों के बीच रक्षा बंधन का त्योहार मनाकर खुशियां बांटने का प्रयास किया गया है। वरिष्ठ पत्रकार मनोज मिश्र और व्यवसायी धनंजय ओझा के परिवार के सदस्यों ने राखी का त्योहार वात्सल्य धाम के उन बच्चों के बीच मनाया, जो अपने अभिभावकों से बिछड़ कर अपनी जिंदगी संवार रहे हैं। यहां परिवार के सदस्यों ने बच्चों को राखी बांधकर उनके भविष्य की मंगलकामना की। सभी बच्चों को तिलक लगाकर उनकी आरती उतारी गई और कलाईयों में राखी बाँधी गई। उनकी लंबी उम्र और उज्जवल भविष्य की कामना की गई। मिठाई, टॉफियां बांटकर ख़ुशियां मनाई गई। इस दौरान मौजूद मनोज मिश्र ने बताया कि हम अपने पूरे परिवार के साथ दो वर्षों से वात्सल्यधाम में बच्चों के साथ जन्मदिन और राखी का त्योहार मना रहे हैं। कहा गया कि त्योहारों में हम अपने बच्चों की खुशियां अपने परिवार के बीच मनाते हैं, परन्तु परिवार से बिछड़ कर रह रहे बच्चों की खुशी को लौटाने के प्रयास में हम इन बच्चों के बीच त्योहार मनाते हैं। जिससे कुछ पल बच्चे खुश रहे। ऐसा करने से हमारे बच्चों को प्रेरणा मिलती है और हमें बड़ा आंनद आता है।

### सौंदा डी में शौचालय का उद्घाटन



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** सौंदा डी लेनिन चौक के समीप 72 हजार 800 रुपए लागत की पंचायत समिति मद से बने 2 यूनिट शौचालय का गुरुवार को स्टैण्ड संचालक सह समाजसेवी प्रदीप कुमार तुरी ने फीता काटकर उद्घाटन किया। प्रदीप तुरी ने कहा कि सार्वजनिक शौचालय के बन जाने से अब लोगों को खुले में शौच जाने की समस्या खत्म हो जाएगी। मौके पर मुखिया उपेंद्र शर्मा, पंचायत समिति प्रतिनिधि डब्लू पांडेय, उप मुखिया संजय भारती, शौचालय लाभुक अध्यक्ष सुदर्शन प्रसाद, राजेंद्र यादव, संजय कुमार, राजाराम सिंह, संतोष, रंजीत सिंह, जटलु यादव, सुधीर साव, प्रवीण नायक, अमल भट्टाचार्य सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

### मालाकर कल्याण समिति की बैठक तीन को

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** माली मालाकर कल्याण समिति रामगढ़ जिला के तत्वावधान में 3 सितंबर को झारखंड प्रदेश कमेटी की बैठक रांची रोड सांडी स्थित कुमार मैरिज हॉल में आयोजित किया गया है। उक्त जानकारी देते हुए समिति के रामगढ़ जिला सचिव उदय मालाकार ने बताया कि बैठक में सरकार से समाज के मांगो को लेकर कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की जायेगी।

### महाबर बाबा मंदिर में प्रसाद वितरित




**बरकट्ठा।** सावन पूर्णिमा के मौके पर महाबर बाबा मंदिर मे भक्तों का ताता लगा रहा है,रक्षाबंधन के अवसर में श्रद्धालुओं व भक्तों कों महावर युवा वाहिनी के द्वारा श्रद्धालुओं के बीच चना,गुड़,शरबत व शीतल जल प्रसाद का वितरण किया एवं महाबर बाबा मंदिर का आशीर्वाद प्राप्त किए प्रसाद वितरण कार्यक्रम मे कोषमा धरहरा के वन समिति का अध्यक्ष रामलखन पंडित, सचिव अर्जुन दास, कोष अध्यक्ष विजय साव, दुग्गीलाल प्रसाद,महावर युवा वाहिनी के अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद, उपाध्यक्ष लालमणि प्रसाद, सचिव रामेश्वर पासवान, उपसचिव दिपक दास, कोष अध्यक्ष अजय कुमार उप कोषाध्यक्ष अभिजीत दास तथा मुखिया प्रतिनिधि बिरेन्द्र शर्मा, शशिभूषण प्रसाद, राजीव भूषण, शंकर सर जी, राजेंद्र पासवान, सुशील हितैषी, विकाश कुमार, नारायण राणा, सी मुकेश कुमार, राजू कुमार, संतोष कुमार, सूरज कुमार, कृष्णा प्रसाद,, विनय कुमार के अलावे कई लोग उपस्थित थे।

### पशुधनके तहत मिली बकरियां मरी

विष्णुगढ़। पशुधन योजना के तहत पिछले बुधवार को पशु चिकित्सालय के प्रांगण में पशु चिकित्सक चंद्रेश्वर प्रसाद द्वारा सांसद प्रतिनिधि मधुसूदन प्रसाद,बिससूत्री सदस्य राजू श्रीवास्तव की मौजूदगी में 15 लाभुकों के बीच बकरी वितरित की गई थी। जिसमें प्रत्येक लाभुकों को चार बकरीयां व एक बकरा दिया गया था। लेकिन लाभुकों को दिए गए बकरियां एक सप्ताह के अंदर मर गई। भंडेरी के शिवराम मरांडी की दो बकरियां व अलखरी के फूलचंद शोरेन की एक बकरी मर गयी ।

## एक नजर में

### शिवशक्ति धाम मंदिर में लगा मेला



**दारू (हजारीबाग)।** शिवाशक्ति धाम परिसर बासोबार रोड दारू में सावन पूर्णिमा के अवसर पर मेला का आयोजन किया गया। यहां पर हर वर्ष सावन पूर्णिमा का दिन मेले लगता है और यह परंपरा काफी वर्ष पूर्व से चलता आ रहा है। शिवाशक्ति धाम पूजा समिति के द्वारा इस वर्ष शिवामंदिर में जगमग करती रोशनी, परिसर के चारो तरफ लाइट और साउंड की व्यवस्था भी की गई है । यहां सुबह से ही मंदिर में पूजा करने के लिए भक्तों की भारी भीड़ देखी गई। यहां पर दु्र दराज से आकर भक्त् बाबा भोलेनाथ की पूजा कर उनका आशीर्वाद प्राप्त करते हैं ।पूजा समिति के द्वारा इस वर्ष मेला मे चना गुड़ का वितरण किया गया साथ ही संध्या काल में बाबा भोले नाथ को खीर का भोग लगाकर भक्तों के बीच वितरित किया गया। बाबा भोलेनाथ की पूजा करने के लिए दारू ,बासोबार,बक्शीडीह, भट्टबीघा ,दारू खैरका,इरगा, जबरा ,बड़वार,झरपो, हरली,पेटो, झुमरा आदि जगह से बड़ी संख्या में भक्त पूजा करने के लिए आए थे । मंदिर में पंडित विनोद कुमार शर्मा के द्वारा विधिवत रूप से भक्तों की पूजा कराई गई।

### पावर ट्रैक्टर चोरी, 24 घंटे के अंदर बरामद

**चरही ।** 30 अगस्त को एक को रांची से चरही लाने के क्रम में महेंद्रा कंपनी की एक पावर ट्रेकर चोरी हो गई थी ।जिसे पुलिस ने 31 अगस्त को बरामद कर ली ।चरही थाना प्रभारी विक्रम कुमार ने बताया कि रांची के बरियातू रोड निवासी अनुपम नथानी पिता सुरेंद्र नथानी 434 प्लस पावर हाउस के महेंद्रा पावर ट्रैकर को रांची से चरही दिखाने के लिए लाया गया था ।बात-चीत करने के क्रम उक्त ट्रैक्टर चोरी हो गई ।इस संबंध में चरही थाना में मामला दर्ज कराया गया ।पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए चरही में वाहन चेकिंग लगाई गई ।साथ ही सूचना तंत्र को भी लगाया गया ।गुरुवार को चरही घाटी में पुनः वाहन चेकिंग लगाई गई ।तभी पुलिस को सूचना मिली की बिना नंबर की एक महेंद्रा ट्रैक्टर मांडू से हजारीबाग जा रही थी ।पुलिस चेकिंग करते देख अपराधी ट्रेकर को छोड़कर जंगल में घुसकर भाग निकला ।पुलिस ने चोरी गए ट्रैकर विधिवत जप्ती सूची तैयार कर बनाकर जब्त किया गया ।चोरी की घटना में शामिल अभियुक्तों को गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी की जा रही है।

### कर्णपुरा में महिलाओं ने थाना में मनाया रक्षाबंधन

**बड़कागांव।** कर्णपुरा महिला समाज तथा एकल अभियान की ओर से बड़कागांव थाना परिसर में रक्षा बंधन कार्यक्रम आयोजित किया गया। मौके पर महिलाओं ने बड़कागांव थाना सर्किल इंस्पेक्टर अनिल कुमार, थाना प्रभारी विनोद तिर्की ,एस आई संजय कुमार के अलावा उपस्थित पुलिस जवानों को राखी बांधकर रक्षाबंधन मनाया एवं उनकी लंबी उम्र की कामना की। रक्षाबंधन कार्यक्रम में मौके पर उपस्थित मुख्य रूप से मध्य जिप सदस्य सुनीता देवी, अध्यक्ष बासमती कुमारी,मंच प्रमुख सुषमा राणा,कोषाध्यक्ष सेवन्ती कुमारी,उपाध्यक्ष संगीता कुमारी, आचार्य गीता कुमारी,धानो कुमारी, ज्योति कुमारी,सुचित्रा राणा सहित पुलिस जवान उपस्थित थे।

### झाड़ फूंक कराने गयी महिला हुई लापता

**दारू।** आंगो थाना क्षेत्र के ग्राम कीमो पोस्ट परतंगा निवासी एक महिला के लापता होने का मामला सामने आया है। महिला झाड़ फूंक कराने के लिए हजारीबाग के हैदलाग छड़वा डेम हजारीबाग के पास गई थी जहां से वह लापता हो गई ।लापता महिला का नाम आशा देवी पति महावीर महतो उम्र 25 वर्ष है ।इस बारे में उसके पति महावीर महतो ने बताया कि वह दोनों पति-पत्नी महिला की झाड़ फूक कराने के लिए गए थे जहां से निकलते समय वह महिला वहां से गुम हो गई । महिला के काफी खोजबीन की गई जब वह नहीं मिली तो उसके पति ने 30 अगस्त बुधवार को पेलावल थाने में गुमशुदगी से संबंधित मामले का आवेदन दिया है। महिला के पति ने बताया कि अचानक से वह बाहर निकल कर गुम हो गई उसे चारों तरफ काफी ढूंढा पर वह कहीं भी नहीं मिली ,उसके दिमागी हालत ठीक नहीं है ,उसने थाना प्रभारी से गुहार लगाया है कि उसकी पत्नी को जल्द से जल्द ढूंढा जाए ।उसके पति ने स्थानीय पत्रकारों से संपर्क कर इसे सोशल मीडिया और अखबारों के माध्यम से भी लोगों तक जानकारी पहुंचाने का अनुरोध किया है ,ताकि उसकी पत्नी को ढूंढने में उसे थोड़ी सहूलियत हो।

### त्रिवेणी सैनिक के गार्ड की आरोग्यम में मौत

**बड़कागांव ।**डाडी कला थाना क्षेत्र के सिंदवारी पंचायत स्थित ग्राम उरूब निवासी छोटेलाल भुइया का निधन इलाज के दौरान हजारीबाग आरोग्यम में हो गया । छोटेलाल त्रिवेणी सैनिक में सिक्योरिटी गार्ड में कार्यरत था छोटेलाल कई महीनो से पीलिया रोग से ग्रसित था जिसे बेहतर इलाज के लिए कंपनी ने आरोगयम अस्पताल हजारीबाग में भर्ती कराया लेकिन इलाज के दौरान छोटेलाल की मौत हो गई। कंपनी के सिक्योरिटी डीएसपी कमलेंद्र कुमार नीरज, सिक्योरिटी इंचार्ज नवीन सिंह घर पहुंच कर शोक व्यक्त कर मृतक के परिवार को अंतिम संस्कार के लिए 10000 नगद सहयोग किया और मृतक के परिवार को आगे भी मदद करने का आश्वासन दिया। मृतक छोटेलाल भुइयां अपने पीछे पत्नी,दो बेटी,एक बेटा समेत भरा पूरा परिवार छोड़ गया। मृतक के पार्थिव शरीर का अंतिम संस्कार ग्राम उरुब में ही किया गया ।

### टाटीझरिया में धूमधाम से मना रक्षाबंधन

**टाटीझरिया।** प्रखंड के खैरा, डहरभंगा, डुमर, धर्मपुर, भराजो, बेडम, टाटीझरिया पंचायत के विभिन्न गांवो बहुत ही श्रद्धा पूर्वक बहनो ने अपने भाइयों के दीघार्यु सुख समृद्धि अनन्य मंगल कामनाओ को लेकर देवालयो में जाकर पूजा अर्चना कर हाथो के कलाई में रक्षासूत्र राखी बांधकर कामना कर रक्षाबंधन का पर्व मनाया ! वही भाइयों ने भी अपने बहनो को हर सुख दुख में साथ देने का शंकल्प लिया और यथा शक्ति भाइयों ने अपने बहनो को रक्षाबंधन पर्व के अवसर पर उपहार भेंट किया बताते चले की टाटीझरिया प्रखंड प्रमुख जिला प्रमुख संग अध्यक्ष सह झारखण्ड प्रदेश महासचिव संतोष मंडल, उपप्रमुख रवि वर्णवाल 20 सूत्री अध्यक्ष सह झरपो पंचायत के मुखिया शिबू प्रसाद सोनी,20 सूत्री अध्यक्ष रवि सिंह टाटीझरिया थाना प्रभारी आनंद आजाद, सांसद प्रतिनिधि महेश अग्रवाल उमेश प्रसाद,विधायक प्रतिनिधि प्रबिल प्रसाद दशरथ नारायण सिंह ,खैरा पंचायत मुखिया कुमारी माधुरी, डहरभंगा पंचायत की मुखिया रेखा देवी, मुखिया प्रतिनिधि रविन्द्र यादव, धर्मपुर मुखिया प्रतिनिधि असोक यादव, डीएवि सनफोर्ड पब्लिक स्कुल टाटीझरिया, अरुण मेमोरियल सेकेण्डरी पब्लिक स्कुल टाटीझरिया, शिशु विकास विद्यालय झरपो परिवार समाज सेवीयों में उचित नारायण उच्च विद्यालय शिक्षक छोटन कुमार, डॉ. दयाल प्रसाद अरविन्द केसरी, पप्पू रविदास, सौरभ सिंह, समेत अन्य समाज सेवी संग जनप्रतिनिधियों ने क्षेत्र वासियों को वाट्सअप के माध्यम से क्षेत्र वासियों को वाट्सअप के माध्यम से भाइयों बहनो का पावन पवित्र रक्षाबंधन त्यौहार के अवसर पर शुभकामनायें दी।

### जरगा में क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन

**दारू।** रक्षाबंधन के शुभ अवसर पर पुनाई पंचायत के जरगा में क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया जिसका शुभारंभ पूर्व सांसद प्रतिनिधि 20 सूत्री उपाध्यक्ष अजीत कुमार ने फीता काट कर किया। जिसका पहला मैच झरपो और जरगा के बीच खेला गया झरपो ने पहला मैच जीत दर्ज किया जिसमे दीपक कुमार को मैन ऑफ द मैच दिया गया अजीत कुमार के कहा की तन मन धन से खिलाड़ियों को सहयोग करेगे और अपने खेल भावना रखने वाले युवाओं का हौसला अफजाई करंगे । टूर्नामेंट को सफल बनाने में सरवन कुमार उर्फ बबलू प्रदीप यादव राजकुमार यादव जगतपाल राणा मुकेश यादव खीरू राणा यमुना प्रजापति रंजन कुमार राजेंद्र यादव पूरण प्रजापति रंजीत कुमार के साथ जो युवा टीम ने साथ दिया है उसका उन लोग को धन्यवाद देता हूं।

## स्पीड न्यूज

### स्कूटी व बाइक की सीधी भिड़ंत में दंपति सहित बच्चा घायल

**गुमला।** गुमला थाना क्षेत्र के टोटाम्बी के समीप स्कूटी और बाइक की सीधी भिड़ंत में स्कूटी सवार पति पत्नी व 7 वर्षीय बच्ची घायल हो गई। जबकि बाइक सवार को चोट नहीं लगी है। वहीं घायल मैं खूंटी चालम निवासी 32 वर्षीय निर्मल महतो को हल्की चोट लगी है जबकि उसकी पत्नी 27 वर्षीय सुनीता देवी व उसकी पुत्री 7 वर्षीय अनुप्रिया कुमारी घायल हो गई, जिसे स्थानीय लोगों की मदद से सदर अस्पताल गुमला में भर्ती कराया गया जहां घायल का इलाज जारी जानकारी के अनुसार स्कूटी स्कूटी सवार घाघरा से करौंदी आने के क्रम में टोटाम्बी के समीप बाइक में स्कूटी की सीधी भिड़ंत हो गई थी।

### परसा में आयोजित पांच दिवसीय फुटबॉल टूनामेंट में ब्लू जॉन चान्हो ने जमाया कब्जा

**भरनो ।** भरनो प्रखंड के परसा गांव में आयोजित पांच दिवसीय फुटबॉल टूनामेंट संपन्न हो गया। इस पांच दिवस से फुटबॉल प्रतियोगिता में ब्लू जोन चान्हो की टीम ने किताब पर कब्जा जमाया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उतरी भरनो जिला परिषद सदस्य जेंगा उरांव एवम विशिष्ट अतिथि के रूप में समाजसेवी शेख रैफुल, थाना प्रभारी कृष्ण कुमार व मुखिया विनीता एक्का ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैच का शुभारंभ किया। मौके पर उपस्थित खेल प्रेमियों को संबोधित करते हुए जेंगा उरांव ने कहा कि भरनो के ग्राम परसा खास करके खेल में बेहतर अनुशासित संस्कार देने काम दशकों से कर रही है। शायद इसी का परिणाम रहा है की मौजा परसा में जिला परिषद मद से इतनी बड़ी स्टेडियम का निर्माण जारी है। संभवत बहुत ही जल्द निर्मित होगा। इस अवसर पर साबिर फरास, गुलशाद खान,मीर दुबराज,शेख अमीन,राजदेव सिंह,अफरोज खान,मुस्ताक खान, मीर तबरेज, जाबू फरास,चंगेज खान,मीर इमरान,शेख हुसैन सहित हजारों की संख्या में खेल प्रेमी मौजूद थे।

### महिला के साथ दुष्कर्म मामले में पुलिस ने नाबालिक को भेजा बाल सुधार गृह

**गुमला ।** अधेड़ महिला के साथ दुष्कर्म मामले में गुमला पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक नाबालिक को अनिरुद्ध किया है। जिसे न्यायालय में प्रस्तुत करते हुए उसे बाल सुधार गृह भेज दिया गया? जबकि एक युवक की गिरफ्तारी को लेकर पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है। जानकारी के अनुसार मंगलवार की रात्रि 10 से 11 के बीच में एक युवक व एक नाबालिक घर में अकेली रह रही अधेड़ महिला के घर में घुसकर दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया था। इसके बाद सुबह होते ही अधेड़ महिला का परिवार महिला को लेकर गुमला थाना पहुंची और लिखित शिकायत थाने में दर्ज कराई थी। मामला दर्ज कर पुलिस लगातार चलाते हुए एक को गिरफ्तार किया है।

### सावन के अंतिम दिन जलाभिषेक के लिए मंदिरों में लिए लगीं भक्तों की भीड़

**गुमला।** सावन माह के अंतिम दिन जिले के शिवालयों में जलाभिषेक के लिए काफी संख्या में लोग शिवमंदिर पहुंचे थे। अंतिम दिन सावन का होने के कारण दूर-दूर से लोग पैदल यात्रा कर जिले के प्रसिद्ध धामों में जलाभिषेक किया। जिले के सभी शिवालय हर-हर महादेव के नारों से गुंजता रहा। श्रद्धालु पैदल यात्रा करते हुए पवित्र सरोवरों से जल उठाकर विभिन्न स्थानों पर शिवलिंग में जलाभिषेक के लिए पहुंचे। जिले के प्रसिद्ध बाबा टांगीनाथ धाम में अहले सुबह से ही जलाभिषेक के लिए भक्तों का तांता लगा रहा है। आस-पास के गांवों के सैकड़ों लोग टांगीनाथ धाम स्थित नदी में स्नान कर वहां से जल उठाकर मंदिर पहुंचे थे। जहां भक्ति-भाव व आस्था के साथ शिवलिंग में जलाभिषेक कर लोग अपनी मनोकामना पूर्ति का वरदान मांगा। घाघरा प्रखंड के देवाकी बाबा धाम में भी अहले सुबह से पूजा अर्चना के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ी। मंदिर परिसर स्थित नदी में हजारों भक्तों ने पवित्र डूबकी लगाकर वहां से जल उठाकर शिवलिंग में जलाभिषेक किया। यहां जलाभिषेक कर भक्त अपनी मनोकामना पूर्ति का वरदान स्वयंभू भगवान भोलेनाथ से किया। वहीं शहर के करमटोली स्थित बुढ़वा महादेव मंदिर, पालकोट रोड स्थित शक्ति मंदिर, रौनियार मंदिर, घाटो बगीचा स्थित महावीर मंदिर, विंध्याचल नगर स्थित पंच शिव शक्ति मंदिर आदि स्थानों पर भी अहले सुबह से ही भक्तों की भीड़ पूजा अर्चना के लिए उमड़ी थी।

### डॉक्टर अनिल 3 को गुमला में

**गुमला।** हड्डी,नव व मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ डॉक्टर अनिल कुमार 3 सितंबर को पालकोट रोड स्थित निलेश मेडिकल हॉल में रोगियों की जांच करेंगे। यह जानकारी दिलीप निलेश ने दी।

### गुमला जिला में पूरी तरह चरमरा गई है बिजली व्यवस्था: दामोदर कसेरा

**गुमला।** चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष दामोदर कसेरा ने कहा है कि बिजली विभाग कि स्थिति दिन प्रति दिन खराब होते जा रही है। बिजली कि आंख मिचौनी से जनता त्रस्त हो गई है। बिजली नहीं रहने के कारण छोटे छोटे उद्योग धंधे प्रभावित हो रहे हैं। छात्र छात्राओं को पढ़ाई में दिक्कत हो रही है। बिजली कि कब आती है कब जाति है आम नागरीको को और ब्यापारियो को पत्ता नही चलता है। श्री कसेरा ने कहा कि आखिर कब गुमला जिला में बिजली कि स्थिति मैं सुधार होगी। व्यापारियों की शिकायत है कि पालकोट रोड मे रात रात भर बिजली काट दिया जाता है। कुछ उपभोक्ताओं को समय पर बिजली बिल उपलब्ध नही है और उसके बाद एक साथ चार पांच माह का बिल विभाग द्वारा बायपारियो को दिया जाता है। जिसके कारण बिल का भुगतान करने मे दिक्कतें आती है। विभाग स्पष्ट करें कि कब कब लोड सेटिंग का समय निर्धारित किया गया है और एक फोन नंबर जारी करे जो हर समय फोन रिसीब हो ताकि समय समय पर ब्यापरी फोन करके बिजली कि समस्या के बारे मे विभाग को सूचना दे सके। अभी वर्तमान समय मे ऐसा कोई नंबर विभाग द्वारा जारी नही किया गया है जिसपर फोन करके किसी प्रकार कि जानकारी लिया जा सके।

### रक्षाबंधन पर गुरुकुल शांति आश्रम में ब्रम्हचारियों को बहनों ने बांधा रक्षासूत्र

लोहरदगा। गुरुकुल शांति आश्रम प्रांगण में भाई बहनों का पवित्र त्यौहार रक्षाबंधन वैदिक मंत्रोच्चार के साथ अनुष्ठान पूर्वक मनाया गया। सभी ब्रह्मचारियों को रीमा कुमारी, रीत केशरी, खुशी भारती द्वारा रक्षा सूत्र बांधकर विधि विधान से मनाया गया। मौके पर योगेंद्र आर्य, काजल रॉय, अर्जुन देव आर्य, किशन आर्य, सूरज उरांव आदि मौजूद रहे।

# ड्रेगन फल की खेती कर किसान अमृत केरकेट्टा लिख रहा है आर्थिक स्वावलंबन की दास्तां

## कृषि विभाग के सहयोग से बड़े पैमाने पर खेती, अमृत की पत्नी महिलाओं को ड्रेगन फल की खेती के लिए कर रही है प्रेरित

### पहले वर्ष में लगभग 1.50 लाख रुपये की ड्रेगन फल की बिक्री

खबर मन्त्र संवाददाता



ड्रेगन फल के खेती के साथ किसान व अन्य

**गुमला ।** जिले के गरई सरना टोली गांव के किसान अमृत केरकेट्टा की कहानी एक प्रेरणा स्रोत बन रही है, जिन्होंने पूरी मेहनत और सहयोग से ड्रैगन फल की खेती को एक नई दिशा देने का संकल्प लिया है। उनकी कहानी में जिला प्रशासन और कृषि विभाग का भी महत्वपूर्ण योगदान है। पिछले 10-12 वर्षों से किसानी करते आए अमृत केरकेट्टा ने अपने जीवन को एक नई मोड़ देने का फैसला किया। उन्होंने यूट्यूब वीडियो के माध्यम से ड्रैगन फल की खेती के बारे में जानकारी प्राप्त की और इसे अपने खेतों में आजमाने का निर्णय लिया। अमृत केरकेट्टा ने बताया कि उसे यह विचार आया कि ड्रैगन फल की खेती करके वह अपने जीवन को सुधार सकता है। उसने आगे बढ़ाते हुए जिला प्रशासन और कृषि विभाग की सहायता से अपने किसानी को नया दिशा दिया। कृषि विभाग के पेशेवरों से मिलकर अमृत केरकेट्टा ने समग्र ड्रैगन फल की खेती की जानकारी हासिल की। उन्होंने खेत में पौधे लगाने के बाद फलों का उत्पादन 18 महीने में आने की जानकारी भी प्राप्त की। जिससे उन्होंने सही योजना बनाई। कृषि विभाग के अनुसार प्रति एकड़ पर लगभग 7-8 लाख की लागत से ड्रैगन फल की खेती के लिए 2000 पौधे लगाने की आवश्यकता होती है। अमृत केरकेट्टा ने इस जानकारी का सही इस्तेमाल करते हुए 20-25 पोल पर ड्रैगन फल की खेती की और इसे साफ-सुथरे तरीके से बढ़ाने का प्रयास किया। जिला प्रशासन और कृषि विभाग के सहयोग से अमृत केरकेट्टा ने पूरे प्रक्रिया को सहयोगपूर्ण बनाया। अमृत केरकेट्टा के परिश्रम का फल मिलने लगा और उनके परिवार ने एक वर्ष के संघर्ष के बाद ड्रैगन फल की पहली बिक्री की। उनकी मेहनत और उनके सहयोगी किसानों के संघर्ष ने उन्हें पहले वर्ष में लगभग 1.50 लाख रुपये की बिक्री दिलाई। अमृत केरकेट्टा ने आगामी वर्ष में ड्रैगन फल की खेती से 7 लाख से अधिक की बिक्री की उम्मीद जताई है। इसके साथ ही उनकी पत्नी रेश्मा केरकेट्टा द्वारा की गई उदाहरणीय प्रेरणादायक किसानी भी स्थानीय समुदाय के उत्थान में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। महिला समूह ने भी ड्रैगन फल की खेती में दिखाए गए प्रयासों का समर्थन किया है। अमृत केरकेट्टा की पत्नी रेश्मा केरकेट्टा ने जेएसएलपीएस से लिए लोन का सही इस्तेमाल करके 375 पोल पर ड्रैगन फल की खेती की तैयारी की है। इन पोलों में कृषि विभाग के द्वारा प्रदान की गई 90 प्रतिशत अनुदान पर ड्रिप इरीगेशन सिस्टम की भी लागत आई है, जो खेती को कम पानी में करने में मदद करेगा। अमृत केरकेट्टा और उनकी परिवार की मेहनत और साहस की यह कहानी अन्य किसानों के लिए एक उत्त्साह स्रोत बन रही है।

# जेजेएमपी उग्रवादी संगठन का सक्रिय सदस्य गिरफ्तार, जेल

## गिरफ्तार उग्रवादी की निशानदेही पर हथियार किया बरामद

खबर मन्त्र संवाददाता



गिरफ्तार उग्रवादी के साथ इंस्पेक्टर थाना प्रभारी व अन्य

**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड के कुरूमगढ़ पुलिस ने जेजेएमपी उग्रवादी संगठन के सदस्य कुटवा गांव निवास बहुरा मुंडा पिता शनिचरवा मुण्डा को जशपुर जिले के भागलपुर कोलोनी से गिरफ्तार किया है। कुरूमगढ़ थाना में आयोजित प्रेस वार्ता में चैनपुर सर्किल इंस्पेक्टर बैजू उरांव ने बताया कि पुलिस अधीक्षक को गुप्त सूचना मिली थी कि जेजेएमपी का सक्रिय उग्रवादी बहुरा मुंडा जशपुर जिले के भागलपुर कोलोनी में छुपा हुआ है। जिसके बाद सुचना का सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु पुलिस निरीक्षक चैनपुर अंचल के नेतृत्व में कुरुमगढ़ थाना एवं रायडीह थाना की पुलिस जशपुर जिले के भागलपुर कोलोनी में छापामारी करते हुए बहुरा मुंडा को गिरफ्तार कर लिया। वहीं उसकी निशानदेही पर कुरूमगढ़ थाना क्षेत्र के सकसरी गांव के महुआ टोंगरी पहाड़ में छुपा कर रखा गया एक देशी कट्टा एवं 315 बोर की दो गोली भी बरामद की गई। उन्होंने आगे बताया कि बहुरा मुंडा ने वर्ष 2021 में अपने सुप्रीमो सुकर उरांव की गोली मारकर हत्या कर दी थी और संगठन का हथियार लेकर फरार चल रहा था। उसके खिलाफ घाघरा थाने में एक एवं कुरूमगढ़ थाना में दो नामजद प्राथमिकी दर्ज है। इधर छापामारी दल में मुख्य रूप से पुलिस निरीक्षक चैनपुर अंचल, कुरूमगढ़ थाना प्रभारी नीतीश कुमार, रायडीह थाना प्रभारी अमित कुमार, पुअनि महेश प्रसाद कुशवाहा सहित थाना के जवान मौजूद थे।

# रक्षाबंधन धूमधाम से संपन्न

### भाईयों ने रक्षा सूत्र बांधने वाली बहनों की सुरक्षा का संकल्प लिया

खबर मन्त्र संवाददाता



मुक वधिर आवासीय विद्यालय में रक्षाबंधन पर भाइयों को मिठाई खिलाती।

**गुमला।** भाई-बहनों के अटूट रिश्ते का पर्व राखी जिले में धूमधाम के साथ संपन्न हो गया। बहनों ने भाईयों के हाथों में रक्षा सूत्र बांधकर अपनी रक्षा की कामना की। गुरुवार की अहले सुबह स्नान कर बहनें विभिन्न मंदिरों में जाकर पूजा अर्चना की। जिसके बाद भाईयों की कलाई राखी से सजाई। बहनें भाईयों का सबसे पहले तिलक की व आरती उतारी कर उनके हाथों में रक्षा सूत्र बांधी। राखी बांधने के साथ बहनों ने भाईयों का मुंह मिठा भी कराया। महापवित्रता और भाई बहनों के मधुर रिश्ते के इस पर्व की खुशी भाई-बहन दोनों के चेहरे पर झलकती नजर आई। राखी पर्व को लेकर विवाहित बहनें अपने ससुराल से मायके भाईयों को राखी बांधने पहुंची थी। वहीं पर्व की महता को देखते हुए दूसरे स्थानों पर काम करने वाले भाई भी बहनों से राखी बांधने अपने घर पहुंचे। राखी की इस पवित्र धागा से भाईयों ने बहनों की सुरक्षा का संकल्प भी लिया। सनातन धर्म को मानने वाली हर बहन अपने छोटे-बड़े भाईयों को राखी बांधकर उनकी सुख-समृद्धि की कामना की। गुमला शहर में भी बहनों ने अपने भाईयों के हाथ में रक्षा सूत्र बांधकर उनकी दीघार्यु की भी कामना की। जिले के जारी, चैनपुर, डुमरी, रायडीह, विशुनपुर, घाघरा, सिसई, पालकोट, भरनो, बसिया, कामडारा आदि प्रखंडों में भी रक्षा बंधन पर्व धूमधाम के साथ मनाया गया। वहीं मुक वधिर आवासीय विद्यालय में गुरुवार को रक्षाबंधन पर्व मनाया गया। बहनों ने भाइयों के हाथ पर रक्षा सूत्र बांधा और उन्हें मिठाइयां खिलाई। पर्व को लेकर दिव्यांग बच्चों में उत्साह देखा गया।

### रक्षाबंधन पर्व पर शबरी आश्रम की बहनों ने मूक वधिर विद्यालय के भाइयों को बांधा रक्षा सूत्र

**गुमला।** सावन पूर्णिमा के अवसर पर गुरुवार को वनवासी कल्याण केन्द्र द्वारा संचालित शबरी आश्रम कन्या छात्रावास तर्री गुमला के बहनें तथा जिला समिति के पदाधिकारियों ने सिलम स्थित मुक बधिर विद्यालय में रक्षा बन्धन पर्व मनाया। मौके पर संस्थान के शिक्षकों के द्वारा वहां के दिनचार्य एवं बालक बालिकाओं को कैसे शिक्षा दीक्षा देकर आत्म निर्भर बनाया जाता है इसकी जानकारी दी। इस दौरान शबरी आश्रम की बहनों ने सभी को तिलक लगाकर राखी बांधीं तथा मिठाईयां देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर वनवासी कल्याण केन्द्र गुमला के सचिव श्री गोपाल कुमार, कोषाध्यक्ष श्री अविनाश कुमार, प्रांत एकल विद्यालय योजना प्रमुख श्री कमेश्वर साहू, गुमला जिला संगठन मंत्री खेदू नायक सहित मुकबधिर विद्यालय के बालक बालिका एवं गुरुजन उपस्थित थे।

# सूत्र बांध लिया पेड़ों की रक्षा का संकल्प

खबर मंत्र संवाददाता



पेड़ में रक्षा सूत्र बांधते विद्यार्थी

**लोहरदगा।** मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के इको क्लब ने वृक्षाबंधन कार्यक्रम आयोजित किया। रक्षाबंधन के अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम में इको क्लब के छात्र-छात्राओं ने महाविद्यालय परिसर में पेड़ों को रक्षा सूत्र बांधकर उनकी रक्षा का संकल्प लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य उत्तम मुखर्जी ने आंवला के वृक्ष में रक्षा सूत्र बांधकर किया। उन्होंने सभी इको क्लब के छात्र-छात्राओं को पेड़ों की रक्षा की शपथ दिलाई। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि हम जहां कहीं भी रहे वहां अपने घरों और आसपास के क्षेत्र में प्रकृति के संरक्षण और संवर्धन में प्रमुखता से अपनी भूमिका निभाएं।

पेड़ों की रक्षा करें और दैनिक उपयोग के पॉलिथीन का बहिष्कार करें' घर से थैला साथ लेकर चलें। इको क्लब प्रमुख रेणु कुमारी और यशोदा कुमारी ने भी इस अवसर पर छात्र-छात्राओं को प्रकृति के प्रति दायित्व बोध कराते हुए पेड़ों के संरक्षण और संवर्धन के लिए प्रेरित किया।

# पेशरार में ग्रामीण महिलाओं ने थाना में मनाया रक्षा बंधन

**लोहरदगा।** जिले के पेशरार थाना में सुदूरवर्ती क्षेत्र पेशरार की महिलाओं ने पुलिस जवानों की कलाई पर राखी बांध कर रक्षाबंधन का पवित्र त्योहार मनाया। इस मौके पर पेशरार थाना प्रभारी अख़्तर अली और अन्य जवानों ने महिलाओं को मिठाई खिलाते हुए उनकी रक्षा करने का वचन दिया। मौके पर सुदूरवर्ती क्षेत्र के महिलाओं ने कहा कि देश के सैनिक और पुलिस जवान निरंतर अपनी ड्यूटी पर तैनात रहते हैं, ताकि हम त्योहार और उत्सव सुरक्षित तरीके से मना सके। पुलिस के जवान त्योहारों में भी अपने परिवार से दूर रहते हैं। देश की सेवा में लगे पुलिस की कलाई सुनी ना रहे, इसलिए राखी बांध कर रक्षाबंधन का पवित्र त्योहार मनाया गया। वो हमारी रक्षा करते हैं, तो पुलिस की रक्षा ईश्वर करें, यही भगवान से प्रार्थना की गई महिलाओं ने कहा कि पुलिस आम लोगों की रक्षा कर सके, आम लोगों के साथ-साथ हम बाहर निकलने वाली महिलाओं की रक्षा भी पुलिस करें, सड़क पर निकले तो उन्हें किसी तरह की परेशानियों का सामना ना करना पड़े। इसके लिए पुलिस जवानों की सुरक्षा के लिए कामना की गई।थाना प्रभारी ने दिया रक्षा का वचनः वहीं पेशरार थाना प्रभारी ने कहा कि महिलाओं के द्वारा पुलिस के अधिकारियों और जवानों को राखी बांधी गई है।

# लगने के महज चंद घंटे बाद ही कोटेगसेरा गांव का दो सोलर जलापूर्ति योजना बेकार

## ग्रामीण कुएं का संक्रमित पानी पीने को विवश

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** शहर मुख्यालय से 22 किलोमीटर दूर मुरकुंडा पंचायत के कोटेंगसेरा गांव सोलर जलापूर्ति योजना में भारी अनियमित बढ़ती गई है। जिसके कारण दो-दो सोलर जलापूर्ति योजना गांव में लगने के बाद भी ग्रामीण बूंद बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं। संवेदक के द्वारा सोलर जलापूर्ति योजना लगाने में राशि की बंदर बांट की गई है। पुराने ही छपकाल में सोलर चलपूरथी योजना का कनेक्शन कर दिया गया। जिसके कारण महज कुछ घंटे सोलर जलापूर्ति से ग्रामीणों को पानी मिलने के बाद यह बेकार हो गया।

### सांसद ने कहा कि जिला प्रशासन मामले की जांच कर दोषियों पर करे कारवाई

स्थिति यह है कि ग्रामीण कुएं का संक्रमित पानी पीने को विवश है। मां की बात कार्यक्रम में भाग लेने पहुंचे सांसद सुदर्शन भगत से जब सोलर जलापूर्ति योजना के खराब होने की बात पूछी गई तो उन्होंने कहा कि इस पर जांच होगी और दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी। सांसद ने कहा कि वह जिला प्रशासन से इस संबंध में बात करेंगे और संवेदक के ऊपर जांच कर कार्रवाई करने का निर्देश देंगे।

# ऐसे आयोजनों से लोगों में धार्मिक भावना जागृत होती है : दीपक साहू

### जय श्रीराम समिति के बैनर तले भव्य महाआरती व भंडारे का हुआ आयोजन

खबर मंत्र संवाददाता



आरती में उमड़ी भीड़

**लोहरदगा ।** शहर के कृषि बाजार निकट रियाडा स्थित मनोकामना दुर्गा व हनुमान मंदिर में जय श्रीराम समिति के बैनर तले नगर अध्यक्ष दीपक साहू के नेतृत्व में मंगलवार की संध्या भव्य महाआरती व भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें समिति के पदाधिकारी, सदस्यों के अलावा सनातन धर्म के सैकड़ो महिला पुरुष शामिल हुए। समिति द्वारा प्रत्येक मंगलवार को जिले के अलग-अलग मंदिरों में महाआरती सहित धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन किया जाता है, जिसके तहत महाआरती व भंडारे का आयोजन किया गया। मौके पर नगर अध्यक्ष दीपक साहू ने कहा कि ऐसे आयोजनों से लोगों में धार्मिक भावना जागृत होती है। साथ ही अपने धर्म के प्रति आस्था और कृतज्ञता में प्रगाढ़ आती है। उन्होंने कहा कि समिति समय-समय पर ऐसे कई धार्मिक आयोजन करते रहती है जिससे सनातनी एकजुटता कायम रह सके। वही समिति के जिला उपाध्यक्ष अनिल उरांव ने कहा कि ऐसे आयोजन का मुख्य उद्देश्य अपने धर्म और संस्कृति से लोगों को जोड़े रखना है। मौके पर जयकारे लगाते हुए आगे भी निरंतर ऐसे धार्मिक आयोजन पर बल देने की बात कही। इधर आयोजित भंडारे में सैकड़ो की संख्या में लोग शामिल होकर प्रसाद ग्रहण किए। मौके पर आरएसएस के जिला प्रचारक दीपक, जय श्रीराम समिति जिला संरक्षक सुषमा सिंह, गुप्तेश्वर प्रसाद, उपाध्यक्ष अनिल उरांव, बिक्की कसेरा, अनुज कुमार,जिला कोषाध्यक्ष सुनील अग्रवाल, विनोद प्रसाद, पूर्व जिला उपाध्यक्ष अशोक साहू, ज्योति भगत, संगठन मंत्री अभिषेक साहू, गोलू वर्मा, सुशील पटनायक, रवि साहू, अमित साहू, राहुल कुमार, नीरज साहू सहित सैकड़ों महिला पुरुष बच्चे शामिल हुए।

# खेल से आपसी भाईचारगी का संदेश मिलता है : नेसार अहमद

खबर मंत्र संवाददाता



मंचाशीन अतिथि

**कुडू।** प्रखंड क्षेत्र के ककरगढ़ चैलेंजर फुटबॉल क्लब के तत्वाधान में आयोजित फुलसूरी मैदान में चल रहे पांच दिवसीय फुटबॉल टूनामेंट का गुरुवार को समापन किया गया। फाइनल मुकाबला परियागो फुटबॉल क्लब मांडर बनाम जज्बा कंपीटीसन बीजूपाड़ा के बीच खेला गया। जिसमें खिताब पर फुटबॉल क्लब मांडर का टीम का कब्जा रहा, वही द्वितीय स्थान पर, जज्बा कंपीटीसन बिजुपाडा, तृतीय स्थान पर कंदरी फुटबॉल क्लब और चौथे स्थान पर पंकज ब्रदर्स रांची की टीम रही। इस टूनामेंट के फाईनल समापन समरोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए कांग्रेस के प्रदेश प्रतिनिधि नेसार अहमद, उप प्रमुख ऐनुल अंसारी, अतिथियों का मैदान पहुंचने पर आयोजन समिति के द्वारा माला पहनाकर एवं बुक्के देकर गर्मजोशी के साथ जोरदार आयोजन समिति के द्वारा स्वागत किया गया। तत्पश्चात खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर फाइनल मुकाबला प्रारंभ किया गया मुकाबला में विजय हुए सभी विजेता टीमों को अतिथियों के द्वारा नगद पुरूस्कार एवं खस्सी देकर सम्मानित किया गया। वही मौके पर कांग्रेस प्रदेश प्रतिनिधि नेसार अहमद ने कहा कि खेल में एकता और एकजुटता दोनों ही दिखाई देता है सभी खिलाड़ी आपस में प्रेम भाव के साथ खेलते हुए कितना अच्छा लगते है खेल से आपसी भाईचारे का संदेश भी मिलता है कहा कि क्षेत्र में भी भाईचारा बनाकर कर सभी लोग आपस में स्नेह और प्यार से मिलजुलकर रहे अफवाहों पर ध्यान नहीं दे कहा कि खिलाड़ी चाहे तो खेल के छेत्र में अपना कैरियर बना सकते है विजेता उप विजेता टीमों को बधाई देते हुए कहा कि खेल में हार जीत लगी रहती है जो टीमें इस टूनामेंट में जगह नहीं बना पाए उस टीम को हतास होने की जरूरत नहीं है आने वाला साल में फिर से मौका दिया जाएगा । उप प्रमुख ऐनुल अंसारी ने संबोधित करते हुए कहा कि बच्चों को भी फुटबॉल खेलने के प्रति आकर्षित करना चाहिए जिससे वह कंप्यूटर इंटरनेट के खेलों की दुनिया से बाहर निकलकर फुटबॉल जैसे खेलों को खेलें और अपने शरीर को स्वस्थ रखें इस खेल को खेलने से बच्चों में टीम भावना भी आती है जिससे वह अपने जीवन भर टीम के महत्व को समझ कर एक साथ मिलजुल कर कोई कार्य करके सफलता प्राप्त कर सकते है, अपने संबोधन में कहा कि खेल शारीरिक और मानसिक विकास के साथ रोजगार पाने का भी अवसर प्रदान करती फुटबॉल खेल देश ही नहीं आज विदेशों में भी काफी पसंद किया जाता है हमें फुटबॉल खेल को प्रोत्साहन देना चाहिए और अपने बच्चों को इस और जागरूक करना चाहिए आज के तारीख में हम सभी के लिए खेल बहुत ही जरूरी है खेल से बच्चों का मानसिक विकास भी होता है वही सभी को रक्षाबंधन की सुभकामनाएँ दी । मौके पर मुख्य रूप से कांग्रेस के सलीम ऊर्फ बड़े ,संजर अंसारी, संजू तूरी, वारिस अंसारी, कमरूल इस्लाम, सहजाद अंसारी, सनाउल्लाह अंसारी, सेराजूल अंसारी, बबलू ऊर्फ नेसार ,जमरूद्दीन अंसारी, नईम अंसारी, गाजी सलाहुद्दीन, मोहम्मद इकबाल, आयोजन समिति के अध्यक्ष पंकज उरांव, सचिव मुबारक अंसारी, कोषाध्यक्ष अतहर अंसारी सहित काफी संख्या में खेल प्रेमी मौजूद थे।

स्पीड न्यूज

## मुखिया प्रतिनिधियों ने आईपीएस शंभू सिंह को सम्मानित किया, दी बधाई



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**टंडवा (चतरा)।** टंडवा डीएसपी शंभू कुमार सिंह का आईपीएस में पदोन्नति होने पर टंडवा के मुखिया पति समाजसेवी सुभाष दास राहम पंचायत मुखिया विश्वजीत उरांव कल्याणपुर मुखिया महेश मुंडा, गाडीलौंग मुखिया प्रतिनिधि मोइन अंसारी एवं टंडवा उप मुखियापति विक्की मालाकार समेत अन्य ने श्री सिंह को पुष्प गुच्छा व शॉल देकर सम्मानित के साथ बधाई व शुभकामनाएं दी। ज्ञात होगी झारखंड के कुल 24 डीएसपी को आईपीएस में पदोन्नति मिली है इसी में टंडवा के सीनियर डीएसपी शंभू सिंह भी शामिल हैं। जिन्हें मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा आईपीएस का बैच लगाकर पदोन्नति दी, जिससे पूरे चतरा जिला गौरवान्वित है।

## पैक्स अध्यक्ष बने रवि



जुलूस में रवि कुमार रवि

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**केतार।** चुनावी कसमा कस के बाद रवि कुमार रवि लॉटरी से केतार पंचायत के पैक्स अध्यक्ष बने। निर्धारित समय के अनुसार केतार पैक्स निर्वाचन पदाधिकारी मनोज कुमार गुप्ता, बीसीओ उदय कमल, सुनील कुमार, दंडाधिकारी जेई आनंद कुमार, मुखिया प्रमोद कुमार की उपस्थिति में पंचायत भवन में लॉटरी कराया गया। जिसमें दोनो उम्मीदवार का नाम लिखकर एक डब्बा में डाला गया और एक नाबालिग लड़का को बुलाकर एक पर्चा निकलवाया गया। जिसमें रवि कुमार रवि का नाम निकला। इसके पश्चात जीत का प्रमाणपत्र उन्हें दिया गया। जीत के बाद रवि कुमार रवि ने कहा कि आज सच्चाई का जीत हुआ है। हमे ईश्वर पर पूरा भरोसा था। वहीं मुखिया प्रमोद कुमार ने रवि को माला पहनाकर सम्मानित किया। इसके पश्चात रवि ने अपने समर्थकों के साथ जीत का जश्न मनाते हुए केतार बाजार तक जुलूस निकाला। मौके पर एसआई संजय हेंब्रम सहित कई अन्य उपस्थित थे।

## बच्चियों ने डॉ. नीरा यादव की कलाई में बांधा रक्षा सूत्र



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** श्रावण पुर्णिमा एवं अटूट सुरक्षा पर्व रक्षाबंधन के पावन अवसर पर गुरुवार को छोटी-छोटी एवं प्यारी प्यारी बच्चियों ने कोडरमा विधायक डॉ.नीरा यादव को उनके आवास पर पवित्रता का रक्षा सूत्र कलाई में बांधा। इस सुअवसर पर डॉ.नीरा यादव ईश्वर से कामना किया कि शांति, सद्भाव, नैतिकता और भाईचारगी के साथ सभी लोगों का सुरक्षित आरोग्य जीवन व्यतीत हो। उन्होंने सभी बहनों का आभार व्यक्त करते हुए देश के सभी भाई बहनों को हार्दिक शुभकामनाएं दी।

## कोमल रंग हाउस का उद्घाटन




**कोडरमा।** झुमरीतिलैया नगर परिषद् क्षेत्र अंतर्गत संकट मोचन मंदिर असनाबाद के समीप प्रोपराइटर की मां सुमित्रा देवी के द्वारा कोमल रंग हाउस का उद्घाटन किया गया। इस दौरान प्रोपराइटर श्याम सुंदर प्रसाद ने कहा कि हमारे यहां उचित मूल्य पर रंग, वालपुटी, सेम समेत अन्य सामग्री बाजार दर से कम दर पर ग्राहकों के लिए उपलब्ध है। मौके पर सेवानिवृत शिक्षक निरंजन यादव, श्याम किशोर राय, विनोद राय, अमित कुमार, हर्ष राय, अरूण कुमार ओझा, निरज कर्ण, सोनी कुमारी, शालू कुमारी समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## गणपति पूजा धूमधाम से मनाने को लेकर बैठक

**जयनगर (कोडरमा)।** तूफान क्लब के तत्वावधान में सर्वजनिक गणपति पूजा समिति के पुनर्गठन को लेकर अर्जुन राम की अध्यक्षता में बैठक की गई। बैठक के दौरान इस वर्ष 19 सितंबर से शुरू हो रहे पांच दिवसीय नूतन वर्ष के रूप में गणपति पूजा धूमधाम से मनाने पर चर्चा की गई। इस दौरान गणपति पूजा समिति का तीन साल के कार्यकाल पूरा होने पर पुनर्गठन किया गया। बैठक के दौरान अध्यक्ष सुनील सिंह, उपाध्यक्ष पवन सिंह एवं अनिल पांडे, महासचिव सरोज सोनी, कोषाध्यक्ष राजेश सिंह, सचिव सन्नी साव, संरक्षक राम अवतार सिंह, अंकेक्षक उमेश मोदी, संयोजक डॉ कैलाश राम को बनाया गया। मौके पर राकेश साव, सतीश मालाकार, नीलकंठ सोनी, राजेंद्र सिंह, अशोक स्वर्णकार समेत कई लोग मौजूद थे।

# वर्णित विवादित भूमि पर यथास्थिति बनाये रखने के आदेश पर भी मकान निर्माण कार्य जारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मझिआंव।** अंचल क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत तलसबरिया के ग्राम औरा में वर्णित विवादित भूमि स्थल पर यथास्थिति बनाए रखने को लेकर न्यायालय अनुमंडल दंडाधिकारी गढ़वा के द्वारा पत्रांक 590 के तहत 29 अगस्त को अंचल अधिकारी एवं थाना प्रभारी को पत्र भेजा गया है।

उसके बाद उक्त भूमि पर सुलेमान खान और पुत्र सुखारी खान एवं आरिफ खान के द्वारा 31 अगस्त गुरुवार को मकान निर्माण कार्य किया जा रहा था। उसके बाद मंजूर अहमद खान के द्वारा थाना को सूचना दी गई सूचना के आलोक में थाना प्रभारी विवेक कुमार पंडित ने दलबल को स्थल पर भेज कर मकान निर्माण कार्य को रोक लगाया गया। रोक के कुछ घंटे बाद ही पुणः से निर्माण कार्य चालू कर दिया गया। इस संबंध में पूछे जाने पर थाना प्रभारी विवेक कुमार पंडित ने कहा कि उक्त निर्माण कार्य को रोक दिया गया था अगर उसके बावजूद भी निर्माण कार्य होता है तो आगे की कार्रवाई की जाएगी।



मकान निर्माण कार्य जारी

जानकारी देते हुए मंजूर अहमद खां बताया कि खाता संख्या 29 का प्लट संख्या 442, 443 रखवा 22 डिसमिल का मालिकाना हक गढ़वा अदालत के द्वारा मुझे दिया गया है। जबकि उक्त भूमि पर सुलेमान खान के द्वारा लगभग 7 डिसमिल कब्जा कर लिया गया है। जिसको लेकर मंजूर अहमद खान ने बताया कि सिविल कोर्ट सीनियर डिवीजन एक गढ़वा के अनुसार अधौरा गांव में हक हासिल दिया है।

जिसको लेकर उक्त भूमि को मापी कर सीमांकन हेतु निबांन विभाग गढ़वा को एक बार, अपर आयुक्त गढ़वा को दो बार, अनुमंडल पदाधिकारी गढ़वा को एक बार, अंचल अधिकारी मझिआंव को सात बार एवं पुलिस अधीक्षक को एक बार इसके बाद 11 अगस्त को जिला उपायुक्त को भी आवेदन दिया है और मापी हेतु दो बार पैसा भी जमा किया है लेकिन उक्त भूमि का मापी नहीं किया गया है।

जिला उपायुक्त के आवेदन के बाद 29 अगस्त को न्यायालय अनुमंडल दंडाधिकारी गढ़वा के द्वारा उक्त भूमि पर यथा स्थिति बनाए जाने को लेकर अंचल अधिकारी एवं थाना प्रभारी को पत्र भेजा गया है। साथ ही मंजूर अहमद खान ने कहा कि अगला पार्टी बाहुबल और पैसे के बदौलत हमें निरंतर दबा रहा है। साथ ही कहा कि इस संबंध में राज्य के वरीय पदाधिकारी एवं मुख्यमंत्री तक सोशल मीडिया के माध्यम से ट्वीट कर जानकारी दे दी गई है।

## गढ़वा में धूमधाम से मना रक्षाबंधन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** भाई-बहन के पवित्र एवं अटूट प्रेम का त्यौहार रक्षाबंधन गुरूवार को जिले भर में काफी धूमधाम एवं परंपरागत हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। बहनों ने भाई की कलाई पर रक्षासूत्र (राखी) बांधकर उनके दीर्घायु जीवन की कामना की। भाईयों ने भी बहनों को आजीवन रक्षा करने एवं हर सुख दुख में साथ निभाने का वचन दिया। बुधवार को सावन पूर्णिमा के साथ भद्रा नक्षत्र होने के कारण रक्षाबंधन नहीं मनाया गया। गुरूवार को सुबह सात बजे तक पूर्णिमा होने के कारण गुरूवार को ही रक्षाबंधन मनाया गया। बाजार में दो दिन पूर्व से ही रक्षाबंधन की खरीददारी के लिए काफी भीड़ उमड़ रही थी। बुधवार को शहर में रक्षाबंधन की खरीददारी के लिए उमड़ी भीड़ से दिन से ही ट्रैफिक जाम की स्थिति बनी रही। जबकि संध्या तीन बजे के बाद से देर रात्रि तक पूरा शहर अस्त व्यस्त रहा। गुरूवार को दिन भर रक्षाबंधन मनाया गया। काफी संख्या में बहनें अपनी मायके पहुंचकर भाईयों को राखी बांधी। जबकि कई भाईयों ने भी बहनों के घर पहुंचकर राखी बंधवाया। जबकि कुछ बहनें दूर होने के कारण पहले ही भाईयों को राखी भेज चुकी थी। सनातन धर्म में रक्षाबंधन का बहुत ही महत्व है। रक्षाबंधन से संबंधित कई कहानियां भी मौजूद हैं। भारत में भाई-बहनों के बीच प्रेम व कर्तव्य की भूमिका जताना किसी एक दिन का मोहताज नहीं है। परंतु रक्षाबंधन की ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व की वजह से श्रावण मास की पूर्णिमा का यह दिन काफी महत्वपूर्ण बन जाता है। रक्षाबंधन भाई बहन के पवित्र प्रेम का प्रतीक त्यौहार है।



फोटो 2-भाई के कलाई पर राखी बांधती बहनें

## देश को महंगाई की आग में झोंक चुकी है मोदी सरकार, जनता सिखायेगी सबक

**गढ़वा।** झामुमो जिला सचिव मनोज ठाकुर ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि भाजपा जिलाध्यक्ष ने गैस का दाम कम किया जाना देश को बड़ा तोहफा बताया है। उन्हें यह भी बताना चाहिए कि गैस के दामों में वृद्धि किसने किया था। जो गैस 350 एवं 400 रुपये में मिलता था, मोदी सरकार ने उसे 1200 रुपये कर दिया। मजबूरन गरीब, असहाय, मजदूर वर्ग के लोग जिन्हें उज्जवला योजना से गैस सिलेंडर मिला था वो बहुत से लोग कबाड़ में बेच चुके हैं। श्री ठाकुर ने कहा कि अब कोई गैस कनेक्शन नहीं लेना चाहता है। बड़ा तोहफा देने वाले मोदी सरकार महंगाई की आग में देश को झोक अपने सरकार के समय 600 रुपये की वृद्धि में से 200 रुपये कम कर वाहवाही लुटना चाहती है। मुंह से निवाला छिनने वाली मोदी सरकार वृद्धि किए हुए दामों को थोड़ा कम कर दी, क्योंकि मात्र छह माह के बाद लोकसभा का चुनाव होने जा रहा है। झारखंड राज्य में 14 लोकसभा सदस्य में से 12 सांसद भाजपा का है।

### पैसेंजर ट्रेन का ठहराव बंद

## जनता के साथ अन्याय : पूर्व विधायक जानकी



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**जयनगर (कोडरमा)।** रेलवे बोर्ड द्वारा गया से आसनसोल के बीच चलने वाली आसनसोल वाराणसी 13553 व 13554 को 46 दिनों के लिए बंद किए जाने पर पूर्व विधायक जानकी यादव ने नाराजगी जताते हुए इसे रेलवे का तुगलकी फरमान बताया है। पूर्व विधायक श्री यादव ने इस पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि यह फैसला क्षेत्र के लोगों के साथ अन्याय है। उन्होंने कहा कि उक्त पैसेंजर ट्रेन एकमात्र ऐसी ट्रेन है, जिससे लोगों का यूपी, बंगाल झारखंड और बिहार से आवागमन होता है। उस ट्रेन के कारण हजारों लोगों की रोजी रोजगार चल रही है। जो ट्रेन बंद होने से प्रभावित होगी। उन्होंने कहा कि रेलवे गया से आसनसोल के बीच एक पैसेंजर ट्रेन का तत्काल परिचालन शुरू करें अन्यथा जन सहयोग से व्यापक आंदोलन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि रेलवे बोर्ड पैसेंजर ट्रेन का ताला बंद कर जन भावनाओं का अनादर कर रही है। उन्होने कहा की वह इस मामले में चुप नहीं बैठने वाले हैं पहले भी रेल समस्याओं के लिए दर्जनों आंदोलन किया है फिर जरूरत पड़ी तो आंदोलन की राह पकड़ेंगे।

## विधायक आवास पर समीक्षा बैठक



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** आगामी 4 सितंबर को चन्द्रावती स्मारक प्लस टू उच्च विद्यालय के प्रांगण में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबुलाल मरांडी की संकल्प यात्रा आहूत की गई है। इस निमित्त कोडरमा के पूर्व पार्टी जिला अध्यक्ष, पार्टी जिला पदाधिकारी, जिला के सभी मंडल व जिला के सभी मंच मोर्चा एवं सभी मंडलों के पदाधिकारियों की समीक्षात्मक बैठक विधायक आवास में संपन्न हुई।

बैठक की शुरुआत श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीन दयाल उपाध्याय की चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिला उपाध्यक्ष शिवलाल सिंह एवं कार्यक्रम संचालन भाजपा जिला मंत्री महेंद्र यादव ने किया। वहीं मुख्य अतिथि के रूप में विधायक डॉ.नीरा यादव मुख्य रूप से उपस्थित थीं। बैठक में एक-एक कर सभी मंडलों की समीक्षा की गई और लोगों को कार्यक्रम स्थल पर आने के लिए सुविधाओं पर विचार किया गया।

वहीं डॉ.नीरा यादव ने कहा की प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद बाबूलाल मराण्डी का कोडरमा के धरती पर पहला आगमन है, इसलिए इनका स्वागत जोरदार तरीके से होनी चाहिए। बैठक में निर्णय लिया गया कि संकल्प यात्रा में आयोजित आहूत जनसभा को सफल बनाने के लिए सभी ज्येष्ठ श्रेष्ठ भाजपा के पदाधिकारीगण एवं कार्यकर्तागण संकल्पित रहें। बैठक में प्रकाश राम, रामचंद्र सिंह, विरेंद्र सिंह, राम नाथ सिंह, शिवेंद्र सिंहा, सूर्य प्रताप मेहता, चंद्रशेखर जोशी, प्रवीण पाण्डेय, नरेंद्र पाल, विजय यादव, दिनेश सिंह, जय शंकर प्रसाद, मुकेश कुमार, शशि भूषण प्रसाद, राजेन्द्र सिंह, हरि पंडित, किशोर पंडित, महादेव दास, विजय कुमार सिंह, रवींद्र यादव,पवन सिंह, राजेंद्र सिंह, राम स्वरूप यादव, पप्पू यादव, महेश यादव, भगवान दास साहू, लखन पासवान, कुलदीप राम, टेकलाल मंडल, सुधीर यादव, सुरेंद्र राजवंशी, सुनील भारती, रौशन कुमार,सुनील मेहता, गोपाल यादव आदि उपस्थित थे।

## छात्राओं ने दिल्ली में राष्ट्रपति व रांची में राज्यपाल को बांधी राखी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** भाई-बहन के अमर प्रेम का प्रतीक पर्व रक्षाबंधन को लेकर सेक्रेड हार्ट स्कूल के छात्राओं ने दिल्ली में राष्ट्रपति और रांची में राज्यपाल को राखी बांधकर रक्षाबंधन का त्यौहार मनाया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को राखी बांधने के लिए शिक्षक प्रवीण कुमार और कामिनी सहायक के नेतृत्व में सौम्या कुमारी, नयनतारा गुप्ता, कौशांबी मालवा, जहान्वी ओझा और पुलकित सोनी दिल्ली गए थे। जबकि दूसरी ओर झारखंड के महामहिम सीपी राधाष्णन को राखी बांधने के लिए आर्ची कुमारी, तनीषा शर्मा, वंदना कुमारी, मेघा सिंह और अनुप्रिया कुमारी रांची स्थित राजभवन गई थी। स्कट टीचर के रूप में कुंतल जेठवा और मनोज कुमार पांडेय साथ गए थे। रांची के राज भवन में रक्षाबंधन के अवसर पर एक कार्यक्रम भी हुआ था, जिसका संचालन सेक्रेड हार्ट स्कूल का शिक्षक मनोज कुमार पांडेय ने किया। बच्चों ने राष्ट्रपति और राज्यपाल को राखी बांधकर अपने जीवन में एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। इसका सारा श्रेय विद्यालय के निदेशक प्रमोद कुमार को जाता है। रक्षाबंधन के बाद बच्चों ने दिल्ली में इंडिया गेट, अक्षर धाम, लोटस टेंपल, राजघाट, लाल किला आदि स्थान का सैर किया और इससे संबंधित जानकारियां हासिल की। दूसरी ओर बच्चों ने रांची के राजभवन में बने विशाल पार्क में घूमने का आनंद लिया। विद्यालय के एकेडमिक डायरेक्टर प्रमोद कुमार शर्मा, प्राचार्य नवीन कुमार समेत अन्य शिक्षकों ने बच्चों को बधाई दी है। शिक्षकों और छात्रों ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन को उपहार स्वरूप एक प्रतीक चिह्न भेंट किया।





एक नजर में

## ज्ञान तंत्र इंटर कॉलेज का दुसरा स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**इटखोरी।** प्रखंड क्षेत्र के करनी गांव स्थित ज्ञान तंत्र इंटर कॉलेज का दुसरा स्थापना दिवस गुरुवार को धूमधाम से मनाया गया। बतौर मुख्य अतिथि के रूप में जिप उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी शामिल हुए। जिप उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस मौके पर महाविद्यालय के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर कार्यक्रम को यादगार बना दिया। बच्चों द्वारा नाटक एवं गीत नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों का मनमोह लिया। इंटर महाविद्यालय के स्थापना दिवस कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए जिप उपाध्यक्ष ने कहा कि ग्रामीण इलाकों में भी अब इंटर तथा डिग्री कालेज का संचालन होने लगा है। यह शिक्षा के क्षेत्र में एक अच्छा संकेत है। उच्च शिक्षण संस्थानों के अभाव में पहले ग्रामीण क्षेत्र के लोग ऊंची शिक्षा प्राप्त नहीं कर पाते थे। खासकर बच्चियों की पढ़ाई मैट्रिक के बाद ही बंद हो जाती थी। लेकिन छोटे-छोटे कस्बों में कालेज की स्थापना होने से नारी शिक्षा को बहुत बल मिला है। उन्होंने इंटर महाविद्यालय के संचालक शुभम सिंह को शुभकामनाएं भी दी। स्थापना दिवस कार्यक्रम में इंटर महाविद्यालय के संचालक शुभम सिंह ने दो वर्ष का रिपोर्ट कार्ड उपस्थित अभिभावकों तथा ग्रामीणों के बीच प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि आने वाले समय में इंटर महाविद्यालय में नामांकित होने वाले विद्यार्थियों को और बेहतर शिक्षा प्रदान की जाएगी। इस मौके पर पूर्व विधायक योगेन्द्र नाथ बैठा, भाजपा मंडल अध्यक्ष देव कुमार सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष बसंत नारायण सिंह, बीस सूत्री अध्यक्ष जागेश्वर यादव, टुन्नी सिंह, बालगोविंद राम, रंजीत सिंह, सतीश दांगी, करनी पंचायत मुखिया किरण देवी भी मुख्य रूप से मौजूद थे।

## राजद नेता ने निजी खर्च से किया सड़क का जीर्णोद्धार कार्य



कार्य में लगा जेसीबी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मझिआंव।** विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत बरडीहा प्रखंड क्षेत्र के ग्राम सुखनदी के ग्रामीणों ने गांव के बदहाल सड़क को लेकर समाजसेवी सह राजद नेता नरेश प्रसाद सिंह से 27 अगस्त को सड़क जीर्णोद्धार कार्य कराने का अनुरोा किया था। सड़क का हालात देखने के बाद राजद नेता नरेश प्रसाद सिंह ने तुरंत दूसरे दिन ही सोमवार को तत्काल दो जेसीबी मशीन एवं चार टैक्टर आदि के मंगाकर अपने देख-रेख में निजी राशि से मिशन जनकल्याण के तहत सुखनदी गांव का 4 किमी लंबी सड़क को मिट्टी-मोरम से बेहतर जीर्णोद्धार कार्य पूरा करवाया गया। राजद नेता द्वारा बेहतर सड़क जीर्णोद्धार कार्य कराने के बाद ग्रामीणों में अपार खुशी देखा जा रहा है। इार ग्रामीणों ने कहा कि पूर्वजों से चली आ रही सड़क को अभी तक सरकारी मत से एक बार भी सड़क का निर्माण कार्य नहीं किया। जिसको लेकर ग्रामीण बदहाल सड़क पर चलने को मजबूर थे। इसके लिए पदाधिकारी से लेकर विधायक तक ग्रामीणों ने कई बार चक्कर लगाया लेकिन सड़क का निर्माण कार्य नहीं किया गया। इसलिए थक हार कर राजद नेता नरेश प्रसाद सिंह से आग्रह किया गया था। जिसे नरेश प्रसाद सिंह के द्वारा गुरुवार को सड़क जीर्णोद्धार का कार्य पुरा करा दिया गया। मौके पर राजद प्रखंड अध्यक्ष नवल किशोर यादव, पंचायत समिति प्रतिनिधि रत्नेश गुप्ता, संतोष रजवार, आशीष विश्वकर्मा, अनुप रजवार, प्रताप ठाकुर, वली शेख़, रमजान अंसारी, श्याम लाल यादव, सलेश यादव, दुदुन उपाध्याय, प्रमोद उपाध्याय, मणी प्रसाद आदि उपस्थित थे।

## बसपा नेता ने किया क्लिनिक का उद्घाटन



उद्घाटन करते अभिमन्यु सिंह

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मझिआंव।** नगर पंचायत क्षेत्र स्थित मझिआंव-सुंडीपुर मुख्य मार्ग पर राधाकृष्ण मंदिर के समीप भारत सरकार व नीति आयोग द्वारा मान्यता प्राप्त संस्था जन आकांक्षा फाउंडेशन के तहत आकांक्षा डिजिटल ई क्लीनिक का उद्घाटन विश्रामपुर-मझिआंव विधानसभा क्षेत्र के युवा समाजसेवी सह बहुजन समाज पार्टी के नेता अभिमन्यु सिंह उर्फ बबलू सिंह ने फीता काटकर किया। इससे पूर्व दामोदर पाठक ने विधि-विधान से पूजा अर्चना कराई। इस संबंध में जानकारी देते हुए पलामू प्रमंडल के जोनल डॉ. सत्येंद्र पाल ने बताया कि भारत सरकार व नीति आयोग के द्वारा मान्यता प्राप्त जन आकांक्षा फाउंडेशन एक विश्वास का प्रतीक है। यहां आयुर्वेदिक एवं एलोपैथिक दवाइयां द्वारा बीमारियों का इलाज किया जाएगा। जैसे पथरी, लकवा, साइटिका, माइग्रेन, पुरानी जोड़ों का दर्द, कमर दर्द इत्यादि बीमारी का किया जाएगा। साथ ही उन्होंने कहा कि इस जन आकांक्षा फाउंडेशन संस्था से जोड़ते हुए मुस्कान हेल्थ कार्ड बनाया जाएगा। इस कार्ड को बनवाने पर डक्टर फी एक वर्ष तक के लिए निःशुल्क उपचार एवं दवा भी फ्री में दिया जाएगा।

## अन्नपूर्णा देवी परसाबाद में आज चलायेगी जनसंपर्क अभियान

**जयनगर (कोडरमा)।** सांसद सह केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी आज परसाबाद मंडल में जनसंपर्क अभियान चलाएगी तथा मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम में भाग लेंगी। वहीं मंडल अध्यक्ष शशिभूषण चौधरी व महामंत्री महेश रजक ने बताया कि वे 10 बजे परसाबाद दुर्गा मंडप, 11:30 बजे घरौंजा, घुरमुंडा, 1 बजे खरियोडीह तथा 3 बजे तिलोकरी में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेंगी।

# मनिका थाना क्षेत्र के समीप ट्रक और बाइक की टक्कर, भाई की मौत, बहन-बहनोई गंभीर

- हादसे को लेकर आक्रोशित ग्रामीणों ने सड़क किया जाम, थाना प्रभारी के समझाने बुझाने के बाद सड़क जाम हटाया गया
- नामुदाग मोड़ के पास सड़क में गड्ढा होने से आये दिन हो रही है दुर्घटनाएं

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मनिका।** मनिका थाना क्षेत्र के नामुदाग मोड़ के समीप राष्ट्रीय मार्ग 39 पर दिन गुरुवार के अहले सुबह ट्रक और बाइक की सीधी टक्कर में एक व्यक्ति की घटनास्थल पर ही मौत हो गई और दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार शंकर उरांव घर मंधनिया थाना मनिका आज सुबह बरवाहीह अपने बहन के गांव से जेएच 03 एबी 8456 नंबर की मोटरसाइकिल पर सवार होकर अपने गांव वापस मंधनिया जा रहा था। मोटरसाइकिल पर उसकी बहन नमिता देवी और बहनोई राजेश उरांव भी बैठे हुए थे। इसी क्रम में नामुदाग मोड़ के पास विपरीत दिशा से आ रहे जेएच 14 जे 3888 नंबर की ट्रक वाहन से सीधी टक्कर हो गई टक्कर इतनी भीषण थी कि मोटरसाइकिल सीधे ट्रक के चक्के के नीचे जा फंसा। इस घटना में शंकर उरांव की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि उसकी बहन नमिता देवी और बहनोई राजेश उरांव घायल हो गए। वहीं दुर्घटना की जानकारी स्थानीय लोगों के द्वारा थाना प्रभारी मनिका राणा भानु प्रताप सिंह को दी गई, जिसके तुरंत ही थाना प्रभारी के नेतृत्व में पुलिस बल घटना स्थल पर पहुंचकर मृतक के शव को कब्जे में ले लिया। वहीं दोनों घायलों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया जहां चिकित्सकों ने दोनों का इलाज किया। घटना के बाद पुलिस ने ट्रक को भी कब्जे में ले लिया। हालांकि घटना को अंजाम देने के बाद ट्रक चालक वाहन को छोड़कर फरार हो गया था। इधर सड़क दुर्घटना में युवक की मौत की खबर सुनने के बाद स्थानीय लोग आक्रोशित हो गए और राष्ट्रीय मार्ग 39 को जाम कर दिया सड़क जाम होने के कारण दोनों ओर वाहनों की लंबी लाइन लग गई। जिसके बाद मौके पर उपस्थित थाना प्रभारी राणा भानु प्रताप सिंह के द्वारा मृतक के परिजनों एवं ग्रामीणों को समझाया बुझाया गया और आश्वासन दिया गया कि सरकारी प्रावधान के तहत सभी प्रकार की सुविधा मृतक के परिजनों को उपलब्ध करवाई जाएगी थाना प्रभारी के पहल पर ग्रामीणों ने सड़क जाम हटा दिया। वहीं थाना प्रभारी राणा भानु प्रताप सिंह ने बताया कि मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए लातेहार सदर अस्पताल भेज दिया गया है। आपको बताते चलें कि नामुदाग मोड़ के समीप सड़क पर गड्ढा बनने से यहां पर अक्सर दुर्घटना होते रहती है थोड़ी सी भी असावधानी दुर्घटना का कारण बन जाती है और लोगों को जान माल की हानि होती है।


दुर्घटनाग्रस्त वाहन।

## फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम को लेकर गौसिया व मदीना मस्जिद में खिलाई गई फाइलेरिया रोधी दवा


दवा खिलाती टीम।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

महुआंडाड़। महुआडांड़ में फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम को लेकर गौसिया व मदीना मस्जिद अम्वाटोली के स्वास्थ्य सहिया रफतजहां व डिपाटोली के स्वास्थ्य सहिया आमना बीबी के द्वारा फाइलेरिया रोधी दवा का सेवन कराया गया। इसकी जानकारी देते हुए स्वास्थ्य सहियाओं ने बताया कि गौसिया मस्जिद में कारी शमशेर रजा, मोहसिन, खुशीर्द आलम के अगुवाई में व मदीना मस्जिद में मौलाना इमरान, व जसीम उद्दीन के अगुवाई में दवा का सेवन कराया गया। दोनों मस्जिद में मिलाकर 78 लोगों को फाइलेरिया रोधी दवा डीईसी, एलबेंडाजॉल एवं आइभरमेक्टिन की सेवन कराया गया। और लोगों को इस संबंध में जानकारी दी गई कि फाईलेरियारोधी दवा का सेवन खाली पेट नहीं करें, एवं 1 वर्ष से कम उम्र के बच्चे, गर्भवती महिलाएं एवं गंभीर बीमारी से ग्रसित व्यक्ति फाईलेरिया रोधी दवा का सेवन नहीं करें।

## एक दर्जन से ज्यादा यात्री को आरपीएफ ने पकड़ा

**चंदवा।** सीआईसी सेक्शन बरकाकाना-बरवाडीह रेलखंड अंतर्गत टोरी जंक्शन प्लेटफार्म पर उच्च अधिकारियों के निर्देशानुसार टोरी आरपीएफ के द्वारा विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान रेल सुरक्षा नियमो का उलंघन कर रेलवे ट्रैक को पार कर रहे लगभग 1 दर्जन यात्रियों को पकड़ा गया। पकड़े गए यात्रियों से निर्धारित जुमार्ना राशि वसूल करते हुए सख्त हिदायत देकर छोड़ दिया गया। इस दौरान आरपीएफ निरीक्षक प्रभारी दीपक कुमार ने यात्रियों से रेल यात्री सुरक्षा नियमों का पालन करने की अपील करते हुए कहा कि स्टेशन पर रेलवे लाइन को पैदल पार करना जान को जोखिम में डालने के साथ दंडनीय अपराध है, ऐसा करने से बचें। आगे बताया रेल नियमों के अनुपालन सुनिश्चित करने को लेकर समय-समय पर टोरी आरपीएफ के द्वारा अभियान चलाया जाता है, ताकि यात्रियों को नियमो के प्रति जागरूक किया जा सके। अभियान में टोरी आरपीएफ निरीक्षक दीपक कुमार समेत अधिकारी व जवान शामिल थे।

# रक्षाबंधन पर भाइयों ने लिया बहनों की रक्षा का संकल्प

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बारियातू।** प्रखंड मुख्यालय सहित ग्रामीण क्षेत्रों में भाई-बहन का पावन पर्व रक्षा बंधन त्योहार गुरूवार को धूमधाम से मनाया गया। बहन-भाई के प्यार का प्रतिक इस त्योहार को लेकर घर-घर में व्यापक तैयारियां की गई थी। गुरूवार की सुबह लोग स्नान कर देवी देवताओं की पूजा अर्चना किया। इसके उपरांत बहनों ने भाइयों की कलाई में रक्षा सुत बांधकर जन्म जन्म तक सुख-दुःख में साथ निभाने का वचन भाईयों से लिया। वहीं भाईयों ने भी बहनों को उपहार देकर हमेशा साथ निभाने का वादा किया। इस दौरान मुंह मीठा करने का दौर भी जारी रहा। घर के बुढे- बुजुर्गों का पैर छुकर आशिर्वाद लिया। दोपहर में अधिकांश बहनों ने भाई की कलाई पर राखी सजाई और उपहार पाकर अपनों के साथ खुशियां मनाई सुबह से शुरू हुआ रक्षाबंधन का त्यौहार रात तक चलता रहा। रक्षाबंधन पर सबसे ज्यादा एक्साइटेड बच्चे रहे सुबह से ही भाई-बहन इसे लेकर हालचाल करते नजर आए। इसके अलावा मिलने वाले उपहारों का इंतजार बच्चों को रहा। साथ ही मनपसंद के पकवान और घूमने जाने का मौका भी बच्चों के लिए रोमांच भरा था रक्षाबंधन पर सबसे ज्यादा खुश बच्चे ही नजर आए। ईश्वर पूजन के बाद भाई को तिलक मिष्ठान पूजन नारियल रुमाल के साथ बहन ने राखी बांधी। भाई और बहन के इस विशेष त्योहार को लेकर अधिकांश घरों में बहनों ने बुधवार की रात में प्लानिंग कर ली थी, जिससे सुबह होने की त्योहार की धूम घरों में नजर आने लगी।


भाई को राखी बांधती बहन।

## बहनों ने भाइयों को राखी बांधकर मनाया रक्षाबंधन


भाई को राखी बांधती बहन।

बालूमाथ। रक्षाबंधन का त्योहार बालूमाथ में हर्षोल्लास व धूमधाम के साथ मनाया गया। गुरुवार को सावन पूर्णिमा के शुभ मुहूर्त तिथि को देखते हुए बहनों ने अपने भाइयों के कलाइयों में राखी बांधकर, आरती दिखाकर वह मिठाई खिलाकर भाइयों के सफल जिंदगी की कामना की। वही भाइयों ने अपनी बहनों को आजीवन रक्षा करने का वचन दिया। रक्षाबंधन पर्व पर सुबह से ही राखी एवं मिठाई की दुकानों में काफी भीड़ देखी गई। वही छात्रा पूर्णिमा कुमारी, आकांक्षा कुमारी, जिज्ञासा कुमारी, भावना कुमारी ने कहा कि यह पर्व भाई बहनों का प्यार का पवित्र पर्व है आज के दिन हर बहन अपने भाई को राखी बांधकर लंबे उम्र एवं सफल जिंदगी की कामना करती है इस त्यौहार में कोई भी भाई-बहन अलग-अलग स्थान पर रह रहे हैं, लेकिन इस त्यौहार को मनाने के लिए लोग एकजुट होकर खुशियां के साथ त्यौहार मनाते हैं।

## चंदवा में हर्सोल्लास के साथ मना भाई-बहन के बीच प्रेम का प्रतीक रक्षा बंधन का त्योहार

- बहनों के भाइयों के कलाइयों में रक्षा सूत्र बांधकर की सुख समृद्धि की कामना

**चंदवा।** चंदवा शहर समेत ग्रामीणों इलाको में गुरुवार को भाई बहन के बीच पवित्र प्रेम का प्रतीक रक्षा बंधन का त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। अहले सुबह से ही रक्षाबंधन को लेकर भाई-बहनों में खासा उत्साह रहा। बहनों ने सजधज कर थाली में आरती व चंदन, मिठाई सहित अन्य साम्रगी के साथ भाई को शुभ मुहूर्त में राखी बांधी। बहन ने अपने भाई के माथे पर दही, रोड़ी व अरबा चावल से तिलक लगाया फिर दाहिने कलाई पर राखी बांध व मिठाई खिला उनके सुख समृद्धि की कामना की। बहन भाई के यहां पहुंचकर राखी बांधी तो वही भाई ने भी बहन के पास पहुंचकर राखी बांधवाई। राखी बांधवाने के बाद भाई ने भी बहन की रक्षा का वचन दिया। इस मौके पर भाई ने बहन को उपहार भी भेंट किया। इधर रक्षा बंधन को लेकर चंदवा बाजार में काफी रौनक देखने को मिला, बुधवार व गुरुवार दो दिन रक्षा बंधन का पर्व होने के कारण मिठाई, कपड़ा व राखी दुकानों में काफी भीड़ नजर आई। लोगों ने जमकर खरीददारी किया।

## निखिल मोबाइल स्टोर का हुआ उद्घाटन



**महुआडांड।** महुआडांड शास्त्री चौक के समीप रक्षा बंधन के शुभ अवसर पर गुरुवार को निखिल इंटरप्राइजेज एंड निखिल मोबाइल स्टोर का उद्घाटन किया गया। उद्घाटन बजरंग दल के विभाग संयोजक सुरज प्रसाद के माताजी शांति देवी ने फीता काटकर किया। मौके पर उपस्थित लोगों को निखिल इंटरप्राइजेज एंड निखिल मोबाइल स्टोर के प्रो. सुरज कुमार एवं दीपक कुमार ने बताया कि अब उनके प्रतिष्ठान से मोबाइल लेना और आसान हो गया है। आसान किस्तों पर फाईनेंस की भी सुविधा उपलब्ध है। इच्छुक लोग जीरो प्रतिशत ब्याज दर पर मोबाइल आसान किस्तो मे प्राप्त कर सकते हैं। मौके पर काफी संख्या मे लोग मौजूद थे।

# श्रद्धा पूर्वक मनाया गया भाई बहन के असीम प्रेम अटूट विश्वास एवं समर्पण का प्रतीक रक्षाबंधन पर्व

## बहनों ने निर्धारित मुहूर्त पर भाई की कलाई पर बांधा रक्षा सूत्र अपनी रक्षा का लिया वचन



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मनिका।** मनिका प्रखंड क्षेत्र में दिन गुरुवार को भाई-बहन के असीम प्रेम अटूट विश्वास एवं समर्पण के प्रतीक रक्षा बंधन पर्व श्रद्धा पूर्वक मनाया गया। बहनों ने निर्धारित मुहूर्त पर अपने भाइयों के माथे पर तिलक लगा पवित्रता का दिव्य दृष्टि देकर उनके हाथों में रक्षा सूत्र बांधा और उनसे अपनी रक्षा के लिए वचन लिया। भाइयों ने राखी बंधवाने के उपरांत अपनी बहनों को इच्छानुसार कई तरह के उपहार भी दिए। साल में एक बार आने वाला यह त्यौहार भाई-बहन के रिश्तों को और भी मजबूत बनाता है। जब तक बहने अपने भाइयों को राखी नहीं बांधती हैं तब तक उनका उपवास रहता है जो भाइयों के प्रति बहनों के अटूट प्यार को दशार्ता है। आज पूरे प्रखंड क्षेत्र का वातावरण रक्षाबंधन के पर्व में घुल मिल सा गया। अपने अपने घरों के अलावा शादी हो चुके बहनों ने भी कई किलोमीटर का यात्रा कर अपने भाइयों के घर पहुंच कर उनके कलाइयों में राखी बांधी इस पर्व में भाई-बहन के चेहरे पर एक अलग सी चमक देखा जा रहा था इस पर्व का इंतजार बहनों के साथ-साथ भाई भी काफी बेसब्री से करते हैं। क्षेत्र के लोगों ने काफी श्रद्धापूर्वक इस त्यौहार को संपन्न किया।

## बहना ने भाई के कलाई पे बांधी राखी, लंबी उम्र की कामना की

**महुआडांड।** भाई-बहन के अटूट रिश्ते का पर्व रक्षाबंधन का त्योहार पुरे महुआडांड प्रखण्ड में पुरे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस पावन बेला पर बहनों ने अपने अपने भाइयों की कलाइयों में रक्षा सुत्र बांधकर उनकी लंबी उम्र की और उनके सुख और समृद्धि की कामना की। बदले में भाइयों ने बहनों पर स्नेह लुटाए और उन्हें उपहार देकर सम्मानित किया। वहीं पर्व को लेकर सर्वत्र उत्साह उमंग का माहौल रहा। बजार में चहल पहल छायी रही।

### खुब बिके लड्डू और पेड़े

रक्षाबंधन पर लड्डू और पेड़े खुब बिके। इनके दुकानों में भारी भीड़ दिखी। इसके अलावे अन्य सुखी मिठाईयों की बिक्री भी जमकर हुई।


भाई के कलाई में रक्षा सुत्र बांधती बहन।

### डाक से भी आई राखियां भेजी

दूर दराज रहने वाली बहनों ने भाईयों को राखी भेजने के लिए डाकघर का भी सहारा लिया। पिछले एक सप्ताह से डाकिए बहनों के द्वारा भेजी गई राखियां बांट रहे हैं। बहनों की राखियां स्पीड पोष्ट से भी प्राप्त हुई हैं।

## लावारिस पशु से लोगों को हो रही है परेशानी

**महुआंडाड़।** महुआडांड़ प्रखंड की सडकों पर लावारिश पशुओं के बेरोक-टोक घूमने से वाहन चालक और राहगीर परेशान हैं, साथ ही इन लावारिश पशुओं किसान भी परेशान हो गये है, लावारिश पशु जो दिन भर और रात के समय भी सड़क में बैठे रहते है, जिससे वाहन दुर्घटनाग्रस्त होने की सम्भावना बनी रहती है, वही अंधकार में रामपुर, बिरसा चौक, शास्त्री चौक और बस स्टैंड क्षेत्र में वाहन चलाना बिलकुल सुरक्षित नहीं कहा जा सकता, क्योंकि अंधेरे में अचानक सामने आ जाने पर जानवर दिखाई नहीं देते, जिससे दुर्घटनाएं घट जाती हैं। बढ़ती लावारिश पशुओं की संख्या से महुआडांड़ और महुआंडाड़ रामपुर अंमवाटोली के किसान भी चिंतित है। क्योंकि रात होते ये लावारिश पशु खेतो की ओर निकल जाते है, इन दिनों खेत में कमोबेश धान लगाई गई है। धान खेत में घूसकर ये पशु फसल को भी चर रहे हैं, जिसकी वजह से किसानों को आर्थिक नुकसान भी उठाना पड़ रहा है। इस संबंध में किसानों का कहना कि रातो को पहरेदारी करनी पड़ रही है, इन पशु की जिम्मेदारी कोई नहीं लेता है, अगर महुआडांड़ में एक कांनी हाउस खुले तो लावारिश पशुओं पर रोक लग सकता है।

## जल जीवन मिशन स्कीम का पाइप बिछाने के लिए साल भर पूर्व वनी सड़क को नुकसान पहुंचाया जा रहा है

**महुआडांड़।** प्रखंड अंतर्गत पंचायत दूरूप अति नक्सल प्रभावित क्षेत्र है, इस क्षेत्र की विकास के लिए एक साल पूर्व मोनाडीह गांव से दौना गांव तक प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत 10 किमी कालीकरण पथ नव निर्माण किया गया है। जिसका मेंटेनेंस अवधि अभी पूर्ण भी नहीं हुई है, नल जल योजना के कार्य कर रहे संवेदक के द्वारा इस कालीकरण सड़क के किनारे पाइप बिछाया जा रहा है। सड़क को नुकसान पहुंच रहा है। जहां दूरूप पंचायत के छेगराही गांव में जल जीवन मिशन स्कीम के तहत नल जल योजना के द्वारा सोलर सिस्टम अधारित जलमीनार लगाया जा रहा है। जलमीनार से लोगों के घरों तक पाइप के माध्यम से पानी सप्लाई की जानी है, काली सड़क से सटाकर पाइप बिछाई जा रही है, गड्ढे खोदे जाने के लिए रोड का किनारा भी तोड़ दिया जा रहा हैं, साल भर पूर्व बनी सड़क को क्षति पहुंच रही है, दौना-दूरूप गांव के ग्रामीणों ने बताया मुश्किल से बड़ी दिनो बाद सड़क बनी है, ऐसे में अगर सड़क खराब कर दिया गया तो टूटकर बर्बाद हो जायेगा। वही इस संबंध में आरईओ विभाग के कार्यपालक अभियंता ओमप्रकाश बड़ाईक ने बताया कि इस तरह का मामला पूर्व में बालूमाथ प्रखंड में आया था जिसे मेरे द्वारा उपायुक्त के सामने बैठक में बताया गया था, छेगराही का मामला को मेरे द्वारा पेयजल विभाग के कार्यपालक अभियंता को सूचित किया जायेगा।

## बिजली की आंख मिचौली से उपभोक्ता परेशान

महुआडांड़। प्रखंड में गर्मी की तपिश झेल रहे प्रखंड के लोगों को बिजली की अनियमित आपूर्ति से परेशान होना पड़ रहा है,बताते चलें कि बिजली सिर्फ कुछ देर के लिए आती है और चली जा रही है। रात को रात भर बिजली गायब रहता है। बिजली गायब रहने से कई काम काज ठप पड़े हैं। ग्रामीणों के अनुसार बिजली सप्लाई बिना कोई सूचना के ही कटौती की जा रही है। बिजली की सप्लाई न मिलने से कई व्यापारी व कई बिजली उपभोक्ता परेशान है।लाइन जाते ही लोगों को गर्मी से परेशानी बढ़ जाती है। क्षेत्र में होने वाली कटौती की शिकायत का निराकरण करने के लिए परेशान ग्रामीण कई बार बिजली विभाग के अधिकारियों से गुहार लगा चुके हैं।

## बहनों ने भाइयों की कलाई पर बांधी रक्षा की मजबूत डोर


राखी बांध भाई को मिठाई खिलाती बहन।

**बरवाडीह।** भाई-बहन के अटूट प्रेम का पर्व रक्षा बंधन गुरुवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बहनों ने भाई की कलाई पर राखी बांधकर भाईयों की दीघार्यु जीवन की कामना की। वहीं भाईयों ने बहनों को विभिन्न उपहार भेंट स्वरूप दिए। रक्षा बंधन को लेकर बरवाडीह प्रखंड मुख्यालय में काफी चहल पहल देखी गई। लोग विभिन्न मंदिरों में पूजा अर्चना करते नजर आए। जिसके बाद पूरे दिन भाई की कलाई पर राखी बांधने का सिलसिला चलता रहा। बरवाडीह प्रखंड मुख्यालय से ग्रामीण क्षेत्रों तक भाई-बहन के प्यार का प्रतीक रक्षाबंधन त्योहार मनाया गया। बहनों ने अपने भाइयों की कलाई पर राखी व माथे पर तिलक कर आरती उतारी और उनकी लंबी आयु की कामना की। साथ ही रक्षा का वचन भी लिया। उधर रक्षाबंधन पर बाजारों में पूरे दिन चहल पहल रही। मिठाई की दुकानों पर सवेरे से ही लोगों की भीड़ देखी गयी। इसके साथ ही रंग बिरंगी राखी की बिक्री भी होती रही। इस दौरान बच्चों में भी उत्साह देखने को मिला। बरवाडीह में सुबह से लेकर शाम तक बहनों के द्वारा राखी बांधी गई।

## चंदवा थाना प्रभारी की तत्परता से समय अवधी समाप्त होने के पश्चात कोयला ले जा रहा टेलर पकड़ाया

# कोयला समेत टेलर जब्त, डीएमओ ने दर्ज करवायी प्राथमिकी

- 26 अगस्त तक ही थी ई-परिवहन चलान की वैधता, इसके बाद भी हो रहा था परिवहन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चंदवा।** उपायुक्त लातेहार के द्वारा जिले में अवैध खनन भंडारण एवं परिवहन के रोकथाम को लेकर दिए गए स्पष्ट निर्देश के बाद चंदवा थाना प्रभारी बबलू कुमार की तत्परता से समय अवधी समाप्त होने के बाद मध्य प्रदेश सिंगरौली से उड़ीसा कोयला ले जा रहे टेलर को पकड़ा गया। जिला खनन पदाधिकारी जांचोपरांत अवैध कोयला ले जाने वाले टेलर चालक, मालिक एवं संलिप्त व्यक्तियों के खिलाफ थाने में प्राथमिकी दर्ज की एवं अवैध कोयला कारोबार में संलिप्त व्यक्तियों के खिलाफ जांच कर अविलंब कार्रवाई का निर्देश दिया



पकड़ा गया कोयल लोड टेलर।

### 26 अगस्त तक ही थी ई-परिवहन चलान की वैधता

बता दें कि उपायुक्त के निर्देश के आलोक में चंदवा थाना प्रभारी द्वारा वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था, इसी क्रम में टेलर निबंधन संख्या यूपी64टी-9584 पर लोड कर 31.1 टन कोयला ले जाया जा रहा था, जब चालक राज जायसवाल से कागजात की मांग की गयी तो प्रस्तुत कागाजात में मध्य प्रदेश सिंगरौली से उड़ीसा कोयला ले जाने की बात उल्लेखित थी। प्रारंभिक जांच के बाद थाना प्रभारी के द्वारा कागजात जांच के लिए जिला खनन पदाधिकारी को भेजा गया। जिसके बाद जिला खनन पदाधिकारी ने उपलबंध ई-परिवहन चलान की जांच खनिज शाखा सिंगरौली भेज करवाया, जांच के बाद पाया गया कि टेलर की ई-चलान की वैधता 26 अगस्त 9:55 सुबह तक ही थी। जिसके बाद जिला खनन आनंद कुमार के द्वारा नामजद टेलर चालक, मालिक एवं संलिप्त व्यक्तियों के खिलाफ थाने में प्राथमिकी दर्ज करवायी गयी। जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार ने कहा है कि जिले में किसी भी कीमत पर अवैध खनन,परिवहन एवं भंडारण नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि अवैध खनन में संलिप्त व्यक्तियों पर विभाग पैनी नजर रखे हुए है,ऐसे व्यक्तियों पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# बाबा बासुकीनाथ धाम में राजकीय श्रावणी मेले का हुआ विधिवत समापन






खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** बाबा बासुकीनाथ धाम में राजकीय श्रावणी मेला का विधिवत गुरुवार समापन मयूराक्षी कला मंच से किया गया। इस अवसर पर उपस्थित पदाधिकारियों,सुरक्षा बल के जवानों को संबोधित करते हुए पुलिस उप महानिरीक्षक सुदर्शन मंडल ने कहा कि सभी के सहयोग से राजकीय श्रावणी मेला का सफलतापूर्वक आयोजन किया जा सका। सभी ने अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी तत्परता से किया।सभी प्रतिनियुक्त अधिकारियों, सुरक्षा बल के जवानों को तहे दिल से धन्यवाद देता हूँ। उपायुक्त ए दोड्डे ने कहा कि राज्य सरकार,माननीय मुख्यमंत्री तथा मुख्य सचिव को धन्यवाद देता हूँ।जिनके मार्गदर्शन से श्रद्धालुओं के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की जा सकी। उन्होंने कहा कि पिछले 2 माह से सभी प्रतिनियुक्त वरीय पदाधिकारियों, अधिकारियों एवं सुरक्षा बल के जवानों ने सेवा भाव से देवतुल्य श्रद्धालुओं की सेवा की है। इनकी जितनी भी प्रशंसा की जाय कम है। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि सभी प्रतिनियुक्ति दंडाधिकारी एवं सुरक्षा बल के जवानों ने आपस में समन्वय बनाकर मेला के सफल आयोजन में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है इसके लिए मैं तहे दिल से सभी को धन्यवाद देता हूं। उन्होंने कहा कि सभी के सहयोग से इतने बड़े मेला का सफलतापूर्वक आयोजन किया जा सका है। इस दौरान उप विकास आयुक्त ने अपनी बात रखी। उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों, सुरक्षा बल के जवानों तथा मेला क्षेत्र में प्रतिनियुक्त कर्मियों को सम्मानित किया गया।

## स्पीड न्यूज

### अध्यक्ष बने बबलु सोनकर एवं सचिव बने आलोक

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** सार्वजनिन दुर्गा पूजा समिति अड्डीबंग्ला इस बार अपना 100वां वर्ष मनाने जा रही है। दुर्गा पूजा धूमधाम से मानाने को लेकर नई कमेटी की गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से पिछले साल की समिति को यथावत रखा गया, जिसमें संरक्षक यादव रमेश हर्षधर, सत्यनारायण प्रसाद, विशाल सिंह, आलोक सरकार, अध्यक्ष अध्यक्ष बबलू सोनकर, सचिव आलोक कुमार यादव, उपाध्यक्ष विक्की सलूजा, कमल सोनकर, महामंत्री रितेश लोहानी, मेला मंत्री सोनू सिंह सदस्य के रूप में विशाल कुमार समेत लोग लोग मौजूद थे।

### राशन वितरण में गड़बड़ी के खिलाफ विरोध प्रदर्शन

**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत नावाडीह 1 पंचायत के बहादुरपुर टोला तेतरिया स्थित जितनी स्वयं सहायता समूह डीलर बासुदेव यादव के द्वारा राशन वितरण में गड़बड़ी के खिलाफ दर्जनों कार्ड धारकों ने दुकान के समक्ष जोरदार विरोध प्रदर्शन किया एवं बीडीओ को लिखित शिकायत भी देने की बात कही। वहीं ग्रामीणों का कहना है कि डीलर बासुदेव यादव के द्वारा समय पर राशन नहीं दिया जाता है एवं प्रति व्यक्ति चार किलो की दर से राशन कम दिया जा रहा है, साथ ही केंद्र सरकार के द्वारा जो राशन दिया जाता है, उस राशन में भी किसी तरह की पारदर्शिता नहीं बरती जाती। साथ ही उन्हें किसी तरह का रसीद भी नहीं मिलता। यही नहीं पूरा राशन मांगने पर डीलर के द्वारा धमकी भी दी जाती है और यह कहा जाता है कि अगर विरोध करोगे तो नाम काट देंगे एवं बताता है कि तुम लोग मेरा कुछ नहीं बिगाड़ सकता मेरा पहुंच ऊपर तक है।

### दीवार गिरने से मजदूर की दबकर मौत

**मरकच्चो (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत बाजार पर दीवार गिरने से वहां कार्यरत एक मजदूर की दबकर दर्दनाक मौत हो गई, घटना बुधवार की है। वहीं मृतक की पहचान 52 वर्षीय छोटेलाल यादव दक्षिणी पंचायत के कुम्हारटोली निवासी के रूप में की गई है। मिली जानकारी के अनुसार बाजार निवासी अनिल मोदी के मकान के पिछले हिस्से में निर्माण कार्य चल रहा था। छोटेलाल यादव भी पिछले आठ दिनों से वहीं मजदूरी कर रहा था। प्रत्येक दिन की तरह बुधवार को भी वह मजदूरी का कार्य कर रहा था। इसी दौरान वहां एक पुराना दीवार छोटेलाल पर गिर गया, जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वहीं ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी, जिसके बाद एसआई उत्तम कुमार वैद्य पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पंहुच कर घटनाक्रम की जानकारी लेते हुए शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। बतादें कि मृतक अपने घर का एक मात्र कमाऊ सदस्य था, जो मजदूरी कर अपने परिवार का गुजर बसर करता था। घटना के बाद परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

### मारपीट व छेड़खानी का आरोपी गिरफ्तार, गया जेल

**दुमका।** मारपीट और छेड़खानी के एक आरोपी को नगर थाना पुलिस गिरफ्तार कर गुरुवार को जेल भेज दी। गिरफ्तार आरोपी थाना क्षेत्र के मोरटंगा निवासी सूरज कुमार मल्लाह है। जानकारी के अनुसार थाना केवटपाड़ा गांव निवासी एक युवती के लिखित शिकायत पर पुलिस आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजी है। लिखित शिकायत में पीड़िता ने बताया कि खुशबू देवी, पति सुंदर मल्लाह, उसके सोनू मल्लाह एवं उड़के साढ़ू के बेटे सूरज मल्लाह, सेखुआ देवी, पति मनोज कापरी, उसके पिता धनेश्वर केवट एवं विकास मल्लाह लाठी-डंडे से लैश होकर उसके घर पहुंच गाली-गलौज करते हुए सभी मारपीट करने लगे। पीड़िता की माँ को बुरी तरह पीटा। बीच-बचाव करने पहुंची तो आरोपी युवकों ने उसके कपड़े फाड़ गलत हरकत करने लगा। पुलिस मामले में पीड़िता के लिखित शिकायत पर थाना कांड संख्या 204/23 के तहत भादवी की धारा 354, 324, 354 (सी) एवं 504 के तहत मामला दर्ज कर एक आरोपी को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दी है।

## वंचित दलित बहनों से सांसद प्रतिनिधि ने बंधायी राखी



खबर मन्त्र संवाददाता

**टंडवा।** सांसद प्रतिनिधि ईश्वर दयाल पांडेय ने रक्षाबंधन के त्योहार में अपने क्षेत्र में वंचित दलित बहनों के हाथों राखी बंधवा कर मानवता की मिशाल कायम की। सांसद प्रतिनिधि ईश्वर दयाल पांडेय ने ग्राम सिसई टोला गांझू टोला के नीलम कुमारी, सीमा कुमारी, वीना कुमारी, देवंती कुमारी व अन्य बहनों से राखी बंधाया। जिनके कोई अपने भाई नहीं हैं। दस वंचित दलित बहनों से सांसद प्रतिनिधि ने राखी बंधवाया और उन बहनों को उपहार देकर उनके भाई बहन के बीच के स्नेह प्यार को उत्साहित करते हुए खुशियां बांटने का काम किया तथा समाज में संदेश दिया कि यह रक्षाबंधन का त्योहार भाई बहन के दिव्य प्रेम का है।

## रक्षा सूत्र बांध छात्राओं ने की आरोग्य सौभाग्य और आनंद की कामना

खबर मन्त्र संवाददाता



**दुमका।** छात्र चेतना संगठन ने केंद्रीय कार्यालय में गुरुवार को रक्षा बंधन के अवसर पर रक्षा सूत्र बांधने का कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला कार्यसमिति चंदन पाल,महासचिव राकेश मिश्रा, ओम सिंह,पार्शिव राज, सिद्धार्थ मांझी, केशव राज,जिला छात्रा प्रमुख मालोती टुडू, सुनिता टुडू, शुषिला टुडू, दीपा सोरेन, बसंती टुडू उपस्थित थी। रक्षा सूत्र बंधन कार्यक्रम में छात्राओं ने संगठन के आरोग्य सौभाग्य और आनंद कि प्राप्ति के लिए और उनके सफलतम उज्जवल भविष्य के लिए रक्षा सूत्र बांधकर ईश्वर से प्रार्थना की। वहीं संगठन सदस्यों ने किसी भी विषय परिस्थितियों में भी छात्राओं के रक्षा का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर राकेश मिश्रा ने कहा कि कोई भी छात्रा हो वह समाज में किस धर्म और समुदाय से जुड़ी है यह मायने नहीं रखता है। अगर वह मुस्किल और विषम परिस्थितियों से जूझ रही है तो हम सभी सी सी एस योद्धा उनके रक्षा और सहायता के लिए कृतसंकल्पित है। चंदन पाल ने कहा कि कोई भी लडकी हो किसी न किसी की वो बहन होती है और ये संभव नहीं है कि प्रत्येक भाई हमेशा अपने बहन के साथ रह सकता है। लेकिन जिस दिन हम संकल्प लें ले कि समाज से बुराईयों का खात्मा करना है। उस दिन से कोई न कोई भाई हमेशा हमेशा बहन की सुरक्षा के लिए मौजूद रहेगा। आवश्यकता है सभी स्वयं को संस्कारित करते हुए अपने छोटे भाइयों को भी संस्कारित करें और अपनी सीमा और मयार्दा का पाठ पढ़ाए।

## सचिव पद के लिए झारोटेफ के चुनाव में दो प्रत्याशी आमने-सामने

खबर मन्त्र संवाददाता

**गोड्डा।** झारखंड ऑफिसर्स, टीचर्स एंड एंप्लॉयीस फेडरेशन (झारोटेफ) गोड्डा जिला इकाई के सचिव पद हेतु दो प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। झारोटेफ जिला सचिव पद हेतु मतदान 03 सितंबर को पूर्वाह्न 11 बजे से अपराह्न 4 बजे तक स्थानीय +2 बालिका उच्च विद्यालय, गोड्डा में होना सुनिश्चित हुआ है। उक्त सूचना झारोटेफ के गोड्डा जिला मीडिया प्रभारी राजीव साह ने दी।

बताया कि नामांकन की अंतिम तिथि 28 अगस्त तक कुल 3 उम्मीदवारों ने नामांकन प्रपत्र नामांकन प्रभारी के पास जमा किया था। स्क्रुटनी हेतु मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मुरारी प्रसाद शर्मा और सहायक निर्वाचन पदाधिकारी विद्यानंद प्रसाद को अधिकृत किया गया था।

स्क्रुटनी में दो प्रत्याशियों का आवेदन वैद्य पाया गया जिनमें आलोक कुमार को चुनाव चिन्ह 'कलम' एवं सुभाष चन्द्र को चुनाव चिन्ह 'किताब' आवंटित किया गया है। दोनो अभ्यार्थियों को नमूना मतपत्र आवंटित करते हुए प्रचार प्रसार हेतु 2 सितंबर तक का समय दिया गया है। झारोटेफ के गोड्डा जिला अध्यक्ष डा. सुमन कुमार ने निर्धारित तिथि को भारी संख्या में मतदान करने का आह्वान किया है। विदित हो कि उक्त चुनाव के निमित्त मतदाता सूची का प्रकाशन कर दिया गया है। मतदाता सूची में झारोटेफ के उन सदस्यों का नाम शामिल है, जिन्होनें 28 सितंबर तक गूगल फॉर्म भरते हुए झारोटेफ का सदस्यता ग्रहण किया है। 03 सितंबर को मतदान हेतु उपरोक्त निर्धारित स्थल पर दो बूथ बनाए गए हैं। टेबल संख्या 1 में सह निर्वाचन पदाधिकरी आशुतोष पाण्डेय, विकास रंजन एवम् मीना सोरेन जबकि टेबल संख्या 2 पर विद्यानंद प्रसाद, गौतम कुमार ठाकुर एवं प्रीति प्रिया मतदान करवाएंगे।

## धूमधाम से मनाया गया रक्षाबंधन का त्योहार



खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** भाई बहन के अटूट स्नेह का पर्व रक्षाबंधन गुरुवार को जिले में धूमधाम से मनाया गया। बहनों ने भाइयों के कलाई पर रक्षासूत्र बांधकर रक्षा का संकल्प दिलाया। लोगों ने बुधवार को भद्रा होने से कारण रक्षाबंधन का पर्व गुरुवार को मनाया। सुबह लोगों ने स्नान आदि के बाद तैयार होकर बहनों से कलाई पर राखी बंधवाई। राखी बांधने से पहले बहनों ने भाइयों का मुंह मीठा किया और तिलक लगाया।

## लूटे गये दो मोबाइल व एक चार्जर बरामद

### चार अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया

खबर मन्त्र संवाददाता



**गोड्डा।** नगर थाना अंतर्गत हुड हुड हटिया के समीप पीड़ित वादी ने नगर थाना में शिकायत दर्ज कराई की दिनांक 16/1/23 को शिवशंकर अपने दोस्त अभिनव कुमार महतो के साथ अपनी चार पहिया वाहन से जा रहे थे रास्ते में रुक कर शौच करने लगे। इसी बीच तीन अज्ञात अपराध कर्मी आए और उनके दो मोबाइल और एक चार्जर छीन कर ले गए। थाने में एक लिखित इसकी सूचना दी गई जो मामला पुलिस अधीक्षक गोड्डा नाथू सिंह मीना के संज्ञान में आया ।पुलिस अधीक्षक ने इस घटना की जांच के लिए एक टीम का गठन कर मामले में संलिप्त लोगों की छान बीन कर मामले को सुलझाने का आदेश निर्गत किया। जांच के क्रम में तीन व्यक्ति और उसके एक सहयोगी पर शक की सुई अटकी और पुलिस ने उसे अपने कब्जे में लेकर पूछताछ आरंभ की तो चारो ने अपना अपराध स्वीकार करते हुए लूटे गए दोनो मोबाइल और चार्जर बरामद करा दी। इस मामले में चारों को गिरफ्तार कर लिया गया। चारो आरोपी, जुबेर, नन्दन,राकेश, सागर को न्यायिक प्रक्रिया के लिए जेल भेज दिया गया। ये आरोपी सरकंडा गोड्डा के निवासी हैं एक बरमसिया गोड्डा नगर थाने के निवासी हैं। जांच टीम में दिलीप कुमार आदित्य गोड्डा नगर थाना, राकेश कुमार के साथ पुलिस बल के भी जवान शामिल थे।

## नाबालिग से दुष्कर्म के दो दोषियों को 25-25 वर्ष सश्रम कारावास

### 50-50 हजार रुपये जुर्माना भी लगाया, जुर्माना नहीं देने पर तीन वर्ष अतिरिक्त सश्रम कारावास

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** नाबालिग के साथ जबरन दुष्कर्म किए जाने के एक मामले की सुनवाई करते हुए अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम गुलाम हैदर की अदालत ने गुरुवार को आरोपी 37 वर्षीय जनार्दन मोदी पिता शिवबालक मोदी अनंतडीह निवासी एवं 30 वर्षीय अरुण कुमार दास पिता किशुन दास लारियाडीह निवासी को 376डी एक्ट के तहत दोषी पाते हुए 25-25 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई, साथ ही 50-50 हजार रूपये जुर्माना भी लगाया, जुर्माना की राशि नहीं देने पर 3-3 वर्ष अतिरिक्त सश्रम कारावास की सजा भुगतनी होगी।

क्या है मामला : मामले को लेकर कंप्लेंट केस न्यायालय में दायर किया गया था। जिसमें कहा गया था कि जब भुक्त भोगी घर में अकेली थी उस समय दोनों आरोपी उसे अकेला पाकर घर में घुस आए और जबरन दुष्कर्म किया। जब वह रोने और चिल्लाने लगी तो चाकू दिखाकर कहा कि चुप रहो और किसी से बोलोगी तो जान से तुम्हारे माता-पिता को मार देंगे। डर से बची चुप हो गई। इस प्रकार वे लोग बच्ची को अकेली पाकर अक्सर उसके साथ दुष्कर्म करने लगे। वह



नाबालिग गर्भवती हो गई एवं उसके माता-पिता उसे इलाज के लिए अस्पताल ले गये तब उक्त नाबालिग के गर्भवती होने का पता चला। पूछने पर नाबालिक ने सारी बातें अपने माता-पिता को बताई। इस पर नाबालिग के माता-पिता उन दोनों के घर जाकर बात किया और शादी करने की बात कही। वहीं अरुण कुमार दास ने शादी करने से साफ इनकार कर दिया। वहीं 15 जूलाई 2014 को दोनों आरोपी उपरोक्त नाबालिग को ध्वजाधारी आश्रम के समीप बुलाया गया, जब वह अपने पिता के साथ वहां पहुंची तो वह दोनों आरोपी तीन-चार और लड़कों के साथ वहां खड़ा था और उपरोक्त नाबालिग को जबरन अस्पताल ले जाने लगा। मना करने पर गाली गलौज और धमकी देते हुए भाग गया। इसकी सूचना तिलैया डैम ओपी थाना में दी गई। बाद में उपरोक्त मामले को लेकर न्यायालय में कंप्लेन केस दायर किया गया। इसे लेकर पोक्सो 02/23 एवं जयनगर-थाना कांड संख्या 157/2014 दर्ज कराया गया था। अभियोजन का संचालन पीपी पीके मंडल ने किया। इस दौरान सभी 8 गवाहों का परीक्षण कराया गया। लोक अभियोजक पीपी पीके मंडल ने कार्रवाई के दौरान न्यायालय से अभियुक्त को अधिक से अधिक सजा देने का आग्रह किया। वहीं बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता सजीव कुमार यादव ने बचाव करते हुए दलीलें पेश की। अदालत ने दोनों पक्षों की दलीले सुनने एवं अभिलेख पर उपस्थित साक्ष्यों का अवलोकन करने के उपरांत दोषी पाते हुए सजा मुकर्रर की और जुर्माना लगाया।

## एक नजर में

### दो दिवसीय प्रतियोगिता में भाग लेने को ताइक्वांडो टीम रांची हुई रवाना



खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** झारखंड ताईक्वांडो संघ द्वारा आयोजित द्वितीय भगवान बिरसा मुंडा पुरुस्कार व 14 वा राष्ट्रीय खुला ताईक्वांडो प्रतियोगिता हरिवंश ताना भगत इंडोर स्टेडियम, मेघा स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स होटवार राँची में आयोजित होना है। जिसमे भाग लेने वाले प्रतिभागी इंडोर स्टेडियम से झारखंड राज्य महिला ताईक्वांडो संघ की अध्यक्ष व दुमका जिला ताईक्वांडो सचिव स्मिता आनंद की अध्यक्षता में राँची के लिए दुमका ताईक्वांडो टीम को रवाना गुरुवार को हुई। दो दिवसीय ताईक्वांडो प्रतियोगिता 2 से 4 अगस्त तक चलेगा।ताईक्वांडो प्रतियोगिता में भाग लेने वाले बच्चे अभिषेक सोरेन,आबिद हेम्ब्रम, संकेत सोरेन,मो नयाब आलम,प्रकाश कुमार,आकाश कुमार,इनोसेंट सोरेन लड़कियों में अक्षरा सिंह,एनी ताबिथा मुर्मू,नीलिशा हांसदा,शौर्या सिन्हा ये सभी बच्चे अलग-अलग श्रेणी में भाग लेंगे। इन सभी बच्चों को ताईक्वांडो कोच ट्विंकल कुमारी, मैनेजर बिनीता कुमारी,जिला प्रभारी मिलन भारती व झारखंड राज्य महिला ताईक्वांडो संघ की अध्यक्ष व दुमका जिला ताईक्वांडो सचिव स्मिता आनंद साथ मे डीएसपी विजय कुमार,डॉ तुषार ज्योति,शिखा आनंद व अभिभावकगण ने सभी बच्चों को शुभकामनाएं देकर विदा किया गया।

### बाइक चोर दोषी करार, तीन साल की सजा व जुमार्ना

**दुमका।** प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी सार्थक शर्मा की अदालत ने बाइक चोरी के आरोपी को दोषी करार देते हुए सजा एवं जुमार्ना का सजा गुरुवार को सुनाया है। दोषी अभियुक्त जिले के रामगढ थाना क्षेत्र के करबिंधा गांव निवासी रॉबिन कुमार मंडल है। न्यायालय ने अभियुक्त को भादवी की धारा 379 के तहत दोषी करार देते हुए तीन साल सजा एवं 10 हजार रुपये जुमार्ना किया है। जुमार्ना की राशि अदा नहीं करने पर दो माह अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। न्यायालय ने गोड्डा जिले के ललमटिया थाना क्षेत्र के लोहारिया बाजार निवासी सूचक मदन कुमार दत्ता के लिखित शिकायत पर दोषी करार किया है।लिखित आवेदन में सूचक ने बताया था कि बीते 15 जनवरी 23 को बाइक से अपना बहन घर जामा थाना क्षेत्र के महारो पहुंचा था। जहाँ महारो चौक पर बाइक खड़ी कर बाजार करने लगा। इसी बीच उसकी बाइक जेएच 17 एल 0877 चोरी हो गई। खोजबीन के बाद कुछ पता नहीं चलने पर संबंधित थाना में लिखित शिकायत किया। मामले में पुलिस थाना कांड संख्या 8/23 के भादवी की धारा 379 के तहत अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज कर छानबीन करते हुए आरोपी चोर को गिरफ्तार कर जेल भेज दी थी। मामले में न्यायालय में 6 गवाहों की गवाही गुजरी।

## पेज एक का शेष

### प्रत्याशी रिजवी एवं...

**चुनाव आयोग गंभीर, बढ़ सकती हैं मुश्किलें :** ओवैसी की सभा में पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे लगने का मामला तूल पकड़ रहा है। आयोग की तरफ से जांच के बाद कार्रवाई की घोषणा की गयी है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार कार्यालय द्वारा गिरिडीह जिला प्रशासन से इस संबंध में रिपोर्ट मांगी गयी है। गिरिडीह जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने इस चुनावी सभा की वीडियो रिकॉर्डिंग की कॉपी के साथ संबंधित एफआईआर भी मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को उपलब्ध करा दिया है। आयोग के द्वारा इस संबंध में कारवाई की जायेगी। 5 सितंबर को है डुमरी विधानसभा का उपचुनाव है।

### उप चुनाव से पहले ...

सुरक्षाबलों ने नक्सलियों का बंकर ध्वस्त कर दिया है। उप चुनाव को ले कर एसपी दीपक शर्मा के निर्देश पर सीआरपीएफ 54वीं बटालियन के साथ गिरिडीह जिला पुलिस पारसनाथ के इलाके में सर्च अभियान चला रही थी। इसी अभियान के दौरान टीम को यह सूचना मिली की क्षेत्र में नक्सलियों ने भारी मात्रा में विस्फोटक छिपाकर रखा है। इसी दौरान वहां एक गड्ढेनुमा बंकर मिला। इसी बंकर के अंदर पानी की बड़ी टंकी के साथ विस्फोटक व कई तरह के सामान पाये गये हैं। टंकी में ही कोडेक्स वायर को छुपा कर रखा गया था। गिरिडीह के पारसनाथ का इलाका घोर नक्सल प्रभावित है। चुनाव को देखते हुए पुलिस व सीआरपीएफ भी पूरी तरह से अलर्ट मोड में है। यहां के जंगलों में लगातार सर्च अभियान भी चलाया जा रहा है।

### मिल कर भाजपा...

राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद ने कहा कि इंडिया' के मायने है कि हम सभी एकजुट होकर देश से गरीबी, बेरोजगारी और महंगाई हटाये। हमारा फर्ज है कि देश की एकता, अखंडता, संविधान और लोकतंत्र की रक्षा के लिए साथ मिलकर लड़ें। वहीं तेजस्वी यादव ने कहा, अगर हम एकजुट नहीं होते तो जनता माफ नहीं करती। सपा के रामगोपाल यादव ने कहा, सत्ता में बैठे लोग भारत की मूल आत्मा को नष्ट कर, हिंदुस्तान को बर्बाद कर रहे हैं। सीपीआई महासचिव डी राजा ने कहा कि देश की स्थिति की मांग है कि सभी धर्मनिरपेक्ष लोकतांत्रिक दल एक साथ आएं और भाजपा को हरायें। राष्ट्रीय लोक दल के अध्यक्ष जयंत चौधरी ने कहा, देश को एक सामूहिक नेतृत्व की आवश्यकता है। शिवसेना (यूबीटी) के नेता आदित्य ठाकरे ने कहा कि घटक दल लोकतंत्र और संविधान बचाने के लिए लड़ रहे हैं। आप नेता राघव चड्ढा ने कहा, विपक्ष के गठबंधन से भाजपा बौखला गयी है। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की सांसद सुप्रिया सुले ने कहा, हमारी जो भी पहचान इस दुनिया में है, वह इंडिया है।

### संयुक्त संसदीय समिति ...

राहुल गांधी ने मुंबई में कहा कि जांच हुई, सेबी को सबूत दिये गये और सेबी ने गौतम अडानी को क्लीन चिट दे दी...तो साफ है कि यहां कुछ गड़बड़ है। **घबराहट के संकेत :** संसद के विशेष सत्र पर कांग्रेस सांसद राहुल गांधी का कहना है, मुझे लगता है कि शायद यह थोड़ी घबराहट का संकेत है। उसी तरह की घबराहट जो तब हुई थी जब मैंने संसद भवन में बात की थी, घबराहट की वजह से अचानक उन्हें मेरी संसद सदस्यता रद्द करनी पड़ी। इसलिए मुझे लगता है कि यह घबराहट की बात है क्योंकि ये मामले पीएम के बहुत करीब हैं। जब भी आप अडानी मामले को छूते हैं, तो पीएम बहुत असहज और घबरा जाते हैं।'

**आरोपों को खारिज किया :** अडाणी समूह ने इन सभी आरोपों को खारिज किया है। जॉर्ज सोरोस और रॉकफेलर ब्रदर्स फंड द्वारा वित्त पोषित संगठन ने ऐसे समय में आरोप लगाये हैं, जब कुछ महीने पहले अमेरिकी वित्तीय शोध एवं निवेश कंपनी हिंडनबर्ग ने अडाणी समूह पर बही-खातों में धोखाधड़ी तथा शेयरों के भाव में गड़बड़ी के साथ विदेशी इकाइयों के अनुचित उपयोग का आरोप लगाया था। इन आरोपों के बाद समूह के शेयरों में बड़ी गिरावट आयी थी।

स्पीड न्यूज

## बेन वालेस ने दिया इस्तीफा, शाप्स होंगे ब्रिटेन के नये रक्षा मंत्री

**लंदन।** ब्रिटेन के रक्षा मंत्री बेन वालेस ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। उनके स्थान पर प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने ग्रांट शाप्स को गुरुवार को ब्रिटेन के रक्षा मंत्री के रूप में नामित किया। बेन वालेस ने पहले ही इस बात का ऐलान कर दिया था कि वह चार साल के बाद अपने पद से इस्तीफा दे देंगे। चार साल तक ब्रिटेन के रक्षा मंत्री रहे वालेस ने यूक्रेन में रूस के हमले के बाद ब्रिटेन की सैन्य प्रतिक्रिया की देखरेख की। वालेस ने सुनक को लिखे अपने पत्र में कहा कि वास्तव में उन्हें विश्वास है कि अगले दशक में दुनिया अधिक असुरक्षित और अधिक अस्थिर हो जाएगी।

## पाकिस्तान में फरवरी तक होंगे आम चुनाव

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में नियमानुसार सदन भंग होने के 90 दिन के भीतर चुनाव पर अमल संभव नहीं है। पाकिस्तान निर्वाचन आयोग ने गुरुवार को राजनीतिक दलों के साथ बैठक में साफ किया कि नई जनगणना के आधार पर अगले साल फरवरी तक आम चुनाव हो जाएंगे। पाकिस्तान में शहबाज शरीफ सरकार का कार्यकाल अगस्त में समाप्त होने के बाद 90 दिन के भीतर यानी नवंबर के दूसरे सप्ताह तक चुनाव हो जाने चाहिए थे। गुरुवार को निर्वाचन आयोग ने साफ किया कि चुनाव नवंबर तक तो नहीं हो पाएंगे। हां, यह आश्वासन जरूर दिया है कि जनवरी के अंत या फरवरी के मध्य तक चुनाव हो जाएंगे।

## प्रचंड करेंगे अमेरिका और चीन का दौरा

**काठमांडू।** नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्पकमल दाहाल प्रचण्ड का एक साथ अमेरिका और चीन जाना तय हो गया है। प्रधानमंत्री प्रचंड 17-27 सितंबर के बीच न्यूयॉर्क में होने वाले कम विकसित देशों के संबोधन, न्यूयॉर्क में होने वाले संयुक्त राष्ट्र महासभा के सम्बोधन और फिर चीन में होने वाले एशियन गेम्स में हिस्सा लेने के लिए इन दोनों देशों के दौरे पर जाएंगे। विदेश मंत्री एनपी साउद ने बताया कि प्रचंड न्यूयार्क में 18-19 सितंबर में होने वाले सस्टेनेबल डेवलपमेंट गोल (एसडीजी) समिट में भाग लेने वाले हैं।

## दिल्ली प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष बने लवली

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव से कुछ महीने पहले गुरुवार को दिल्ली के अपने संगठन में बड़ा बदलाव करते हुए पूर्व मंत्री अरविंदर सिंह लवली को राज्य इकाई का नया अध्यक्ष नियुक्त किया। पार्टी के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने लवली को दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी का नया अध्यक्ष नियुक्त किया।

## जम्मू में फरार आठ आतंकवादी गिरफ्तार

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर की जांच एजेंसी और आपराधिक जांच विभाग के एक विशेष अभियान के दौरान लंबे समय से फरार आठ आतंकवादियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के एक अधिकारी ने गुरुवार को यह जानकारी दी। जम्मू-कश्मीर की जांच एजेंसी और आपराधिक जांच विभाग ने समाज में घुल-मिलकर रहने वाले अपराधियों और आतंकवादियों की तलाश शुरू कर दी है, जिसके मद्देनजर यह अभियान चलाया था।

## तेलंगाना में महिला इंजीनियर का शव मिला

**करीमनगर।** हैदराबाद में काम करने वाली 22 वर्षीय एक सॉफ्टवेयर इंजीनियर जगतियाल जिले के कोरुतलना कस्बे में स्थित घर में मृत मिली। वह हैदराबाद में एक बहुराष्ट्रीय कंपनी में काम करती थी और फिलहाल घर से काम कर रही थी। पुलिस ने कहा कि घर में शराब की कुछ बोतल मिली हैं और संदेह है कि लड़की के शव पर झगड़े के दौरान हुई खरोंच के निशान हैं।

# पाकिस्तान के सिंध प्रांत में सड़क पर उतरे हिंदू

एजेंसी

**कराची।** पाकिस्तान में हिंदुओं का जीवन गुलामों से भी बदतर हो गया है। सिंध प्रांत में जबरन धर्म परिवर्तन की घटनाएं बेहद आम हो गयी हैं। इससे गुस्साए हिंदुओं ने सड़क पर उतर कर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी सुरक्षा के साथ जीने की आजादी मांग रहे थे। पाकिस्तान के सिंध प्रांत के काशमोर जिले में बड़ी संख्या में हिंदू सड़क पर उतर आए।

इन हिंदुओं ने समुदाय के लोगों के अपहरण की बढ़ती घटनाओं का कड़ा विरोध किया। इनका कहना था कि इलाके में सक्रिय डकैतों ने कई हिंदुओं का अपहरण कर लिया है। प्रदर्शन कर रहे लोगों ने सभी लोगों को तत्काल रिहा कराने की मांग की। यही नहीं, प्रदर्शनकारी हिंदुओं ने सिंध की सरकार से मांग की कि वह उन्हें सुरक्षा मुहैया कराए। सिंध प्रांत में ही सबसे ज्यादा हिंदू रहते हैं। इनके मंदिरों पर अकसर हमले होते रहते हैं। हिंदुओं का जबरन धर्म परिवर्तन भी कराया जाता है। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि हिंदुओं की 12 से 13 वर्ष उम्र की लड़कियों को दिनदहाड़े अगवाकर उन्हें जबरन इस्लाम कबूल कराया जा रहा है। बाद में उनकी शादी बुजुर्ग मुसलमानों से करा दी जाती है। प्रदर्शन में शामिल लोगों के हाथों में बैनर मौजूद थे। उनका कहना था कि हिंदू लड़कियों व महिलाओं का जबरन धर्म परिवर्तन कराने के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। पीड़ितों को न्याय भी नहीं मिल रहा है। मानवाधिकार पर नजर रखने वाले एक संगठन की रिपोर्ट के अनुसार जबरन धर्मांतरण की शिकार बनने वालों में से 23 प्रतिशत लड़कियों की उम्र 14 वर्ष से कम थी। 36 प्रतिशत लड़कियां 14 से 18 वर्ष के बीच थीं। व्यस्कों की संख्या महज 12 प्रतिशत थी। 28 प्रतिशत की उम्र का तो पता ही नहीं है। जबरन मतांतरण के 65 प्रतिशत मामले तो सिंध प्रांत से ही सामने आए थे।

### मांगी सुरक्षा व जीने की आजादी



**नाबालिग हिंदू बच्चियों को दिनदहाड़े अगवाकर उन्हें जबरन कराया जा रहा है इस्लाम कबूल**

## पाक में बिजली का रेट 50 रुपये यूनिट के पार, प्रदर्शन करने वालों पर एफआइआर

### व्यापारियों ने कल से हड़ताल की दी चेतावनी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में लगातार बढ़ रही महंगाई के बाद अब बिजली के बिल ने लोगों को बेहाल कर दिया है। यहां बिजली का रेट 50 रुपये यूनिट के पार हो गया है। बिजली की बढ़ती दरों के खिलाफ इस्लामाबाद में लोग सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन करने लगे।

पाकिस्तानी मीडिया रिपोर्ट के अनुसार वहां बिजली की दर अब 50 रुपये के पार हो गई है। उधर आटा-दाल सहित अन्य जरूरी सामानों के दाम भी लगातार बढ़ रहे हैं। महंगाई से परेशान लोगों को जब बड़ा बिजली बिल मिले तो वे इसके खिलाफ सड़क पर उतर आए और प्रदर्शन करने लगे। जानकारी के मुताबिक पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के गोजरा में पुलिस ने बिजली बिल के खिलाफ प्रदर्शन करने वाले 158 लोगों के खिलाफ एफआइआर दर्ज कर ली है। बिजली बिल बढ़ने के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे लोगों ने गोजरा और टोबा टेक सिंह इंटरचेंट के बीच रास्ता रोक दिया था। सभी सरकार ने बिजली की रेट को कम करने की मांग कर रहे थे। उधर पाकिस्तान में व्यापारियों ने बढ़े बिजली बिल के खिलाफ 2 सितंबर को हड़ताल पर जाने का ऐलान कर दिया है। प्रदर्शन के दौरान लोगों ने बिजली के बिलों में आग लगा दी। राजनीतिक दल भी बढ़े हुए बिजली बिलों के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं, पीपीपी के नेताओं ने भी सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन किया। पाकिस्तान पुलिस ने कई धाराओं में प्रदर्शनकारियों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

# जोहानिसबर्ग में बहुमंजिला भवन में आग से 73 की मौत

## पांच मंजिला इमारत में रहते हैं प्रवासी, 52 झुलसे

- मरने वालों की संख्या बढ़ सकती है, झुलसे लोगों को अस्पताल में कराया गया भर्ती

एजेंसी

**जोहानिसबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका के सबसे बड़े शहर जोहानिसबर्ग में एक बहुमंजिला इमारत में आग लगने से कम से कम 73 लोगों की मौत हो गई और 52 अन्य झुलस गए। इस इमारत में प्रवासी लोग रहते थे। अधिकारियों ने कहा कि यह स्पष्ट नहीं है कि शहर के मध्य में स्थित पांच मंजिला इमारत में आग किस वजह से लगी। बड़ी संख्या में आपात और बचावकर्मी घटनास्थल पर हैं क्योंकि अब भी शव निकाले जा रहे हैं। जोहानिसबर्ग शहर की आपातकालीन सेवाओं के प्रवक्ता रॉबर्ट मुलौदजी ने कहा कि अग्निशमन विभाग को बुधवार देर रात लगभग 1:30 बजे डेल्वर्स एंड अल्बट्र्स मार्ग पर स्थित एक इमारत में आग लगने की सूचना मिली। मुलौदजी ने कहा कि हम आग बुझाने के क्रम में इमारत के अंदर मौजूद लोगों को बाहर निकालने में कामयाब रहे। उन्होंने कहा कि हादसे में घायल अधिकतर लोगों को मामूली चोटें आईं हैं।

उन्होंने कहा कि आग से पांच मंजिला इमारत नष्ट हो गई। प्रवक्ता ने कहा कि आग लगने के कारण बेघर हुए लोगों के रहने के लिए उचित इंतजाम किए जा रहे हैं। मुलौदजी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि 73 शव निकाले जा चुके हैं और 52 अन्य लोग झुलस गए हैं तथा खोज और बचाव अभियान अब भी जारी है। उन्होंने कहा कि आग पर काबू पा लिया गया है मृतकों में एक बच्चा भी शामिल है। मुलौदजी ने कहा कि मरने वालों की संख्या बढ़ सकती है। आग में झुलसे लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इमारत के नजदीक रहने वाले तंजानिया के एक नागरिक ने कहा कि इमारत के अंदर सैकड़ों की संख्या में लोग रहे होंगे। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की कई इमारतों में अधिकतर निवासी अफ्रीकी देशों के अवैध प्रवासी हैं जो नौकरियों की तलाश में दक्षिण अफ्रीका के आर्थिक केंद्र में आए थे।



## ब्रिटेन ने सात मिनट में लगने वाला कैंसर रोधी टीका किया जारी

**नयी दिल्ली।** ब्रिटेन की सार्वजनिक क्षेत्र की राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवा (एनएचएस) इंग्लैंड ने कैंसर का टीका जारी किया है जो इलाज के समय में तीन चौथाई की कमी ला सकता है। एनएचएस इंग्लैंड ने कहा कि टीका लगाने में महज सात मिनट लगते हैं और यह दुनिया में पहली ऐसी स्वास्थ्य प्रणाली है जो हर साल सैकड़ों कैंसर रोगियों के लिए सात मिनट में लगने वाले इंजेक्शन को जारी कर रही है। चिकित्सा और स्वास्थ्य देखभाल उत्पाद विनियामक एजेंसी एमएचआरए ने इस टीके को मंजूरी दे दी है। इसमें कहा गया है कि इस समय कैंसर रोगियों को इम्युनोथैरेपी एजेजोलिजुमाब दी जाती है जिसे देने में आधे घंटे से एक घंटे तक का समय लग सकता है। नया कैंसर रोधी टीका कम समय में दिया जा सकता है और रोगियों को होने वाली परेशानियों को कम कर सकता है। इससे एनएचएस टीमों का समय भी बचेगा।

## अक्टूबर में हिंदू विरासत माह मनायेगा जॉर्जिया

- हिंदू धर्म ने अमेरिका के सांस्कृतिक परिवेश में विशेष योगदान दिया है : गवर्नर

एजेंसी

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका के जॉर्जिया ने राज्य में हिंदू-अमेरिकी समुदाय के योगदान को सम्मान देते हुए अक्टूबर को आधिकारिक रूप से हिंदू विरासत माह घोषित किया है। गवर्नर ने इसकी जानकारी दी। गवर्नर ब्रायन कैंप ने एक आधिकारिक बयान जारी कर अक्टूबर को हिंदू विरासत माह के रूप में मनाने की घोषणा की। इसमें कहा गया कि हिंदू विरासत को उसकी संस्कृति और भारत में निहित विविध आध्यात्मिक परंपराओं को ध्यान में रखते हुये मनाया जाएगा। गवर्नर ने कहा कि हिंदू-अमेरिकी समुदाय ने जॉर्जिया के लोगों के जीवन को समृद्ध बनाकर राज्य की जीवन शक्ति में जबरदस्त योगदान दिया है। सीएचएनए (कॉयलेशन ऑफ हिंदूज ऑफ नॉर्थ अमेरिका) ने भी इस कदम का स्वागत किया और हिंदू समुदाय को सम्मान देने के लिए गवर्नर कैंप का आभार व्यक्त किया। समूह ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर लिखा कि यह हिंदूज ऑफ जॉर्जिया के हमारे दोस्तों के अथक समर्पण से संभव हुआ। हिंदू धर्म ने अमेरिका के सांस्कृतिक परिवेश में महती योगदान दिया है। इस साल की शुरूआत में, जॉर्जिया विधानसभा ने हिंदूफोबिया (हिंदू धर्म के प्रति पूर्वाग्रह) की निंदा करते हुए एक प्रस्ताव पारित किया था, जिसके साथ ही यह इस तरह का विधायी प्रस्ताव पारित करने वाला पहला अमेरिकी राज्य बना था। हिंदूफोबिया और हिंदू-विरोधी कट्टरता की निंदा करते हुए, प्रस्ताव में अमेरिकी समाज के सांस्कृतिक ताने-बाने को समृद्ध करने और लाखों लोगों के जीवन को बेहतर बनाने में हिंदू समुदाय के योग, आयुर्वेद, ध्यान, भोजन, संगीत और कला के योगदान का उल्लेख किया गया था।

## शाहरुख खान की फिल्म 'जवान' का ट्रेलर रिलीज



**मुंबई।** शाहरुख खान की फिल्म 7 सितंबर को हिंदी, तमिल और तेलुगु में सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म की एडवांस बुकिंग इस शुक्रवार से शुरू होगी। जवान का ट्रेलर एक्शन, एडवेंचर और दिल दहला देने वाले रोमांच से भरपूर है। जवान के एक्शन से भरपूर प्रीव्यू की पहली झलक से ही दर्शक अपनी सीटों पर खड़े होकर इस पल का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इसके गानों ने सभी को इस रोमांचक एक्शन फिल्म के अलग-अलग रंगों से रूबरू कराया है। अनगिनत प्रशंसकों की मांगों को पूरा करते हुए फिल्म का ट्रेलर ऑनलाइन रिलीज कर दिया गया है। यह ट्रेलर दर्शकों को जवान की विशाल दुनिया की एक और झलक देता है, जिससे इसकी रिलीज की उल्टी गिनती तेज हो जाती है, जो अब बस सिर्फ एक हफ्ता दूर है। जवान एटली द्वारा निर्देशित, गौरी खान द्वारा निर्मित और गौरव वर्मा द्वारा सह-निर्मित रेड चिलीज एंटरटेनमेंट प्रस्तुति है।

## मणिपुर : गोलीबारी में घायल दो की मौत

**इंफाल ।** मणिपुर में गोलीबारी की घटना में घायल हुए दो लोगों ने पिछले 12 घंटों के दौरान दम तोड़ दिया। इसके साथ ही बृहस्पतिवार सुबह बिष्णुपुर जिले के खोइरेंटक तलहटी और चुराचांदपुर जिले के चिंगफेई और खौसाबुंग इलाकों में दो समूहों के बीच भारी गोलीबारी की सूचना मिली है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों के मुताबिक, गोलीबारी की नई घटना बुधवार शाम से कुछ घंटों की शांति के बाद हुई। उन्होंने बताया कि बुधवार की इस हिंसा में घायल हुए एक व्यक्ति की मिजोरम के रास्ते गुवाहाटी ले जाते समय मौत हो गई। अधिकारियों ने बताया कि हिंसा में घायल हुए एक अन्य व्यक्ति की बृहस्पतिवार सुबह लगभग नौ बजे चुराचांदपुर जिले के अस्पताल में मौत हो गई। उन्होंने बताया कि चिंगफेई इलाके में बुधवार शाम हुई गोलीबारी में घायल हुए पांच लोगों में से तीन को चुराचांदपुर जिला अस्पताल लाया गया था।



**मुंबई के सिद्धि विनायक मंदिर में गुरुवार को पूजा करते बिहार के पूर्व सीएम लालू प्रसाद, तेजस्वी यादव व अन्य।**

# चंदामामा के आंगन में अठखेलियां कर रहा प्रज्ञान

### चंद्र क्षेत्र में गंधक की मौजूदगी की पुष्टि की



एजेंसी

**बेंगलुरु।** इसरो ने गुरुवार को चंद्रयान-3 मिशन की प्रगति की जानकारी देने के लिए मां-बच्चे के मनमोहक संदर्भ और चंद्रमा के लिए भारतीयों द्वारा आम तौर पर इस्तेमाल किए जाने वाले चंदामामा शब्द का इस्तेमाल किया। अंतरिक्ष एजेंसी ने यह उल्लेख ऐसे समय किया जब चंद्रयान-3 के रोवर प्रज्ञान द्वारा चांद की सतह पर लगातार एक के बाद एक खोज की जा रही हैं। इसरो ने कहा कि चंद्रयान-3 मिशन के रोवर प्रज्ञान पर लगे एक अन्य उपकरण ने भी एक अलग तकनीक का उपयोग करके चंद्र क्षेत्र में गंधक की मौजूदगी की पुष्टि की है। इसरो ने सुरक्षित रास्ते की तलाश में घूमते रोवर का वीडियो जारी किया। इस घूर्णन प्रक्रिया का वीडियो लैंडर इमेजर कैमरे ने बनाया। इसरो ने लिखा कि सुरक्षित रास्ते की तलाश में रोवर घूमा। इसकी घूर्णन प्रक्रिया का वीडियो लैंडर इमेजर कैमरे ने बनाया। आज ऐसा महसूस होता है मानो एक नन्हा शिशु, चंदामामा के आंगन में अठखेलियां कर रहा है, जबकि माँ स्नेहपूर्वक उसे निहार रही है। है ना? अंतरिक्ष एजेंसी ने एक वीडियो जारी किया जिसमें 18 सेमी लंबे एपीएक्सएस को घुमाते हुए एक स्वचालित तंत्र दिखता है, जो डिटेक्टर हेड को चंद्र सतह के करीब पांच सेंटीमीटर की दूरी पर संरेखित करता है। छब्बीस किलोग्राम वजनी, छह पहियों वाला, सौर ऊर्जा से संचालित प्रज्ञान रोवर अपने वैज्ञानिक उपकरणों का उपयोग करके यह पता लगाने का काम कर रहा है कि दक्षिणी ध्रुवीय क्षेत्र में चंद्रमा की मिट्टी और चट्टानें किस चीज से बनी हैं। इसरो ने कहा कि एपीएक्सएस उपकरण चंद्रमा जैसे कम वायुमंडल वाले ग्रहीय पिंडों की सतह पर मिट्टी और चट्टानों की मौलिक संरचना के वास्तविक विश्लेषण के लिए सबसे उपयुक्त है। इसमें रेडियोधर्मी स्रोत होते हैं जो सतह के नमूने पर अल्फा कण और एक्स-रे उत्सर्जित करते हैं। नमूने में मौजूद परमाणु बदले में मौजूद तत्वों के अनुरूप विशिष्ट एक्स-रे रेखाएं उत्सर्जित करते हैं। इन विशिष्ट एक्स-रे की ऊर्जा और तीव्रता को मापकर, अनुसंधानकर्ता मौजूद तत्वों और उनकी प्रचुरता का पता लगा सकते हैं। एपीएक्सएस के अवलोकनों ने एल्युमीनियम, सिलिकॉन, कैल्शियम और लौह जैसे प्रमुख अपेक्षित तत्वों के अलावा, गंधक समेतछोटे तत्वों की मौजूदगी की खोज की है। रोवर पर लगा लेजर स्पेक्ट्रोस्कोप उपकरण पहले ही चंद्र सतह पर गंधक की मौजूदगी की पुष्टि कर चुका है।

### छोटे तत्वों का भी लगाया पता

राष्ट्रीय अंतरिक्ष एजेंसी ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि ह्यअल्फा पार्टिकल एक्स-रे स्पेक्ट्रोस्कोप (एपीएक्सएस) नामक उपकरण ने चंद्रमा पर गंधक के साथ-साथ अन्य छोटे तत्वों का भी पता लगाया है। पोस्ट में कहा गया कि चंद्रयान-3 की यह खोज वैज्ञानिकों को क्षेत्र में गंधक के स्रोत के लिए नए स्पष्टीकरण विकसित करने के लिए विवश करती है : आंतरिक, ज्वालामुखीय, उल्कापिंड।

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !




>> शराब पर बढ़ता खर्च और नुकसान

# नशा को ना कहने का वक्त



**डॉ मानसी जैन**

ग्रामीण इलाके में स्वास्थ्य के मुकाबले शराब और तंबाकू पर तीन गुनी ज्यादा रकम खर्च कर रहे हैं। एक ताजा सर्वेक्षण रिपोर्ट में यह बात सामने आई है।

देश में बोलचाल की भाषा में कई ऐसे युग्म शब्दों का इस्तेमाल होता है जिनमें दूसरा शब्द भी मूल रूप से पहले शब्द का ही पर्याय होता है। चाय-वाय, नाश्ता-वास्ता और खान-पान समेत ऐसे सैकड़ों शब्दों का रोजाना धड़ल्ले से इस्तेमाल होता है। ऐसा ही एक शब्द है दवा-दारू जिसका इस्तेमाल चोटों और बीमारियों से इलाज के संदर्भ में होता है। लेकिन लगता है देश के ग्रामीण इलाकों के लोग इन दोनों का संधिविच्छेद कर दूसरे शब्द यानी दारू को उसके शाब्दिक अर्थ में ही ले रहे हैं। यही वजह है कि ग्रामीण इलाके में स्वास्थ्य के मुकाबले शराब और तंबाकू पर तीन गुनी ज्यादा रकम खर्च कर रहे हैं। एक ताजा सर्वेक्षण रिपोर्ट में यह बात सामने आई है।

## रिपोर्ट पर एक नजर

प्राथमिक शोध और आंकड़ों का विश्लेषण करने वाली कंपनी क्रोम डाटा एनालिसिस एंड मीडिया (क्रोम जीएम) की ओर से ग्रामीण जीवनशैली पर किए गए सर्वेक्षण की रिपोर्ट में कहा गया है कि देश के ग्रामीण इलाकों में लोग हर महीने 140 रुपये शराब पर खर्च करते हैं और 196 रुपये तंबाकू पर। लेकिन स्वास्थ्य सुविधाओं पर यह खर्च महज 56 रुपये है। इसके अलावा औसत परिवार हर महीने उपभोक्ता सामग्री पर पांच सौ रुपये खर्च करता है। दवाओं समेत दूसरी वस्तुओं पर उसका मासिक खर्च महज 196 रुपये है। इसमें कहा गया है कि शहरों के मुकाबले ग्रामीण इलाकों में त्वचा की देख-रेख और सौंदर्य प्रसाधन सामग्री पर बहुत मामूली खर्च (हर महीने 36 रुपये) होता है।

## युवाओं की समस्या

**सवाल:** मेरे कॉलेज के कई दोस्त हॉस्टल में सिगरेट, शराब और अन्य नशीले पदार्थों का सेवन करते हैं। और मेरे दोस्त अक्सर मुझे इसे लेने के लिए मजबूर करते हैं। मुझे डर है कि मैं मजबूरी में इसका इस्तेमाल करना शुरू कर दूंगा। **जबाव सुश्री मानसी जैन**

मुझे खुशी है कि अब तक आपने हानिकारक पदार्थों के उपयोग के लिए साथियों के दबाव के आगे घुटने नहीं टेके हैं। जब चारों ओर हर कोई अलग हो रहा हो तो अपने निर्णय पर कायम रहना साहस और बुद्धिमत्ता का प्रतीक है। साथ ही, मैं पूरी तरह से समझता हूं कि अगर वे आप पर ऐसे पदार्थ लेने के लिए दबाव डालते रहेंगे तो यह इतना आसान नहीं होगा। लेकिन याद रखें 'नहीं' कहना बिल्कुल सही है। हर कोई जो कर रहा है वह सही नहीं है। आप जिस पर विश्वास करते हैं उस पर कायम रहें और इस बात की चिंता न करें कि दूसरे आपके बारे में क्या सोचते हैं। आप अपने दोस्तों से भी चर्चा कर सकते हैं कि आप विशिष्ट कारणों से ऐसे पदार्थों से दूर रहना चाहते हैं। सच्चे दोस्त, जो आपकी भलाई के बारे में सोचते हैं, आप पर दबाव नहीं डालेंगे। और यदि आपके साथी आप पर दबाव बनाना जारी रखते हैं, तो आपको उनके साथ बहुत अधिक समय बिताने पर पुनर्विचार करना पड़ सकता है। यदि स्थिति नियंत्रण से बाहर हो जाए तो आप इससे निपटने के लिए छात्रावास अधिकारियों से भी सहायता ले सकते हैं। जब आप नहीं कहते हैं तो सुसंगत और दृढ़ रहने में मदद मिलेगी। जब वे किसी पार्टी, देर रात आदि जैसे पदार्थों का उपयोग करते हैं तो उनसे मिलने से बचें। मेलजोल के लिए दोस्तों या समूह का एक अलग समूह रखने पर पुनर्विचार करें। ऐसे शौक विकसित करें जो आपको व्यस्त रखें। इन स्थितियों में अन्य मित्रों के साथ प्रवेश करें जो इन पदार्थों का उपयोग नहीं करते हैं, ताकि आपको अपने निर्णय का समर्थन प्राप्त हो और आप अकेले स्थिति को नहीं संभाल रहे हों। यह संभव है कि जब आप मादक द्रव्य न लेने के अपने निर्णय पर दृढ़ रहते हैं, तो कुछ अन्य लोग भी इसे छोड़ने के लिए प्रेरित हो सकते हैं। आप सही रास्ते पर हैं. देर रात आदि सामाजिक मेलजोल के लिए दोस्तों या समूह का एक अलग समूह रखने पर पुनर्विचार करें।

रिपोर्ट के मुताबिक, ग्रामीण इलाकों में रहने वाले लोग खाद्य सामग्री में दूध खरीदने पर बहुत कम खर्च करते हैं। वह लोग ज्यादातर इसके लिए अपने पशुओं पर ही निर्भर हैं। क्रोम डीएम के प्रबंध निदेशक पंकज कृष्ण कहते हैं, ग्रामीण इलाकों में स्वास्थ्य सुविधाओं पर खर्च कम होने की एक प्रमुख वजह यह है कि वहां लोग अब भी एलोपैथिक दवाओं की बजाय इलाज के लिए घरेलू व प्राकृतिक उपायों को ही तरजीह देते हैं।

उक्त सर्वेक्षण 19 राज्यों में फैले 50 हजार गांवों में किया गया। इसमें कहा गया है कि उन इलाकों के महज एक फीसदी परिवार साल में सौंदर्य प्रसाधन सामग्री पर एकत हजार या उससे ज्यादा रकम खर्च करते हैं जबकि 63 फीसदी लोगों के मामले में यह खर्च चार सौ रुपए से भी कम है।

कृष्णा कहते हैं कि ग्रामीण इलाकों में सौंदर्य प्रसाधन सामग्री अब भी लक्जरी की श्रेणी में आते हैं। आय कम होने की वजह से सबसे ज्यादा कटौती इसी में की जाती है। इसके अलावा उन इलाकों में ब्रांडेड कंपनियों के उत्पाद भी उपलब्ध नहीं होते है।

वैसे कुछ महीने पहले सौंदर्य प्रसाधन के इस्मेतामल के बारे में हुए एक अन्य सर्वेक्षण से यह बात सामने आई थी कि शहरी इलाकों में औसत तबके के लोग इस पर हर महीने 150 रुपये खर्च करते हैं।

## तंबाकू उत्पादों में खतरनाक तत्व



### निकोटीन

तंबाकू उत्पादों में निकोटीन की लत सबसे आसानी से लगती है। स्मोकिंग करने पर सिगरेट का निकोटीन तेजी से फेफड़ों से होता हुआ दिमाग तक पहुंचता है। अमेरिकी रिसर्च के मुताबिक स्मोकिंग को आजमाने वाले दो तिहाई लोग अंततः सिगरेट के लती हो जाते हैं।

### कोकेन

कोकेन दिमाग में डोपामीन हार्मोन के काम में बाधा डालता है, जिससे एक न्यूरॉन से दूसरे न्यूरॉन तक संदेश पहुंचने में गड़बड़ होती है। जानवरों पर हुई रिसर्च के मुताबिक शरीर में कोकेन जाने पर डोपामीन का स्तर सामान्य से तीन गुना बढ. जाता है। कोकेन के क्रिस्टल कोकेन के पाउडर से ज्यादा लती बनाने वाले होते हैं।

### शराब

शराब के दिमाग पर कई तरह के असर होते हैं. शराब दिमाग में डोपामीन के असर को 40 से 360 फीसदी तक बढा सकती है। अमेरिका में शराब को एक बार चखकर देखने वालों में से 22 फीसदी जीवन के किसी मोड़ पर शराब पर निर्भर पाए गए।

### हेरोइन

हेरोइन दिमाग में डोपामीन के स्तर को 200 फीसदी तक बढा देती है। गंभीर लत के अलावा इसके भयानक खतरे भी हैं, इसकी ज्यादा मात्रा जान भी ले सकती है। दुर्भाग्यवश हेरोइन नशा करने वालों के बीच खासी लोकप्रिय है।

### नींद की दवाइयां

पारंपरिक तौर पर इनका इस्तेमाल व्यग्रता और नींद ना आने की समस्या से निपटने के लिए किया जाता था। यह दवा दिमाग के कुछ हिस्से को कुछ समय के लिए निष्क्रिय कर देती है। ज्यादा खुराक जान तक ले सकती है। खासकर अगर इसे शराब के साथ लिया जाता है।

## क्या लत एक मानसिक बीमारी है?

**सुश्री मानसी जैन**




**किसी** भी प्रकार की लत (मादक द्रव्यों का सेवन या व्यवहार संबंधी लत) को मानसिक बीमारी के रूप में वगीर्कृत किया गया है। नेशनल इंस्टीट्यूट ऑन ड्रग एब्यूज (एनआईडीए) के अनुसार, जो नशीली दवाओं के उपयोग पर वैज्ञानिक अनुसंधान का समर्थन करने वाला एक संयुक्त राज्य संघीय सरकार अनुसंधान संस्थान है, व्यसनों को मानसिक विकार/बीमारी के रूप में वगीर्कृत करता है। यहां तक कि मानसिक विकारों के निदान और सांख्यिकीय मैनुअल (डीएसएम), जो सभी मानसिक विकारों के लिए मानदंडों को रेखांकित करता है, में नशीली दवाओं के दुरुपयोग और नशीली दवाओं पर निर्भरता के मानदंड भी शामिल हैं। तथ्य यह है कि लत एक मानसिक बीमारी है, इसका मतलब यह है कि यह उस व्यक्ति की नैतिक विफलता या इच्छा शक्ति की कमी नहीं है जिसे इसकी लत है। मादक द्रव्यों के सेवन से मस्तिष्क की संरचना और कार्य में इस तरह से परिवर्तन होता है कि इससे नशीली दवाओं के प्रति अधिक इच्छा होती है और व्यक्ति अपनी इच्छा शक्ति का उपयोग करके बार-बार छोड़ने के प्रयासों के बावजूद इसे छोड़ने में सक्षम नहीं होता है। व्यक्ति की सीखने, याद रखने, तर्क करने और निर्णय लेने की क्षमता से समझौता हो जाता है। कई बार, व्यसन अवसाद जैसी अन्य मानसिक बीमारियों के साथ भी सह-अस्तित्व में होते हैं। इसीलिए, व्यसनों का उपचार एक विशिष्ट उपचार प्रोटोकॉल का पालन करता है जिसमें चिकित्सा, मनोवैज्ञानिक और सामाजिक सहायता शामिल है। यदि आप किसी ऐसे व्यक्ति को जानते हैं जो नशे की लत का शिकार है, तो इसके लिए उन्हें दोष न दें, बल्कि इसे दूर करने के लिए सही चिकित्सा सहायता प्राप्त करने में उनकी मदद करें। व्यसनों का उपचार एक विशिष्ट उपचार प्रोटोकॉल का पालन करता है जिसमें चिकित्सा, मनोवैज्ञानिक और सामाजिक सहायता शामिल है।

## नशा के कारण होने वाले कैंसर



कैंसर एक ऐसी बीमारी है जो शरीर के किसी भी हिस्से को प्रभावित कर सकती है. आपको जान कर हैरानी होगी कि कैंसर की 200 से भी ज्यादा किस्में हैं. इनमें से इन सात की वजह शराब को पाया गया है।

### लिवर कैंसर

यह कोई नई बात नहीं है कि शराब पीने से लिवर खराब होता है. लेकिन कम ही लोगों को अहसास होता है कि यह कैंसर की भी शक्ल ले सकता है।

### मुंह का कैंसर

सिगरेट और तंबाकू के पैकेट पर मुंह के कैंसर की तस्वीरें बनी होती हैं ताकि खरीदने वाले को चेतावनी मिले. हालांकि शराब के साथ अब तक ऐसा नहीं किया गया है।

### गले का कैंसर

शोध दिखाता है कि जो लोग हर रोज शराब का सेवन करते हैं उनके मुंह के साथ साथ गले में भी कैंसर होने की संभावना अन्य लोगों से ज्यादा होती है।

### खाने की नली का कैंसर

कहना गलत नहीं होगा कि शराब शरीर में जहां जहां जाती है नुकसान पहुंचाती है, खास कर अगर उसमें अल्कोहल की मात्रा बहुत ज्यादा हो। डॉक्टर हर रोज सिर्फ एक वाइन का ग्लास पीने की ही सलाह देते हैं।

### बड़ी आंत का कैंसर

यदि आप शराब के साथ साथ सिगरेट भी खूब पीते हैं, मांस भी खाते हैं और साथ ही आपका वजन भी जरूरत से ज्यादा है, तो आपको इस तरह के कैंसर का खतरा ज्यादा है।

### छोटी आंत का कैंसर

पुरुषों को इस तरह के कैंसर का खतरा महिलाओं की तुलना में अधिक होता है। यदि मूत्र में खून दिखे, तो डॉक्टरी जांच जरूर कराएं।

### स्तन कैंसर

कसरत की कमी, मोटापा और शराब का अत्यधिक सेवन स्तन कैंसर का कारण बन सकते हैं। महिलाओं को इसका खतरा ज्यादा होता है लेकिन ऐसा नहीं है कि पुरुषों को यह नहीं होता।

### सबसे खतरनाक

सिर्फ शराब ही कैंसर का कारण नहीं बनती, इसमें आपकी जीवनशैली की और भी बहुत सी चीजें शामिल होती हैं। आठ सबसे खतरनाक कैंसर के बारे में जानने के लिए ऊपर दिए गए



# सुप्रीम कोर्ट ने नेशनल हाइवे के किनारे शराब बिक्री पर लगा रखी है रोक

■ सुप्रीम कोर्ट ने हाइवे किनारे चलने वाले ठेकों पर पाबंदी लगा दी है। 31 मार्च, 2017 के बाद इन ठेकों के लाइसेंस रिन्यू नहीं किए जाएंगे।

■ इन हादसों को रोकने को लेकर जागरुकता पैदा करने वाले लोग लंबे वक्त से हाइवे किनारे बनीं शराब की दुकानें बंद करने की मांग कर रहे थे।

### सुप्रीम कोर्ट ने हाइवे पर शराब बिक्री को किया बैन

■ क्या भारत में सड़क हादसों को कम किया जा सकता है?

■ उम्मीद जताई जा रही है कि इस फैस़ले से हाइवे पर होने वाले सड़क हादसों और उनमें मारे जाने वाले लोगों की संख्या में कमी आएगी।

■ हर साल लाखों की जान लेते हैं सड़क हादसे

■ कुछ महीने पहले सड़क परिवहन मंत्रालय की ओर से जारी 'रोड एक्सिडेंट्स इन इंडिया 2015' रपट जारी की थी, जिसके आंकड़े होश उड़ाने के लिए काफी हैं।

■ इस रिपोर्ट के मुताबिक साल 2015 में सड़क हादसों की संख्या 2014 की तुलना में 2.5 फीसदी बढक़र पांच लाख का आंकड़ा पार कर गई।

■ रिपोर्ट के अनुसार सड़क हादसों की सबसे बड़ी वजह ड्राइवरों की गलती है।

■ 2015 में हर दस में से आठ हादसे ड्राइवर की गलती की वजह से हुए और 62 फीसदी मामलों में इसका कारण ओवरस्पीडिंग था।

### ड्राइवर की गलती और शराब

■ जाहिर है ओवरस्पीडिंग के मामले में कई बार वजह शराब का सेवन निकलती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक शराब पीने का ड्राइविंग पर गहरा असर पड़ता है।

■ नशे की वजह से अलर्टनेस का स्तर काफी गिर जाता है और मांसपेशियों की प्रतिक्रिया में कहीं ज़्यादा वक़्त लगता है। इसके अलावा शराब आंखों की रोशनी पर भी गहरा असर डालती है।

■ साल 2015 में भारत में हादसों में कऱीब डेढ. लाख लोग मारे गए, जबकि पांच लाख से अधिक जख़्मी हुए. आंकड़े बताते हैं कि प्रति 100 हादसों में मरने वाले लोगों की दर 29.5 है।

■ सड़क हादसों का शिकार होने वाले लोगों में सबसे बड़ी संख्या नौजवानों की है। दुर्घटनाओं में मारे गए लोगों में से 54.1 फीसदी 15-34 आयु वर्ग से हैं।

■ आंकड़ों की तह में जाएं तो पता चलता है कि पिछले साल हर रोज। 1374 हादसे हुए, जिनमें हर दिन 400 कीमती जानें चली गईं, यानी हर घंटे 57 हादसे और 17 लोगों की मौत। ये आंकड़ा वाकई डरावना है।

### जान के अलावा रकम का नुकसान

■ तमिलनाडु, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, कर्नाटक, केरल और उत्तर प्रदेश में 80 फीसदी से ज़्यादा सड़क हादसे और मौतें होती हैं।

■ इस समस्या को लेकर काम कर रहे सेव लाइफ. फाउंडेशन के मुताबिक भारत को हर साल इन हादसों की वजह से 4.07 लाख करोड़ की चपत लगती है।

■ ऐसे में संभावना है कि हाइवे किनारे बने हजारों-लाखों ठेकों पर रोक लगने से कीमती जानें बचाई जा सकेंगी और साथ ही देश की जेब को लगने वाली चपत पर भी असर होगा।